आर.एन.आई. नं. 013178/68, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

नं.1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 59 अंक 59 | उज्जैन, सोमवार 16 मार्च, 2026 | चैत्र कृष्ण 12 संवत् 2082 | पृष्ठ-12 मूल्य-5.00 | www.awantika.com

## देश विदेश

### पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने रविवार को असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। तमिलनाडु में सिंगल फेज में 23 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। वहीं, बंगाल में दो फेज 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। तीन राज्य केरल, असम और पुडुचेरी में सिंगल फेज यानी 9 अप्रैल को मतदान। पांचों राज्यों का रिजल्ट 4 मई को आएगा। इसके साथ इन राज्यों में आचार संहिता लागू हो गई है। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि पांच राज्यों- यूटी में 17.4 करोड़ मतदाता और 824 सीटें हैं। 2021 में इन सभी पांच राज्यों के चुनाव का ऐलान 26 फरवरी को किया गया था। पिछली बार बंगाल में 8 चरणों में चुनाव हुए थे।

### एपस्टीन गैंग 9/11 जैसे हमले की साजिश रच रही - ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। ईरान के सीनियर अधिकारी अली लरिजानी ने दावा किया है कि जेफ्री एपस्टीन से जुड़े कुछ लोग 2001 के 9/11 (वर्ल्ड ट्रेड सेंटर) जैसा हमला करवाने की साजिश रच रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका आरोप ईरान पर डालने की कोशिश की जा सकती है। ईरान ऐसे किसी आतंकी हमले का समर्थन नहीं करता और उसका अमेरिकी जनता से कोई युद्ध नहीं है। बता दें कि जेफ्री एपस्टीन एक यौन अपराधी था, जिसने 2019 में जेल में आत्महत्या कर ली थी। उस पर नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण के आरोप थे। अमेरिका के जस्टिस डिपार्टमेंट ने बीते कुछ महीने में एपस्टीन से जुड़ी कई फाइलें सार्वजनिक की हैं। इनमें राष्ट्रपति ट्रम्प समेत दुनिया भर के कई हाई प्रोफाइल लोगों के नाम हैं।

### फिल्म 'धुरंधर 2' ने रिलीज से पहले कमाए 27.13 करोड़



**पेड प्रीव्यू शो में 5.38 लाख टिकट बिके बाहुबली 2 और स्त्री 2 को पीछे छोड़ा**

**मुंबई।** डायरेक्टर आदित्य धर और एक्टर रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधरः द रिवेंज यानी धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले ही पेड प्रीव्यू में रिकॉर्ड बना दिया। धुरंधर 2 ने रिलीज से पहले पेड प्रीव्यू के जरिए करीब 27.13 करोड़ की कमाई की है। फिल्म ने दे कॉल हिम ओजी (23 करोड़) और बाहुबली 2 (22 करोड़) को पीछे छोड़ दिया। यह कलेक्शन स्त्री 2 के 8.5 करोड़ के मुकाबले लगभग तीन गुना है। आमतौर पर मेकर्स फिल्म के रिलीज से पहले दर्शकों की प्रतिक्रिया जानने के लिए कुछ चुनिंदा पेड प्रीव्यू शो रखते हैं। 19 मार्च को धुरंधर 2 रिलीज होगी। इससे पहले 18 मार्च को देशभर में 9550 पेड प्रीव्यू शो रखे गए हैं। इसकी 5.38 लाख टिकटें बिक चुकी हैं। मुंबई में एक टिकट की कीमत 3100 रुपए तक रही, जबकि दिल्ली में 2400 रुपए रही। इस तरह फिल्म रिलीज से पहले ही भारत में 27.13 करोड़ कमा चुकी है। यदि पहले से ब्लॉक की गई टिकटों को जोड़ लें तो कमाई 31.9 करोड़ तक पहुंच जाएगी। दुनियाभर में बुक हुए पेड प्रीव्यू शो की कमाई देखें तो यह 60 करोड़ तक पहुंचती है। अमेरिका में 690 स्थानों पर 1765 शो रखे गए हैं। इनके 67 हजार टिकट बुक हो चुके हैं। पूरे उत्तरी अमेरिका में कमाई 13.1 लाख डॉलर (12.12 करोड़) हो चुकी है। फिल्म क्रिटिक तरण आदर्श के मुताबिक धुरंधर 2 हिंदी फिल्म इतिहास का नया बेंचमार्क गढ़ने जा रही है। रिलीज के पहले दिन 19 मार्च को फिल्म 200 करोड़ की वैश्विक कमाई कर सकती है। बता दें कि धुरंधर 2 में रणवीर सिंह के अलावा अर्जुन रामपाल, संजय दत्त और आर. माधवन भी नजर आएंगे।

### उरी में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, एक आतंकी ढेर

**पुंछ/उरी।** कश्मीर के बारामूला जिले के उरी सेक्टर में 'ऑपरेशन डिग्गी-2' के दौरान एक पाकिस्तानी आतंकवादी मारा गया। यह कार्रवाई तब हुई जब भारतीय सेना के जवानों ने नियंत्रण रेखा यानी एलओसी के पास कुछ हलचल देखी। इसके बाद सेना और जम्मू-कश्मीर पुलिस के जॉइंट ऑपरेशन चलाया। 14-15 मार्च की रात बुछार इलाके में घुसपैठ कर रहे आतंकी ने फायरिंग शुरू कर दी। इसमें आतंकी मारा गया। सेना ने आतंकी के पास से हथियार बरामद किए हैं, जिसमें एक एके राइफल, पिस्तौल और गोला-बारूद शामिल हैं। ऑपरेशन फिलहाल जारी है। वहीं, शनिवार को पुंछ में जारी 'ऑपरेशन शेरीकलां' के तहत एक जूनियर कमीशंड ऑफिसर शहीद हो गया।

### पश्चिम बंगाल में पुजारियों मुअज्जिनों का मानदेय 500 बढ़ा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की घोषणा से सवा घंटे पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुजारियों और मुअज्जिनों (अजान के लिए आवाज देने वाला) के मानदेय में 500 की बढ़ोतरी की है। इन्हें अब हर महीने 2 हजार रुपए मिलेंगे। सीएम ममता ने रविवार दोपहर एक्स पोस्ट में लिखा- पुजारी और मुअज्जिन समुदायों के आध्यात्मिक और सामाजिक जीवन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। सरकार ने मानदेय योजना के तहत पुजारियों और मुअज्जिनों के सभी नए आवेदनों को भी मंजूरी दे दी है। ममता ने लिखा कि हम ऐसा माहौल बनाने पर गर्व करते हैं, जहां हर समुदाय और परम्परा को महत्व दिया जाता है और मजबूत किया जाता है। हमारा प्रयास है कि हमारी समृद्ध आध्यात्मिक विरासत के संरक्षकों को उचित सम्मान और समर्थन मिले।

---

### प्रदेश सरकार ने सिविल सेवा नियमों में अहम बदलाव किया

## विभागीय जांच प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय

**लंबित रखकर अब ज्यादा समय तक नहीं धका सकेंगे मामले को**

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार ने सिविल सेवा नियमों में अहम बदलाव करते हुए सरकारी कर्मचारियों के खिलाफ होने वाली विभागीय जांच प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल बनाने का निर्णय लिया है। राज्यपाल के आदेश पर सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार अब जांच में कर्मचारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए भी पेश हो सकेंगे।

इसके साथ ही नोटिस और आदेश अब ई-मेल के जरिए भेजे जा सकेंगे, जो कानूनी रूप से मान्य होंगे। विभागीय जांच की समस्त कार्यवाही ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संचालित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इससे जांच प्रक्रिया तेज, पारदर्शी और कागजरहित बनेगी।

- मध्यप्रदेश राजपत्र ( असाधारण ) प्राधिकार से 9 मार्च 2026 - फाल्गुन 18, शक 1947 प्रकाशित किया जा चुका है। सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुए, मध्यप्रदेश के राज्यपाल, एतद द्वारा मध्यप्रदेश सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम, 1966 में निम्नलिखित और संशोधन किया है। जांच प्राधिकारी शासकीय सेवक को वीडियो - कान्फ्रेंस के माध्यम से उपसंजात होने की अनुमति दे सकेगा।



- प्रत्येक आदेश, सूचना (नोटिस ) तथा अन्य आदेशिका की तामील संबंधित शासकीय सेवक को व्यक्तिशः पंजीकृत डाक या स्पीड पोस्ट द्वारा; शासकीय सेवक के आधिकारिक मेल आईडी पर भेजे गए ई-मेल द्वारा दी जा सकेगी। विभागीय जांच अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही के लिए इलेक्ट्रॉनिक प्रक्रिया की विधिमान्यता किसी विशेष विभाग या वर्ग के शासकीय कर्मचारियों के संबंध में विभागीय जांच अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही से संबंधित सभी प्रक्रियाएं विभागीय पोर्टल के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से संचालित की जाएगी।

---

### वित्तीय अनियमितता को लेकर

## भोपाल निगम सेंट्रल वर्कशॉप में छापा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ भोपाल

भोपाल नगर निगम में रविवार सुबह 9 बजे लोकायुक्त की टीम ने सेंट्रल वर्क शॉप माता मंदिर के पास स्थित नगर निगम के ऑफिस में छापा मारा। टीम की छापा मार कार्रवाई अभी भी जारी है।

दरअसल, बिना काम कराए फर्जी बिलों के जरिए करोड़ों रुपए निकालने के मामले में लोकायुक्त पुलिस ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई की थी। इसी कार्रवाई के दौरान टीम को बड़े पैमाने पर सेंट्रल वर्कशॉप नगर निगम में वित्तीय अनियमितताएं किए जाने के सबूत मिले थे। जिसके आधार पर रविवार को यह कार्रवाई की जा रही है। यहां निगम की गाड़ियों से जुड़े मैकेनिकल काम होते हैं। निगम के डाटा सेंटर फतेहगढ़ से पुलिस ने शुक्रवार को कार्रवाई करते हुए करीब 10 साल के दस्तावेज और सर्वर डाटा जब्त कर लिया था। अब लोकायुक्त की टीम सेंट्रल वर्कशॉप स्थित ऑफिस से दस्तावेजों की जांच कर रही है। साथ ही जिम्मेदार सहित वहां मौजूद कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है।

**अपर आयुक्त के खिलाफ दर्ज की थी एफआईआर**

निगम में फर्जी भुगतान की शिकायत नवंबर 2025 में लोकायुक्त को मिली थी। प्रारंभिक जांच में तथ्य सही पाए जाने पर 11 मार्च को अपर आयुक्त गुणवंत सेवतकर के खिलाफ भ्रष्टाचार, आपराधिक षड्यंत्र और कूटरचित दस्ताजों के आधार पर धोखाधड़ी की धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई है। इसके बाद कोर्ट से सर्च वारंट लेकर छापेमारी की गई।

---

### नेपाल में भारतीय तीर्थयात्रियों की बस खाई में गिरी

## 7 लोगों की मौत, 7 घायल

एजेंसी ▶▶ काठमांडू

नेपाल के गंडकी प्रांत के गोरखा जिले में शनिवार रात भारतीय तीर्थयात्रियों से भरी एक बस खाई में गिर गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 7 घायल हैं। यात्री मनकामना मंदिर से दर्शन कर लौट रहे थे।

पुलिस के मुताबिक, श्रद्धालुओं को लेकर जा रही एक माइक्रोबस मनकामना मंदिर से लौट रही थी, तभी सड़क से फिसलकर 200 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में घायल 7 यात्रियों को भरतपुर स्थित चितवन मेडिकल कॉलेज में इलाज के लिए भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बस में एक दर्जन से ज्यादा यात्री सवार थे।

प्रशासन के अनुसार बस मनाकामना मंदिर से तनहुन जिले के अंबुखैरेनी इलाके की ओर जा रही थी। घटना के बाद देर रात तक रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा। पुलिस ने बताया कि हादसे की दूसरे वजहों की भी जांच की जा रही है।

**हादसे में बस का ड्राइवर सुरक्षित, सहायक घायल-** गोरखा जिला ट्रैफिक पुलिस कार्यालय के प्रमुख सूरज अर्याल ने बताया कि मृतकों में दो महिलाएं और पांच पुरुष शामिल हैं। सभी भारतीय नागरिक थे। जिला पुलिस प्रमुख भरत बहादुर बीके के अनुसार मृतकों की पहचान मुथु कुमार (58), अनामालिक (58), मीनाक्षी (59), शिवगामी (53), विजयल (57), मीना (58) और तमिलरसी (60) के रूप में हुई है। हिमालयन टाइम्स के मुताबिक, इलेक्ट्रिक बस का ड्राइवर सुरक्षित बच गया, जबकि उसका सहायक इस हादसे में घायल हुआ है।



**सड़क दुर्घटनाओं से नेपाल में नुकसान तीन गुना बढ़ा**

विश्व बैंक की एक स्टडी के मुताबिक नेपाल में सड़क दुर्घटनाओं से होने वाला आर्थिक नुकसान 2007 के बाद तीन गुना बढ़ चुका है और अब यह देश के सकल राष्ट्रीय उत्पाद का लगभग 1.5% है। विश्व बैंक के अनुसार नेपाल में सड़क हादसों में मरने वालों में 70% से ज्यादा पैदल यात्री, साइकिल सवार और मोटरसाइकिल चालक जैसे संवेदनशील रोड यूजर होते हैं। इससे पहले नेपाल के धादिंग जिले में 23 फरवरी को एक पर्यटक बस 200 मीटर गहरी खाई में गिर गई थी। हादसे में 19 लोगों की मौत हो गई, जबकि 25 लोग घायल हुए थे। बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी और उसमें 44 लोग सवार थे।

---

### लॉरेंस गैंग की बादशाह को गोली मारने की धमकी



एजेंसी ▶▶ पानीपत

हरियाणा के पानीपत में शनिवार को असंध रोड स्थित मनी एक्सचेंज सेंटर पर बदमाशों ने फायरिंग की। घटना के बाद रणदीप मलिक के नाम से एक सोशल मीडिया पोस्ट सामने आई, जिसमें फायरिंग की जिम्मेदारी ली गई। पोस्ट में लिखा कि यह हवाला के जरिए देश का पैसा बाहर भेज रहा था। इसे पहले भी चेतावनी दी गई थी। पोस्ट के आखिरी में बॉलीवुड सिंगर और रैपर बादशाह को टटीरी सॉन्ग को लेकर धमकी दी गई। पोस्ट में लिखा- बादशाह, तूने हरियाणा की संस्कृति खराब करने की कोशिश की है। पहले 2024 में तेरे क्लब पर तुझे ट्रेलर दिखाया था, अब की बार सीधा तेरे माथे में गोली मारेंगे।

---

### उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड परियोजना सामान्य हाईवे के रूप में स्वीकृत

**किसानों ने सीएम का आभार जताया बाजार मूल्य पर मुआवजे की मांग दोहराई**



दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड परियोजना को नॉर्मल हाईवे के रूप में स्वीकृति मिलने के बाद प्रभावित 62 गांवों के करीब 400 किसान भोपाल पहुंचे। शनिवार देर रात किसानों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात कर उनका आभार जताया और जमीन अधिग्रहण के लिए वास्तविक बाजार मूल्य के अनुसार मुआवजा देने की मांग दोहराई।

मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान किसानों ने परियोजना से जुड़ी अपनी प्रमुख मांगों पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिलाया कि उनकी मांगों पर सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा।

**एक्सेस कंट्रोल के बजाय नॉर्मल हाईवे की मांग पूरी-** किसानों ने बताया कि पहले उज्जैन-जावरा ग्रीनफील्ड परियोजना को एक्सेस कंट्रोल रोड के रूप में बनाया जा रहा था। इससे आसपास के गांवों की कनेक्टिविटी प्रभावित होने की आशंका थी।

किसानों की मांग थी कि इसे नॉर्मल हाईवे के रूप में बनाया जाए, ताकि गांवों का आवागमन बना रहे। मुख्यमंत्री द्वारा यह मांग स्वीकार किए जाने के बाद किसानों ने संतोष जताया।

---

### तेलंगाना में 100 आवारा कुत्तों की जहरीले इंजेक्शन देकर हत्या



एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

तेलंगाना में आवारा कुत्तों को मारे जाने की एक और घटना सामने आई है। मनचेरियल जिले में लगभग 100 कुत्तों को जहर देकर मार डाला गया। जनवरी से अब तक तेलंगाना में 1200 कुत्तों की हत्या की जा चुकी है। पशु कल्याण कार्यकर्ता ए गौतम ने पुलिस को दी गई शिकायत में कहा कि 7-8 मार्च की रात को किष्टापुर गांव में कुत्तों को जहर वाला इंजेक्शन देकर मार दिया गया। एनजीओ स्ट्रे एनिमल फाउंडेशन ऑफ इंडिया में क्रुएल्टी प्रिवेंशन मैनेजर गौतम ने आरोप लगाए कि किष्टापुर गांव के सरपंच और ग्राम पंचायत सचिव ने इसके लिए दो लोगों को काम पर रखा था। कुत्तों को मारे जाने के बाद उन्हें एक नदी के पास दफना दिया गया। पुलिस को शक है कि सरपंच समेत कुछ जनप्रतिनिधियों ने चुनाव से पहले किए वादे के तहत आवारा कुत्तों की समस्या खत्म करने के लिए यह कदम उठाया।

---

### जंग की वजह से लेबनान में 2 लाख बच्चे बेघर हुए

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग का आज 16वां दिन है। इस बीच इजराइल लगातार लेबनान पर भी हमले कर रहा है। इस वजह से करीब 8 लाख लोग घर छोड़ने को मजबूर हुए हैं। अल जजीरा के मुताबिक इनमें 2 लाख से ज्यादा बच्चे हैं।

दुबई के बाजार, समुद्र तट और वॉटरफ्रंट इलाके आमतौर पर पर्यटकों से भरे रहते हैं, लेकिन इस बार पर्यटन के व्यस्त मौसम में भी यहां असामान्य सन्नाटा दिखाई दे रहा है। ईरान के साथ चल रहे युद्ध का असर अब पूरे क्षेत्र पर पड़ रहा है।

ईरान ने यूएई में कई जगहों पर हमला किया है। इस वजह से देश की सुरक्षित पर्यटन स्थल वाली छवि पर भी असर डाला है।



इस वजह से दुबई के कई लोकप्रिय पर्यटन स्थल, जैसे दुबई क्रीक के किनारे स्थित अल सीफ वॉटरफ्रंट मार्केट और बुर्ज अल अरब जैसे लक्जरी होटलों के पास के समुद्र तटों पर आम दिनों की तुलना में काफी कम पर्यटक दिखाई दे रहे हैं।

---

### रात भर चालू छोड़ दी बाइक, बंद कमरे में भर गया धुआं

## परिवार के 4 लोगों की दर्दनाक मौत

एजेंसी ▶▶ पुंगनूर

आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले स्थित पुंगनूर कस्बे से एक ऐसा दिल दहला देने वाला हादसा सामने आया है, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। यहां एक घर में सो रहे परिवार के चार लोगों की बेहद दर्दनाक मौत हो गई। हैरानी की बात यह है कि इस हंसते-खेलते परिवार की जान किसी बीमारी या हमले ने नहीं ली, बल्कि एक ऐसी साइलेंट किलर गैस ने ली है जो न तो दिखाई देती है और न ही उसकी कोई गंध होती है। जब तक परिवार को इस खतरे का अहसास होता, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं।



**मैकेनिक की एक सलाह से घर बना गैस चैंबर**

यह घटना पुंगनूर के त्यागराजू स्ट्रीट इलाके की है। यहां रहने वाले एक व्यक्ति ने हाल ही में अपनी बाइक के इंजन का काम करवाया था। मैकेनिक ने उसे सलाह दी थी कि नए पार्ट्स को अच्छी तरह से सेट करने के लिए इंजन को कुछ समय तक लगातार चालू रखना होगा। इसी सलाह को मानते हुए उस व्यक्ति ने अनजाने में एक भयानक गलती कर दी। उसने अपनी बाइक को घर के अंदर लाकर खड़ा कर दिया और उसका इंजन चालू छोड़कर परिवार के साथ सोने चला गया।



## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का रविवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

### इस बार भी निम्न-मध्यमवर्गीय पर गाज!

एक बार फिर से निम्न मध्यमवर्गीय के त्याग का समय आ गया है। गैस की कमी आने के साथ ही कैसे जुगाड़ लगाई जाए इसकी तरकीब लगाई जा रही है। इसी के तहत जो तरकीब चर्चाओं में सूनी जा रही है उसमें तो निम्न मध्यमवर्गीय पर ही गाज गिरती दिख रही है। इसमें अब खाद्य इंधन के वैकल्पिक स्त्रोत बंद किए जा रहे हैं। अगर आपके पास पीएनजी है तो आप एलपीजी नहीं रख सकते हैं उसे आपको त्यागना पड़ेगा। पूर्व में निम्न-मध्यमवर्गीय परिवारों पर सब्सिडी की गाज गिरी। कई बेचारों के साथ




इलेक्ट्रानिक्स व्यवस्था के तहत झमेला हो गया। सब्सिडी धीरे-धीरे कम होती गई और उसके बाद ढूंढते रह जाओगे के आकार में बदल गई। उस पर एक बार फिर से वैश्विक समस्या के तहत गाज की मिसाईल उनके लिए तैयार है। जिनके पास दोनों कनेक्शन है वे भी साल की 12 टंकी नहीं ले रहे हैं मात्र जरूरत के मुताबिक ही उपयोग कर रहे हैं। पूर्व में एलपीजी से सस्ती पीएनजी मिलने के तहत निम्न-मध्यमवर्गीय ने दो पैसा बचाने के लिए वैकल्पिक कनेक्शन लिए थे। इसके तहत उसे वैकल्पिक स्त्रोत रखने का अधिकार है। एलपीजी कंपनियों ने कनेक्शन फ्री नहीं दिए उसके लिए बराबर धरोहर राशि रखी है जिस पर कोई ब्याज सालों से नहीं दिया गया। यहां तक की धरोहर राशि रखने के बाद रेग्यूलेटर का चार्ज भी बराबर लिया गया। खराबी होने पर रूपए लेकर तब्दीली की गई। यहां तक की वितरक एवं कंपनियों ने डायरी भरने पर उसकी तब्दीली में भी पैसा लिया है। कतिपय वितरकों ने जो गड़बड़ी की है उसकी गाज उपभोक्ता पर गिराना वाजिब नहीं कही जा सकती है। खुसूर-फुसूर है कि आपदा में अवसर की तलाश का जुमला यहां भी दौड़ लगाने के हाल में सामने आ रहा है। वैश्विक समस्या के दौरान भी गरीब को हटाओ की कार्य पद्धति को इस्तेमाल किया जा रहा है। चर्चाओं में आ रहा है कि गैस कनेक्शन नियमों में बदलाव होने जा रहे हैं। एलपीजी नियमों में संशोधन किया जा रहा है। अब पीएनजी कनेक्शन रखने वाले उपभोक्ता घरेलू एलपीजी सिलेंडर के पात्र नहीं होंगे। जिनके पास पीएनजी और एलपीजी दोनों कनेक्शन हैं, उन्हें एलपीजी सरेंडर करना होगा, और आगे रिफिल की अनुमति नहीं होगी। वैसे अभी यह सब चर्चाओं में है। गैस टंकी की कोई समस्या नहीं है सिर्फ रिजर्व करने की प्रवृत्ति से यह समस्या आ रही है। अन्यथा शादी-विवाह के सीजन में सैंकड़ों टंकी अब भी आयोजनों में वितरक देते ही हैं और उससे प्राप्त रकम से मजे लेते ही हैं।

### ट्रेंडिंग

अब कुकर बनाने वालों के सामने
एक नई समस्या आई है
महिलाओं की डिमांड है,
कुकर ऐसा होना चाहिए
जो सीटी के साथ-साथ
नंबर भी बोले - 1....2....3....
क्योंकि....
व्हाट्सएप, फेसबुक आदि में
व्यस्तता में ध्यान नहीं रहता
कितनी सीटी बजी!

### न्यूज कॉलम

#### सर्व सेन समाज का 41वां सामूहिक विवाह, दूल्हों को मिलेगा हेलमेट

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के तत्वावधान में रामनवमी के पावन पर्व पर सर्व सेन समाज का 41वां निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में यह भव्य आयोजन इस बार 'सुरक्षा दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। इसमें समाज की ओर से एक अनुकरणीय पहल करते हुए सड़क सुरक्षा का संदेश दिया जाएगा और प्रत्येक दूल्हे को हेलमेट उपहार में दिया जाएगा। मध्य प्रदेश गुजराती सेन समाज ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष अशोक चौहान, समिति अध्यक्ष गुड्डू पहलवान और प्रदेश प्रभारी सचिन वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि समाज के प्रतिनिधिमंडल ने भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत किया। इस दौरान समाजजनों ने मुख्यमंत्री को इस भव्य आयोजन के लिए मुख्य अतिथि के रूप में ससम्मान निमंत्रण पत्र सौंपा।

---

### बिडला अस्पताल चौराहा से शिप्रा विहार रोड का निर्माण

# चौराहा बनाना भूले, आधा मार्ग जस का तस

## अभी से चटकी सड़कें, नगर निगम का उधड़ माप सड़क निर्माण, डेढ़ मीटर डिवाईडर की चौड़ाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

नगर निगम शहर में सड़क चौड़ीकरण करने जा रहा है लेकिन उसके पूर्व के कामों पर सवाल उठ रहे हैं। बिडला अस्पताल चौराहा से इसे तारामंडल होते हुए इंजिनियरिंग कालेज रोड का निर्माण किया गया है। यहां चौराहा बनाना ही भूल गए हैं। बिडला अस्पताल से आगे तारामंडल तक एक तरफ का सड़क निर्माण ही नहीं किया गया है। सीमेंट कांक्रीट रोड अभी से चटक गई हैं।

यातायात थाना एमआर-2 से इंजीनियरिंग कॉलेज रोड को फोरलेन किया गया है। इसमें बिडला अस्पताल चौराहा से चौड़ीकरण के काम को अंजाम दिया गया है। इस पूरे काम को देखने के उपरांत सामान्य रूप से आमजन सवाल उठा रहे हैं। सिरे से ही इसे उधड़माप निर्माण की संज्ञा क्षेत्रीय रहवासी दे रहे हैं। यहां डेढ़ मीटर का डिवाईडर बनाया गया है जिसमें पौधारोपण किया गया है जो शहर में सबसे अलग ही है। इस अस्त व्यस्त निर्माण पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि की सजगता भी अब तक सामने नहीं आई है।



#### महीनों बीते आधा रोड जस का तस

इस निर्माण के तहत बिरला अस्पताल से इंजीनियरिंग कालेज मार्ग तक फोरलेन का निर्माण किया जाना था। इसमें बिरला अस्पताल के आगे चौराहा तक एक ओर तो मार्ग का निर्माण किया गया है। दूसरी ओर महीनों बीतने के बाद भी निर्माण की स्थिति अब भी शुन्य ही है और मार्ग जस का तस उबड़-खाबड़ पडा हुआ है। इसे लेकर कोई सूध लेने वाला नहीं है।

#### कुछ माह में ही चटक गई सड़क

ठेकेदार ने आधा अधुरा निर्माण यहां किया है। इसके साथ ही किए गए निर्माण पर भी सवालिया निशान लग रहे हैं। तारामंडल से लेकर इंजीनियरिंग कालेज रोड तक के सीमेंट कांक्रीट रोड की स्थिति यह है कि अभी से सड़क चटक गई है और उसमें दरारें हो गई हैं। इन दरारों को छुपाने के लिए उसमें डामर का घोल डाला गया है, जिससे की वह साफ तौर पर एक दम से नजर नहीं आए।

#### सड़क के मापदंड पर ही प्रश्न वाचक

इस सड़क के निर्माण में मापदंड किस नियम के तहत उपयोग हुए हैं ये भी सीरे से ही समझ से परे हैं। फोरलेन निर्माण का नाम दिया गया है लेकिन सडक फोरलेन के रोड कांग्रेस के नियमों से परे होकर चौड़ी है। इसमें फूटपाथ की स्थिति ही समझ से परे हैं। सडक के बीच में डेढ़ मीटर के लगभग का डिवाईडर बनाया गया है। वह भी नियमों से परे ही ड्रांग डिजाईन के रूप में देखा जा सकता है।

#### सड़क मिलाई, चौराहा बनाना भूले

इस सड़क का निर्माण गुणवत्ता पर सवाल उठने जैसा और आधा अधुरा कर दिया गया है। इसके साथ ही पाइप फैक्ट्री से इंदौर रोड को मिलाने वाली सड़क से इसे मिला भी दिया गया है लेकिन इसके आगे शिप्रा विहार के फोरलेन से इसे मिलाने के लिए यहां चौराहा का निर्माण नहीं किया गया है। पाइप फैक्ट्री से इंदौर रोड के फोरलेन मार्ग पर बीच में ही डिवाईडर अब भी हैं जिससे इस और से जाने वाले वाहनों के लिए समस्या का घर बन रहा है। यहां चौराहा का निर्माण होना आवश्यक बन पड़ा है। हाल ये हैं कि इंजीनियरिंग कॉलेज की और थोड़ा आगे बढ़ने पर तिराहे पर डिवाईडर नही हैं। चौराहे से गुरेज किया गया है और तिराहे को प्राथमिकता देने पर सड़क की विकृति यातायात की समस्या भी खड़ी करेगी और दुर्घटना को आमंत्रण भी देगी।

---

### मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए

# मानक प्राधिकरण से लाइसेंस अनिवार्य

## सभी निजी दूध विक्रेताओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, अन्यथा होगी कड़ी कार्रवाई

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन जिले में भी मिलावटी दूध की रोकथाम के लिए अब दूध उत्पादन, संग्रहण और बिक्री के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण से लाइसेंस या पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है। डेयरी सहकारी समितियों से जुड़े सदस्यों को छोड़कर, सभी निजी दूध विक्रेताओं को ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा, अन्यथा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी।

इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी। मप्र देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था।




जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही। प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है। दूध उत्पादन और बिक्री को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए पंजीकरण या लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी की है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। एफएसएसएआई के अनुसार कुछ दूध उत्पादक और विक्रेता बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय चला रहे हैं, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है। इसलिए ऐसे सभी व्यक्तियों को अपने कारोबार को जारी रखने या शुरू करने से पहले एफएसएसएआई के साथ अनिवार्य रूप से पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा।

**लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी**

---

# इंद्रेश उपाध्याय, सुरेश वाडकर ने किए महाकालेश्वर दर्शन



**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में रविवार को प्रसिद्ध कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय, पद्मश्री गायक सुरेश वाडकर और गायिका इशिता विश्वकर्मा ने दर्शन किए। मंदिर प्रबंध समिति ने सभी अतिथियों का स्वागत किया।

कथावाचक इंद्रेश उपाध्याय ने भगवान महाकाल के दर्शन कर विश्व कल्याण की कामना की। दर्शन के उपरांत उन्होंने कहा कि महाकाल केवल भारत ही नहीं, बल्कि समस्त विश्व के केंद्र हैं। उन्होंने संपूर्ण विश्व के मंगल की कामना करते हुए प्रभु को प्रणाम किया। उपाध्याय ने मंदिर प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं के लिए की गई व्यवस्थाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारी भीड़ के बावजूद सभी को प्रेमपूर्वक दर्शन कराने की व्यवस्था सराहनीय है। उन्होंने यह भी बताया कि महाकाल



प्रभु वृंदावन में गोपेश्वर के रूप में विराजमान हैं और ब्रज भक्ति में प्रवेश उनकी कृपा से ही संभव है। इंद्रेश उपाध्याय ने बाबा महाकाल पर जल अर्पित करने को अपना सौभाग्य बताया और भविष्य में कथा के माध्यम से भी भगवान की सेवा करने की इच्छा व्यक्त की। इस अवसर पर श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के सहायक प्रशासक आशीष फलवाडिया ने इंद्रेश उपाध्याय का स्वागत एवं सत्कार किया। इसी क्रम में प्रसिद्ध गायक पद्मश्री सुरेश वाडकर और गायिका इशिता विश्वकर्मा ने भी ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर के दर्शन कर बाबा महाकाल का आशीर्वाद प्राप्त किया।

---

### गैस सिलेंडर की किल्लत पर कार्रवाई

# तीन दिन में 80 सिलेंडर जब्त

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

उज्जैन में गैस सिलेंडरों की किल्लत और कालाबाजारी के खिलाफ प्रशासन की कार्रवाई जारी है। पिछले तीन दिनों में लगभग 1.25 लाख रुपए मूल्य के 80 सिलेंडर जब्त किए गए हैं।

सहायक खाद्य नियंत्रक संतोष सिमोलिया ने बताया कि आपूर्ति विभाग की टीम लगातार कार्रवाई कर रही है। 20 प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई करते हुए 92 हजार रुपए के सिलेंडर जब्त किए गए थे। शनिवार को भी 11 सिलेंडर जब्त किए गए, जिनकी कीमत करीब 25 हजार रुपए थी। इस तरह, तीन दिनों में कुल 80 सिलेंडर जब्त किए जा चुके हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 1.25 लाख रुपए आंकी गई है। यह कार्रवाई उज्जैन-



उन्हेल रोड स्थित भेरूगढ़ थाने के पास की गई। कार्रवाई में एएसओ रश्मि खाम्बेट और तहसीलदार रूपकला परमार की टीम शामिल रही। अधिकारियों ने बताया कि गैस की कालाबाजारी रोकने के लिए यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शहर में गैस सिलेंडरों की किल्लत का मुख्य कारण ईरान-इजरायल और अमेरिका के बीच चल रहे युद्ध से कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति का प्रभावित होना है।

---

### सिंहस्थ-2028 के लिए इंदौर में बनेंगे अस्थायी सैटेलाइट टाउन

# भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को शहर से पहले रोका जाएगा

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 को देखते हुए इंदौर पुलिस ने भीड़ प्रबंधन की तैयारी शुरू कर दी है। प्रशासन ने योजना बनाई है कि उज्जैन में भीड़ बढ़ने पर श्रद्धालुओं को शहर में प्रवेश से पहले इंदौर में ही रोका जाएगा। इसके लिए शहर के बाहरी क्षेत्रों में अस्थायी सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे।

प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ हुई चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है। प्रशासन और पुलिस के बीच हुई संयुक्त बैठक में श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को



देखते हुए ट्रैफिक और भीड़ नियंत्रण की रणनीति पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सिंहस्थ के दौरान उज्जैन आने वाले श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा आवाजाही इंदौर मार्ग से होने की संभावना है। ऐसे में भीड़ का दबाव कम करने के लिए पहले से व्यवस्था तैयार की जा रही है। प्रस्तावित सैटेलाइट टाउन में श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग, पेयजल, भोजन, शौचालय और विश्राम जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इन स्थानों से श्रद्धालुओं को नियंत्रित तरीके से उज्जैन की ओर भेजा जाएगा।

#### बाहरी क्षेत्रों में स्थानों का चयन

प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार शहर के बाहरी इलाकों में ऐसे कई स्थानों का चयन किया गया है, जहां अस्थायी सैटेलाइट टाउन विकसित किए जाएंगे। इससे उज्जैन में अचानक भीड़ का दबाव नहीं बढ़ेगा।

**ट्रैफिक प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण-** एडिशनल पुलिस आयुक्त (मुख्यालय) आर.के. सिंह के अनुसार सिंहस्थ को देखते हुए ट्रैफिक प्रबंधन के लिए पुलिसकर्मियों को विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

**तीन नए ट्रैफिक थानों का प्रस्ताव-** शहर में फिलहाल एक ही ट्रैफिक थाना है। सिंहस्थ को ध्यान में रखते हुए तीन नए ट्रैफिक थानों के निर्माण का प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें चंदन नगर क्षेत्र में धार रोड, बाणगंगा में सुपर कॉरिडोर और लसूड़िया में महालक्ष्मी नगर में ट्रैफिक थाना बनाने की योजना है। धार रोड के लिए प्रशासन ने जमीन उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। पुलिस आयुक्त संतोष कुमार सिंह ने तिलक नगर, राऊ और द्वारकापुरी थानों में अतिरिक्त बल बढ़ाने का प्रस्ताव भी पुलिस मुख्यालय को भेजा है।

---

### ज्योतिषियों के अनुसार मेष, सिंह, धनु और कुंभ राशि वालों को कई क्षेत्रों में मिलेगी राहत

# शनि अस्त, साढ़ेसाती, ढ़ैय्या वालों को सवा माह की राहत

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

आने वाला सवा माह शनि की साढ़ेसाती, ढ़ैय्या वाली राशियों के लिए राहत भरा रहने वाला है। इस दौरान उन्हें अपने काम में राहत मिलेगी और अच्छे अवसर मिलने की संभावनाएं प्रबल बनेगी। इसका कारण है शुक्रवार से शनि का मीन राशि में अस्त होना। करीब सवा माह तक शनि अस्त रहने के बाद 22 अप्रेल को सुबह दोबारा उदित होंगे।

ज्योतिष के जानकार बताते हैं कि 13 मार्च 2026, शुक्रवार को शाम 7 बजकर 13 मिनट पर शनि मीन राशि में अस्त हो गए, इसके बाद लगभग 40 दिनों तक अस्त रहने के बाद 22 अप्रैल 2026, बुधवार को सुबह 4 बजकर 49 मिनट पर दोबारा उदित होंगे।

**13 मार्च को शनि हों गये अस्त अब 22 अप्रैल को उदित होंगे**



#### ये होता है अस्त होने से

- जब शनि अस्त होते हैं, तो उनके कठोर प्रभाव कुछ हद तक कम हो जाते हैं, मेष, सिंह, धनु और कुंभ राशि वालों को कैरियर में तरक्की, पैसे का फायदा और मानसिक तनाव से राहत जैसे अच्छे असर देखने को मिलेंगे।
- शनि देव के अस्त होने का अर्थ है कि वे सूर्य के करीब आकर अपनी शक्ति खो देते हैं इस दौरान, कड़ी मेहनत के बावजूद परिणाम मिलने में देरी हो सकती है, कैरियर में रुकावटें और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतें (जैसे पैरों में दर्द) आ सकती हैं। हालाँकि, यह साढ़ेसाती और ढ़ैय्या से गुजर रहे लोगों के लिए राहत का समय हो सकता है।

#### इन राशियों पर साढे साती

वर्तमान में कुंभ, मीन और मेष राशि पर शनि की साढ़ेसाती चल रही है। **इन पर ढैय्या का प्रभाव-**सिंह और धनु राशि पर शनि की ढ़ैय्या का प्रभाव है।

नं. 1 क्षेत्रीय अख़बार

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर



# उज्जैन के मणिनगर में चोरों की दस्तक, 3 मकानों के तोड़े ताले

## फिंगरप्रिंट और कैमरो से सुराग तलाशने के प्रयास

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मक्सी रोड मणिनगर में शनिवार-रविवार रात चोरों की दस्तक होना सामने आया। चोरों ने तीन मकान के ताले तोड़े थे, लेकिन उनके हाथ कुछ खास नहीं लगा। पुलिस फिंगरप्रिंट और कैमरो की मदद से सुराग तलाशने का प्रयास कर रही है।

पंवासा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह क्षेत्रवासी नींद से जागे उन्हें अपने घरों के आसपास तीन सूने मकान के ताले टूटे होने की जानकारी मिली। तीनों मकान के तले घरों के बाहर पड़े थे।



मामले की सूचना पुलिस को दी गई। वही मकान में रहने वाले परिवारों से संपर्क किया गया इस दौरान एक मकान में रहने वाले ईश्वर प्रसाद पिता बाबूलाल वाडिया कुछ देर में ही मणिनगर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि परिवार का पैतृक मकान किशनपुरा में है, 2 दिन पहले वह किशनपुरा गए थे।

उन्होंने अपने घर का बिखरा सामान देखा और बताया कि कर उनके यहां से कुछ खास चुरा कर नहीं ले गए हैं। आभूषण और कीमती सामान पैतृक मकान में ही रखे है। दूसरा मकान उज्जैन में रहकर कॉलेज की पढ़ाई कर रही अंशी शर्मा का होना सामने आया, जो मूल रूप से बैतूल की रहने वाली है वह किराए से रहती है और कुछ दिन पहले ही अपने परिवार से मिलने गई थी, छात्र के मकान से भी बदमाश कुछ खास चुरा कर नहीं ले जा पाए हैं। तीसरा मकान किराए से रहने वाले तपेश पिता लक्ष्मीनारायण भाट का है। तपेश रिश्तेदार की तबीयत खराब होने पर झालावाड़ गया हुआ है उसके मकान में भी कुछ कीमती सामान नहीं था। तीन मकान के ताले टूटने पर थाना प्रभारी गमर सिंह मंडलोई ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है सभी परिवार द्वारा उनके यहां कुछ खास चोरी होना नहीं बताया गया है। चोरों का सुराग तलाशने के लिए फिंगरप्रिंट टीम को बुलाया गया था। वही कॉलोनी में कैमरे लगे होना सामने नहीं आए हैं लेकिन आसपास क्षेत्र में लगे सीसीटीवी के फुटेज देखे जा रहे हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### 2600 कॉलोनियों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव

**इंदौर।** जिला मूल्यांकन समिति की बैठक आज कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता तथा विधायक महेन्द्र हार्डिया की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में नगर निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाड़े, वरिष्ठ जिला पंजीयक श्री अमरेश नायडू सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में इंदौर जिले में स्थित लगभग 2600 कॉलोनियों और लोकेशनों की गाइडलाइन दरों में वृद्धि का प्रस्ताव रखा गया। बैठक में समिति के सदस्यों और अध्यक्ष द्वारा दिए गए निदेर्शों के आधार पर कुछ क्षेत्रों में प्रस्तावित वृद्धि में संशोधन करते हुए कुछ और स्थानों पर दरों में बढ़ोतरी किए जाने पर भी सहमति बनी।

### इंदौर में 24 घंटे में मिल रहा गैस पाइपलाइन कनेक्शन

**इंदौर।** कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर शहर में व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को पाइपलाइन गैस से जोड़ने का कार्य तेज गति से किया जा रहा है। अवंतिका गैस लिमिटेड की विशेष टीम द्वारा लगातार नए कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। अवंतिका गैस कंपनी ने शहर के लगभग 12 से 13 स्थानों पर हॉस्टल, अभय प्रशाल, रेस्टोरेंट, छप्पन दुकान क्षेत्र तथा कैटरिंग व्यवसाय से जुड़े प्रतिष्ठानों को गैस पाइपलाइन कनेक्शन दिए हैं और यह प्रक्रिया निरंतर जारी है। 56 दुकान क्षेत्र में दो दिवस में सभी दुकानों पर गैस पाइपलाइन से कनेक्शन देने के निर्देश अवंतिका के मैनेजमेंट को जिला प्रशासन द्वारा दिए गए हैं ताकि 56 दुकान पर दुकानों के संचालन में कमर्शियल सिलेंडर के अभाव में किसी प्रकार का कार्य बाधित ना हो सकें।

### 6 लेन का निर्माण कार्य समय-सीमा के पूर्ण करने के निर्देश

**इंदौर।** जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने निज निवास में एमपीआरडीसी, एनएचएआई, पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाय विभाग के विकास कार्यों की समीक्षा बैठक ली। मंत्री श्री सिलावट ने समीक्षा बैठक के दौरान एमपीआरडीसी के महाप्रबंधक गगन को इन्दौर-सांवेर-उज्जैन 44 किलोमीटर की निमार्णाधीन 40 प्रतिशत सड़क को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये और कहा कि सांवेर की निमार्णाधीन 4 पुलियाओं और सर्विस लेन का निर्माण बरसात के पूर्व कर चालू कराये। उन्होंने इन्दौर-उज्जैन ग्रीन फील्ड कोरिडोर 48 किलोमीटर की बनने वाली सड़क का निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिये। मंत्री श्री सिलावट ने एनएचएआई के प्रोजेक्ट डायरेक्टर प्रवीण यादव को अर्जुन बरोदा और झलारिया फ्लायओवर ब्रिज अंडरपास के निर्माण कार्य को लेकर असंतोष व्यक्त किया।

### नेशनल लोक अदालत में 180 मामलों का हुआ निराकरण

**इंदौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के निदेर्शानुसार एवं म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इंदौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति श्री विजय कुमार शुक्ला साहब के आदेशानुसार म.प्र. उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत के समक्ष सिविल, रिट, क्रिमिनल एवं अन्य प्रकृति के कुल 482 प्रकरणों को सुनवाई हेतु रखा गया था, जिसमें से कुल 180 प्रकरण निराकृत किये। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के सभागार में प्रशासनिक न्यायाधिपति विजय कुमार शुक्ला एवं न्यायाधिपति पवन कुमार द्विवेदी द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इस अवसर पर सुमन श्रीवास्तव, प्रिंसिपल रजिस्ट्रार अनूप कुमार त्रिपाठी, विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी नीरज मालवीय आदि मौजूद थे।

### दुर्घटना से पीड़ित व्यक्तियों का होगा निशुल्क इलाज

**इंदौर।** इंदौर जिले में पीएम राहत योजना के संचालन एवं क्रियान्वयन के संबंध में निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों के संचालकों, प्रबंधकों की बैठक का आयोजन आज कलेक्टर शिवम वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय में किया गया।आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट विशेष रूप से मौजूद थे। कलेक्टर शिवम वर्मा ने कहा कि पी.एम. राहत योजना सड़क दुर्घटना से पीड़ित व्यक्ति को तुरंत अस्पताल में भर्ती करने एवं सुनिश्चित उपचार उपलब्ध करवाने की एक महत्वपूर्ण योजना है, जिसका उद्देश्य प्रत्येक व्यक्ति जो सड़क दुर्घटना से ग्रस्त हुआ है उसे जीवन रक्षा प्रदान करना क्योंकि प्रत्येक व्यक्ति का जीवन महत्वपूर्ण है। इसलिए निजी एवं शासकीय चिकित्सालयों से अनुरोध है कि वह आज के इस उन्मुखीकरण में बताए गए प्रस्तुतीकरण के द्वारा योजना के विभिन्न पहलूओं को ध्यान से समझे तथा अधिक से अधिक अस्पताल पंजीकृत हों, ऐसी हमारी मंशा है। आयुष्मान योजना के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. योगेश तुकाराम भरसट ने बताया कि प्रदेश में अभी तक इस योजना अंतर्गत लगभग 200 से अधिक दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया जा चुका है और इंदौर में सर्वाधिक 24 दुर्घटना ग्रस्त व्यक्तियों को लाभ दिया गया है, इसलिए यह उन्मुखीकरण सर्वप्रथम इंदौर जिले में ही रखा गया है।

### वैश्विक तनाव की बनेगी स्थिति; भारत होगा मजबूत

# 12 की बजाय 13 महीने का होगा हिंदू नववर्ष रौद्र संवत्सर

- नए साल का तीसरा माह ज्येष्ठ अधिकमास अर्थात पुरुषोत्तम मास होगा
- नए साल में ग्रहों की स्थिति तथा उनकी युति उथल पुथल मचा सकती है
- जुलाई, अगस्त में भारतीय रणनीति अपनी सफलता के चरणों पर आगे बढ़ेगी

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर गुड़ी पड़वा पर रौद्र नव सवंत्सर का आरंभ होगा। इस बार ज्येष्ठ अधिकमास होने से हिंदू नववर्ष 12 की बजाय 13 माह का रहेगा। संवत्सर का आरंभ गुरुवार के दिन होने से वर्ष के राजा देवगुरु बृहस्पति रहेंगे। धरतीपुत्र मंगल मंत्री होंगे। नया साल में वैश्विक तनाव, विश्व युद्ध, महंगाई तथा जनता के गुस्से से विश्व में सत्ता परिवर्तन के योग बन रहे हैं।

महाकालेश्वर विद्वत परिषद के अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा गुड़ी पड़वा से हिन्दू नववर्ष का आरंभ माना जाता है। इस बार 19 मार्च गुरुवार के दिन रौद्र संवत्सर विक्रम संवत 2083 की शुरूआत होगी। नए साल का तीसरा माह ज्येष्ठ अधिकमास अर्थात पुरुषोत्तम मास होने से नया साल 12 की बजाया तेरह महीने का रहेगा।




### सत्ता में परिवर्तन का बन सकता है कारण

पंचांग की गणना के अनुसार यह वर्ष राजनैतिक और वैश्विक तनाव, प्राकृतिक असंतुलन, महंगाई, विश्व युद्ध, राजनीतिक षड्यंत्र, रासायनिक तनाव, गृह युद्ध वाला रहेगा। इस साल महंगाई अपने चरम पर होगी। इसके कारण जनता का रौद्र रूप सत्ता में परिवर्तन का कारण भी बन सकता है। रौद्र संवत्सर में ब्राह्मण, संत, विद्वतजन अपमानित हो सकते हैं। ज्योतिषाचार्य पं. अमर डब्बावाला ने बताया हिन्दू नववर्ष रौद्र संवत्सर में ग्रहों की स्थिति तथा उनकी युति उथल पुथल मचा सकती है। वर्तमान में कुंभ राशि पर मंगल, राहु, बुध की युति बनी हुई है। मंगल, राहु एक साथ होने पर अंगारक योग बनाते हैं। नए साल में इसका प्रभाव विश्व में उथल-पुथल के रूप में नजर आएगा। हालांकि बुध साथ होने से नकारात्मकता में कुछ कमी रह सकती है। लेकिन सूर्य, शुक्र, शनि की युति 12 वें क्रम का द्विर्द्वादश योग का निर्माण करेगी, जो विश्व में अस्थिरता का संकेत देती है। जुलाई, अगस्त माह में भारतीय रणनीति अपनी सफलता के चरणों पर आगे बढ़ेगी, इससे भारत का कद बढ़ेगा।

### सिंहस्थ की सफलता के लिए मिर्ची यज्ञ, मां बगलामुखी से की मंगलकामना

सिंहस्थ 2028 को आने में भले ही अभी 2 वर्ष का समय शेष हो, लेकिन सिंहस्थ महापर्व निर्विघ्न रूप से संपन्न हो और किसी भी प्रकार का कोई संकट इस आयोजन के दौरान न आए, ऐसी मंगलकामना के साथ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज ने पीतांबरा मां बगलामुखी के धाम पहुंचकर माता का पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद लिया और उसके बाद यज्ञ में मिर्ची से आहुतियां भी दीं।

मां बगलामुखी धाम के प्रमुख और भर्तृहरि गुफा के महंत रामनाथ महाराज ने बताया कि सिंहस्थ 2028 की सफलता के लिए अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रवींद्र पुरी महाराज मां बगलामुखी धाम आए थे। यहां उन्होंने सबसे पहले माता का पूजन-अर्चन किया और उसके बाद मिर्ची यज्ञ में शामिल हुए। विशेष प्रयोजन के लिए होने वाले इस यज्ञ में 51 ब्राह्मण बटुक शामिल थे, जो विशेष मंत्रों के साथ यज्ञ में लाल मिर्च और सरसों से आहुतियां दे रहे थे।

मां बगलामुखी मंदिर में 10 महाविद्याओं का आह्वान करते हुए सिंहस्थ निर्विघ्न रूप से संपन्न हो, इसके लिए विशेष पूजा की गई। महंत रामनाथ महाराज ने बताया कि सिंहस्थ की सफलता के लिए कोई विघ्न न आए, इसलिए यह यज्ञ किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पूरे उज्जैन क्षेत्र में विभिन्न निर्माण कार्य चल रहे हैं। इन निर्माण कार्यों के दौरान भी कोई विघ्न और आसुरी शक्तियों का प्रभाव न रहे, इसके लिए मंदिर में विशेष हवन कराया गया। हवन में विशेष मंत्रों के साथ आहुतियां डालकर विशेष प्रार्थना की गई। उन्होंने बताया कि मां बगलामुखी की पूजा और हवन से नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे देश और समाज की रक्षा होती है। संत-महात्माओं ने मां बगलामुखी के समक्ष संकल्प लिया कि सिंहस्थ 2028 में देश-विदेश से आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन मंगलमय हो और पूरा मेला शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो। संतों ने बताया कि इस प्रकार के विशेष अनुष्ठान से वातावरण की शुद्धि और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है, जिससे बड़े धार्मिक आयोजनों की सफलता के लिए आध्यात्मिक शक्ति प्राप्त होती है।

## मेट्रो की सुरक्षा में सेंध - अर्थिंग केबल चुरा ले गए शातिर चोर

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



इन्दौर शहर की शान बनने वाले महत्वपूर्ण मेट्रो प्रोजेक्ट की सुरक्षा में बड़ी सेंध लगाते शहर के शातिर चोर उसकी सुरक्षा के लिए लगी महत्वपूर्ण अर्थिंग केबलों को काटकर चुरा ले गए।

चोरों ने वारदात को अंजाम देने के पहले मेट्रो प्रोजेक्ट को बिजली आपूर्ति देने वाली 132 केवी एक्स्ट्रा हाई टेंशन अंडरग्राउंड केबल को काट दिया। वारदात बाणगंगा थाना क्षेत्र की है। प्राप्त जानकारी अनुसार मेट्रो परियोजना के एमआर 10 स्थित 132 केवी सबस्टेशन को जैतपुरा के 220 केवी सब स्टेशन से डबल सर्किट ट्रांसमिशन लाइन के माध्यम से बिजली आपूर्ति की जाती है। इस लाइन के एक सर्किट में बार-बार ट्रिपिंग की सूचना मिलने के बाद विभागीय टीम ने लाइन की पेट्रोलिंग की। तो जांच में पता चला कि एमआर-10 रोड पर मोनोपोल क्रमांक 50 और मेट्रो सबस्टेशन के बीच सड़क क्रॉसिंग के लिए डाली गई अंडरग्राउंड केबल का एक फेज क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रारंभिक जांच के बाद चोरी की घटना सामने आई जिस कारण लाइन का एक सर्किट बंद हो गया था । फिलहाल वैकल्पिक व्यवस्था से बिजली आपूर्ति जारी रखी गई है। वहीं एक सर्किट पर सप्लाई के चलते शहर के कुछ क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका भी है।

### सिंहस्थ से पहले 10 लाख पौधे लगाकर महाकाल वन की परिकल्पना तैयार होगी

# शिप्रा नदी के किनारे बनेगा रिवर फ्रंट, आरती होगी भव्य

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मां क्षिप्रा की आरती को वैभव प्रदान करने का कार्य और शिप्रा नदी पर रिवर फ्रंट बनाने सहित शहर में 10 लाख पौधे रोपे जाने को लेकर लेकर नगरीय प्रशासन आयुक्त संकेत भोंडवे की अध्यक्षता और सिंहस्थ मेला अधिकारी आशीष सिंह व कलेक्टर रौशन कुमार सिंह की उपस्थिति में शनिवार सुबह सिंहस्थ मेला कार्यालय में बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आयुक्त संकेत भोंडवे ने बताया कि शहर में 10 लाख पौधे लगाकर महाकाल वन की परिकल्पना को पूरा किया जाएगा। साथ ही शिप्रा नदी पर रिवर फ्रंट बनेगा और शिप्रा आरती को दिव्य और व्हिंगम बनाया जाएगा। भारतीय संस्कृति के अनुरूप सिंहस्थ 2028 ग्रीन सिंहस्थ के रूप में आयोजित किया जाएगा।



बैठक में ग्रीन सिंहस्थ को मूर्त रूप देने के लिए बनाई गई कार्ययोजना पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश नगर निगम, स्मार्ट सिटी, वन विभाग, उद्यानिकी विभाग और अन्य संबंधित विभागों को दिए गए। बैठक में नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ श्रेयांस कूमट अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। बैठक में नगरीय प्रशासन आयुक्त भोंडवे ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निदेर्शानुसार शिप्रा रीवरफ्रंट डेवलपमेंट और मां शिप्रा की आरती को वैभव प्रदान करने की कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए।

### बड़े स्तर पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित

सिंहस्थ 2028 को ग्रीन सिंहस्थ बनाने के लिए बडे स्तर पर पौधारोपण किया जाना प्रस्तावित है, उक्त कार्य को मूर्त देने के लिए मदर नर्सरी विकसित करने, सिंहस्थ 2028 दृष्टिगत निमार्णाधीन मार्गों और जिले के अन्य मार्गों के किनारे और डिवाईडरों पर गुलमोहर, पलाश, टिकोमा, अमलताश, कचनार, आम, अमरूद, बेलपत्र, नीम, पीपल, इमली, शीशम, जामुन आदि किस्मों के फुल, फल और छाया वाले पौधों को श्रद्धलुओं की सुविधा के लिए लगाने के निर्देश दिए। सड़क किनारे रोपे जाने वाले पौधों और नगर में स्थित उद्यानों को सामाजिक संस्थाओं को गोद देने के निर्देश दिए उज्जैन शहर में परियोजना अंतर्गत नगर निगम सीमा में 10 लाख पौधों का रोपण किया जाएगा।

## सिंहस्थ 2028 में जूना अखाड़ा के साथ शाही स्नान करेगा किन्नर अखाड़ा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

उज्जैन में वर्ष 2016 के सिंहस्थ में भले ही किन्नर अखाड़े ने गंधर्व घाट पर 13 अखाड़ों से अलग स्नान किया हो, लेकिन आगामी वर्ष 2028 में उज्जैन में लगने वाले सिंहस्थ में किन्नर अखाड़ा अब जूना अखाड़ा के साथ मिलकर स्नान करेगा। यह बात किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कही। अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा की बैठक आयोजित की गई। इसमें किन्नर अखाड़े के संतों को महामंडलेश्वर व श्रीमहंत की उपाधि देने के बाद आज कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई। अंतरराष्ट्रीय किन्नर अखाड़ा की आचार्य महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि जल्द ही हम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मिलेंगे और अपनी समस्याएं बताने के साथ ही उनसे निवेदन करेंगे कि जिस तरह अन्य अखाड़ों को उज्जैन में स्थान दिए गए हैं, उसी तरह हमें भी यहां आश्रम बनाने के लिए स्थान दिया जाए।

### उज्जैन और इंदौर में हुआ पोस्टमार्टम, पत्नी और पुत्र का उपचार जारी


# उज्जैन-गरोठ मार्ग हादसे में पुत्र की मौत के बाद घायल पिता ने तोड़ा दम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

गरोठ-उज्जैन मार्ग पर शनिवार देर शाम सड़क हादसा हो गया। बाइक सवार परिवार को पीछे से आये अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। घटना के 11 साल के मासूम की मौके पर मौत हो गई थी। छोटे भाई और माता-पिता को घायल होने पर अस्पताल में भर्ती किया गया था। पिता की हालत गंभीर होने पर इंदौर रेफर किया गया लेकिन रात में पिता ने भी दम तोड़ दिया।

चिमनगंज थाना क्षेत्र के आगररोड स्थित उज्जैन गरोठ मार्ग पर शराब दुकान से कुछ दूरी पर बाइक सवार परिवार के चार लोगों को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची, इस दौरान घायलों में शामिल 11 साल के मासूम हाशिब पिता मुकरम हुसैन 11 साल निवासी शामगढ़ मंदसौर की मौत होना सामने आया था। छोटा भाई मुकरीब हुसैन 5 साल और माता-पिता मुकरम पिता हुसैन, निगार हुसैन को घायल होने पर आरड़ी गार्डी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था लेकिन पिता की हालत भी नाजुक होने पर डॉक्टरों ने इंदौर रेफर कर दिया। इंदौर पहुंचने के कुछ देर बाद ही रात में पिता ने भी दम तोड़ दिया। रविवार सुबह परिजनों के आने पर चिमनगंज थाना पुलिस ने मृतक मासूम का पोस्टमार्टम कराया। वही इंदौर में पिता का पोस्टमार्टम हुआ। निगार हुसैन और 5 साल के मुकरीब की हालत भी ठीक नहीं थी जिसके चलते परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज से निजी अस्पताल लेकर चले गए थे। परिजनों ने बताया कि मुकरम हुसैन का ससुराल आगर रोड स्थित नई आबादी क्षेत्र में है। चारों बाइक पर सवार होकर शामगढ़ से उज्जैन आ रहे थे। चिमनगंज थाना पुलिस ने मामले में दुर्घटना के साथ मर्ग कायम किया है।





### वार्डों में समितियां बनेंगी, जिनमें पांच से 10 लोग होंगे

# चुनाव की तैयारी के लिए बनाया जा रहा संगठन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर



संगठन सृजन अभियान से उत्साहित कांग्रेस अब ग्राम पंचायत में वार्ड स्तर पर संगठन खड़ा करने जा रही है। वार्डों में समितियां बनेंगी, जिनमें पांच से 10 लोग होंगे।

इसमें लगभग 50 प्रतिशत भागीदारी युवाओं की रहेगी। इसी तरह से शहरों में वार्ड स्तर पर समिति बनाने के बाद मोहल्ला स्तर पर समिति बनेगी।

इसके आगे प्रत्येक मोहल्ले में 30 घरों के बीच एक समन्वयक बनाने की योजना है। यह पूरी तैयारी वर्ष 2027 में स्थानीय निकाय, 2028 में विधानसभा और वर्ष 2029 में लोकसभा चुनावों की दृष्टि से की जा रही है। समितियों में अध्यक्ष से लेकर सदस्य तक की नियुक्ति को विदिशा माडल की तरह सत्यापित किया जाएगा। समितियों के गठन में फजीर्वाड़ा न हो, इसके लिए सभी के फोन नंबर और फोटो लिए जाएंगे। इनके इंटरनेट मीडिया समूह बनेंगे। बता दें कि अप्रैल 2024 में प्रारंभ हुए संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत पार्टी जिला, ब्लाक, मंडलम स्तर पर संगठन खड़ा कर चुकी है। हर स्तर पर संगठन में युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई, एससी, एसटी और ओबीसी के कार्यकर्ताओं को स्थान दिया गया है। ऐसी ही व्यवस्था पंचायत और वार्ड समितियों में की जा रही है। इन समितियों के माध्यम कांग्रेस 15 लाख लोगों का संगठन तैयार करने की बात कह रही है। विदिशा जिले में कांग्रेस का संगठन कमजोर था, इसलिए यहां पर पायलट प्रोजेक्ट के रूप में वार्ड और पंचायत समितियों का गठन पिछले वर्ष किया गया। इसके बाद समितियों का सत्यापन भी किया गया। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में इसके लिए विशेष रूप से बनाए गए काल सेंटर के माध्यम से समिति के अध्यक्ष और सदस्यों का सत्यापन किया गया।

**न्यूज-कॉलम**



## माता की बाड़ी बोने के साथ आज से होगी लोकपर्व गणगौर की शुरूआत

**सनावद।** निमाड़ के लोक संस्कृति के पर्व गणगौर की आहट सुनाई देने लगी है। घरों में पर्व से जुड़े लोकगीत सुनाई दे रहे है। माता की बाड़ी बोने के साथ शनिवार से पर्व की शुरूआत होगई है। माता की बाड़ियों में भी गीत गूंजने लगेंगे। पर्व का प्रभाव बाजार पर भी दिखाई दे रहा है। किराणा, कपड़ा सहित अन्य दुकानों पर ग्राहकी देखी जा रही है। क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर है, लेकिन लोक संस्कृति के उल्लास के कारण बाजार में रौनक है। निमाड़ अंचल में गणगौर हिंदुओं का सबसे बड़ा लोकपर्व माना जाता है। हर साल चैत्र शुक्ल तृतीया को गणगौर पर्व मनाया जाता है। यह लोकपर्व मप्र व राजस्थान में धूमधाम से लोग मनाते हैं। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से चैत्र शुक्ल तृतीया तक पूरे निमाड़ में गणगौर लोकपर्व का खासा उत्साह रहता है। गणगौर शब्द गण और गौरा से मिलकर बना है। गण का अर्थ शिवजी से है, गौरा का अर्थ माता पार्वती से है। इस पर्व में शिव व पार्वती दोनों की आराधना की जाती है। लोकपर्व गणगौर की शुरूआत शनिवार को जवारे बुआई के साथ हुई। आस्था, उत्साह व उमंग के साथ क्षेत्र में गणगौर पर्व उल्लास से मनाया जाएगा।

## सरदार पटेल की 150वीं यात्रा का जोरदार स्वागत किया

**मनावर।** लौह पुरुष सरदार पटेल की 150 वीं एकता यात्रा, जो गुजरात से प्रारंभ होकर धार ग्रामीण जिले के मनावर में पहुँची। इस अवसर पर धार जिला ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार एवं जिला पदाधिकारी द्वारा यात्रा का स्वागत एवं लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। रथ पर सरदार पटेल के सम्मान में प्राप्त प्रतीक चिन्ह जिसमें सम्मान पत्र, सोने का अशोक स्तंभ के भी दर्शन किए। इस दौरान सरदार पटेल द्वारा उपयोग की जाने वाली वस्तुएं जैसे उनका संदूक, चरण पादुका एवं उनकी जेब घड़ी भी प्रदर्शनी के रूप में रथ पर देखी गई। इस अवसर पर अखिल भारतीय कुर्मी पाटीदार महासभा के अध्यक्ष सतीश पटेल, रथ संयोजक बाबू पटेल, मनु भाई पटेल, जी.बी. पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष अजय पाटीदार, भाजपा जिला पदाधिकारी लोकेश मुकाती, अंकित शुक्ला, राहुल राठौर, पीयूष पाटीदार, सोनाली श्रीवास्तव, यशराज तोमर सहित भारतीय जनता पार्टी के जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता बंधु एवं समाज के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

## जिले में घरेलू गैस सिलेंडर,पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता- कलेक्टर

**बड़वानी ।** जिले में घरेलू रसोई गैस सहित ईंधन की पर्याप्त उपलब्धता है और आम उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है, उपभोक्ताओं को घबराने की आवश्यकता नहीं है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागृह बड़वानी में जिले में घरेलू गैस एवं ईंधन की निर्बाध आपूर्ति हेतु जिले के घरेलू गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों,पेट्रोल पंप संचालकों एवं केटरिंग असोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में बीपीसीएल, एचपीसीएल,आईओसीएल एजेंसियों के प्रतिनिधि वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्रीमती सिंह ने समस्त अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर एवं ईंधन वितरण की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जाए, ताकि आपूर्ति व्यवस्था सुचारू बनी रहे। किसी भी उपभोक्ता को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। उन्होने घरेलू गैस वितरक कंपनियों के प्रतिनिधियों को बफर स्टॉक रखने एवं प्रतिदिन मूल्यांकन कर माँग और वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के निर्देश भी दिए।

## अर्चना चिटनिस ने निमाड़ इंडस्ट्री कॉन्क्लेव हेतु मुख्यमंत्री से किया आग्रह

**बुरहानपुर।** जिले के नेपानगर में आयोजित जनजातीय सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की उपस्थिति में विधायक अर्चना चिटनिस ने बुरहानपुर जिले के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों को रखा। उन्होंने मुख्यमंत्री से बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित करने का आग्रह किया, जिसे मुख्यमंत्री ने स्वीकार कर लिया। बुरहानपुर में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव आयोजित किया जाएगा फूड प्रोसेसिंग, टेक्सटाइल, डेयरी, शुगर, एथेनॉल और अन्य कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा क्षेत्र में निवेश बढ़ेगा और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अर्चना चिटनिस के प्रयास-अर्चना चिटनिस ने मुख्यमंत्री के समक्ष निमाड़ क्षेत्र की औद्योगिक संभावनाओं, कृषि आधारित उद्योगों और निवेश के अवसरों का ठोस दृष्टिकोण प्रस्तुत किया।उन्होंने मुख्यमंत्री से बुरहानपुर की ऐतिहासिक धरा पर सम्राट विक्रमादित्य के जीवन पर आधारित नाटक का भव्य मंचन कराने का आग्रह किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अर्चना चिटनिस के कार्यों की सराहना की और कहा कि वे बुरहानपुर जिले के विकास और जनसेवा के लिए निरंतर सक्रिय और समर्पित हैं।

## गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पाये जाने पर 14 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त

**बड़वानी ।** जिले में घरेलू गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक



उपयोग की रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह के निर्देशन एवं अनुविभागीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में रविवार को बड़वानी में घरेलू गैस के व्यापारिक उपयोग को रोकने हेतु जांच की गई जिसमें रोहित पिता दिलीप जैन के टीन शेड गोदाम से 8 घरेलू सिलेण्डर खाली तथा 6 भरे कमर्शिलय इस प्रकार कुल 14 घरेलू गैस सिलेंडर जप्त किए गए। जप्त की गई सामग्री की कीमत 43600 रुपए है। उक्त प्रकरण में आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के तहत कार्यवाही की गई है। उक्त जांच में तहसीलदार बड़वानी सुश्री सोनू गोयल एवं श्री भूरमल बामने बड़वानी सम्मिलित रहे।

# प्रशासन और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है दिशा समिति की बैठक - सांसद पटेल

### बड़वानी जिले में 700 स्कूलों का होगा कायाकल्प

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी



जिले के सर्वांगीण विकास और जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्टरेट सभागृह में लोकसभा सांसद श्री गजेन्द्रसिंह पटेल की अध्यक्षता में जिला समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लोकसभा सांसद ने कहा कि जिला समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक प्रशासन और शासन की जन कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करती है। इस बैठक में जिले के विकास से संबंधित मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा कर निराकरण सुनिश्चित किया जाता है। सभी अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि निर्णयों को गंभीरता से लें और कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कराएं।

सांसद श्री पटेल ने स्पष्ट निर्देश दिए कि नगर पालिका परिषद और रूक्कष्ठष्ट द्वारा किए जा रहे कार्यों में यदि कोई तकनीकी समस्या आ रही है, तो शहरी विकास अभिकरण और पीएचई विभाग उसका तुरंत पुनर्निरीक्षण करें। कार्यों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

सांसद एवं विधायक निधि से स्वीकृत निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे जनप्रतिनिधियों को वस्तुस्थिति से अवगत कराएं और सभी लंबित कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूर्ण करना सुनिश्चित करें

सिंचाई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए सांसद श्री पटेल ने पाटी उद्वहन परियोजना के कार्यपालन यंत्री को जल वितरण की व्यवस्थित समय सारणी जारी करने के निर्देश दिए गए, ताकि किसानों को असुविधा न हो।

सेंधवा उदवहन सिंचाई परियोजना से संबंधित कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया वर्तमान में ग्राम सेगाँव, गोठानिया बालकुआँ, झोपाली एवं मोरदड में पंप हाउस एवं अन्य निर्माण कार्य प्रगतिरत है। क्रांतिसूर्य टंट्या मामा परियोजना के कार्यपालन यंत्री द्वारा बताया गया इस महत्वाकांक्षी परियोजना का २३ः कार्य पूर्ण हो चुका है, शेष कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस दौरान कलेक्टर ने जानकारी दी कि सिंचाई संबंधी समस्याओं के समाधान हेतु प्रति मंगलवार विभिन्न ग्रामों में जलसुनवाई आयोजित भी की जा रही है। वन ग्रामों से राजस्व ग्रामों में परिवर्तन की प्रक्रिया के तहत 64 ग्रामों का गजट नोटिफिकेशन हो चुका है, जिनमें से 60 ग्रामों के नक्शे भी एमपीएसईडीसी से प्राप्त हो चुके हैं।

बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवन्त सिंह पटेल, विधायक पानसेमल श्री श्याम बरडे, बड़वानी विधायक श्री राजन मण्डलोई, कलेक्टर श्रीमती जयति सिंह, जिला पंचायत सीईओ सुश्री काजल जावला, अपर कलेक्टर श्री सोहन कनास, जनपद पंचायत अध्यक्ष पाटी श्री थानसिंह सस्ते, राजपुर श्री मनोहरसिंह अवास्या सहित समिति के शासकीय, अशासकीय सदस्य तथा विभिन्न विभागो के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

## विश्व उपभोक्ता दिवस का हुआ आयोजन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

खादय नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता सरंक्षण विभाग बडतानी के द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति बड़वानी में कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें सर्वप्रथम खाद्य सुरक्षा विभाग से श्री पंकज ऑचल द्वारा पैक्ड खाद्य पदार्थ जिनमें निर्माण तिथि एक्सपायरी, उपयोग करने की अवधि, पदार्थ जिससे बना है उसके घटको की जानकारी, सामग्री की गुणवत्ता, दूध एवं दूध उत्पाद आदि में मिलावट को किस प्रकार से घर पर ही जाँचा जा सकता है जानकारी दी गई।

नापतौल विभाग के श्री अम्बिकेरा चौहान के द्वारा उपभोक्ताओं को पैक्ड सामग्री में पैकेट पर उपभोक्ता हेतु टोल फी नम्बर तथा पैकेट में पैक्ड मात्रा अंकित होना, आवश्यक होकर मिठाई खरीदी के दौरान डब्बे का वजन मिठाई के वजन में शामिल नहीं किया जाये तथा नाप बाट के नेगाशिक रूप से सत्यापित अवधि ए, बी, सी, डी में अंकित होकर सत्यापन ए - 26 अर्थात आगामी मार्च 27 तक वैध होगा । इसी प्रकार बी-26 अर्थात जून 2027 तक, सत्यापन सी-26 अर्थात अक्टूबर 2027 तक वैध होगा आदि जानकारी से अवगत कराया गया। उपभोक्ता सामग्री क्रय के दौरान तौल पर ध्यान दे तो वो ठगी से बच सकता है।

खाद्य विभाग से श्री भारत सिंह जमरे जिला आपूर्ति अधिकारी द्वारा विश्व उपभोक्ता दिवस के आयोजन के उद्देश्यों के संबंध में जानकारी देते हुए अवगत कराया कि विश्व उपभोक्ता दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं के अधिकारों एवं आवश्यकता के बारें में वैश्विक जागरुकता करना है तथा उपभोक्ताओ के मौलिक अधिकार जैसे, सुरक्षा चुनना, चुने जाना, सुचना पाना, सुने जाना, निवारण का अधिकार की जानकारी दी गई । उपभोक्ता फोरम जिला राज्य एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता फोरम की जानकारी से अवगत कराया गया, साथ ही विभाग अंतर्गत खाद्यान्न वितरण की जानकारी दी गई। जिसमें माह मार्च एवं अप्रैल 2026 दो माह का एक मुश्त खाद्यान्न 15 अप्रैल 2026 तक तथा मई एवं जून 2026 दो माह का एक मुश्त खाद्यान्न 31 मई 2026 तक वितरण किया जाना है जिसमे उपभोक्ता खाद्यान्न वितरण की पावती प्रत्येक माह के पृथक-पृथक बायो मेट्रिक सत्यापन कर वितरण मात्रा की पावती माहवार अनिवार्य प्राप्त करते हुए पावती अनुसार खाद्यान्न सामग्री वितरण पावती अनुसार उसी समय सामग्री प्राप्त करें। अंत में श्री गुलाबचन्द्र गुप्ता सदस्य उपभोक्ता हितेषी मंच बड़वानी के दवारा अवगत कराया गया कि छोटी छोटी सामग्री जैर जैसे सब्जी भाजी खरीदते दौरान तौल पर ध्यान दे उपभोक्ताओ को हितों की सुरक्षा स्वयं करनी होगी। जिसके लिए वो जागरुक रहे पुराने जमाने में चौकी से नाप कर खरीदी होती थी।

## जुआरियों को पकड़ने तीन थानों की पुलिस ने दबिश दी, 8 जुआरी गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद/भीकनगांव

थाना क्षेत्र के ग्राम सांगवी में खेत के पास जंगल में जुआ खेलते 8 लोगों को पकड़ा गया। पुलिस को देख आरोपी भागने लगे, लेकिन टीम ने पीछा कर इन्हें धरदबोचा। 2 आरोपी मौके से फरार हो गए। पकड़े गए आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। सूचना मिलने पर एसडीओपी राकेश आर्य के निर्देशन में स्पेशल टीम बनाई गई थी।थाना प्रभारी नीरज सारवान भीकनगांव, दीपक यादव गोगावां व सुदर्शन कलोसिया जैतापुर की टीम ने संयुक्त कार्रवाई की। टीआई सारवान ने बताया शुक्रवार को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कुछ लोग रोज जंगल में जगह बदलकर जुआ खेलते है। इसके बाद तीन थानों का दल बनाकर सांगवी के जंगल में घेराबंदी की।

जुआरियों के ठिकाने पर दबिश दी। यहां से मोहम्मद आरीफ (42) पिता अमीर मोहम्मद निवासी भील गली सनावद पुनर्वास, सलीम (55) पिता गफुर मंसुरी निवासी बेड़िया, असफाक अली (36) पिता इस्माइल अली निवासी इस्लामपुरा सनावद, मुराद खां (45) पिता पीरु खां निवासी फ्रीगंज गांजा गोदाम के पास सनावद, अजीमुद्दीन (54) पिता कुतुबुद्दीन निवासी कसाई मोहल्ला भीकनगांव, शेख कलीम उर्फ कय्या (32) पिता शेख करीम निवासी बैल बाजार सनावद, शंकर(34) पिता देवीसिंह सोलंकी निवासी साईराम नगर खंडवा व कमलेश उर्फ सुनील (28) पिता गुलाबचंद सोलंकी निवासी बेड़िया नई बस्ती को पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से ताश-पत्ते, 55 हजार 340 रुपए नकद, 3 बाइक, 7 मोबाइल फोन व एक कार जब्त की। टीआई ने बताया पूछताछ में फरार आरोपियों के नाम पप्पू पठान व छोटू पठान निवासी भीकनगांव सामने आए है। दोनों प्रति व्यक्ति 500 रुपए लेकर जुआ खिलाते थे। फरार आरोपियों की तलाश जारी है।

## जिले में डिजिटल मार्केटिंग के साथ होगा आर्टिफिसियल इन्टेलीजेन्स चैट जीपीटी

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ उज्जैन

भारत सरकार के सूक्ष्म लघु एवं मध्यम मंत्रालय के तत्वावधान में उद्यमिता विकास केंद्र मध्य प्रदेश (सेडमैप) द्वारा आयोजित एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र तथा शासकीय माधव साइंस पीजी कॉलेज,विवेकानंद कैरियर एवं एनएसएस के सक्रिय सहयोग से डिजिटल मार्केटिंग विथ आर्टिफिसियल इन्टेलीजेन्स चैट जीपीटी पर आधारित सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के उद्यमी एवं प्रबंधक /कर्मचारियों के लिए प्रबन्ध विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम सोमवार,16 मार्च से 20 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम के नव उद्यमियों को उद्यम स्थापित करने के लिये पर्सनेलिटी डेवलपमेंट एंड कम्युनिकेशन स्किल्स की जानकारी देना, प्रोजेक्ट का चयन करने में सहायता करने के साथ-साथ वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शासन की ऋण योजना की जानकारी देना एवं उद्यम स्थापित करने के लिये शासकीय प्रक्रिया में सहयोग प्रदान करना है। इसके अतिरिक्त एआई टूल्स एवं बिजनेस ग्रोथ स्ट्रेटजी एवं एमएसएमई डिजिटल मार्केटिंग में एआई के उपयोग, डिजिटल मार्केटिंग के प्रमुख प्लेटफॉर्म चैट जीपीटी / गूगल जैमिनी आदि का उपयोग, एआई से मार्केटिंग कंटेंट तैयार करना है तथा एआई की मदद से सोशल मीडिया कैंपेन बनाना, ऑनलाइन एडवरटाइजिंग, एआई टूल्स से कीवर्ड रिसर्च एवं एसईओ कंटेंट, ई-कॉमर्स एवं ऑनलाइन बिजनेस बी२बी , बी२सी एवं डी२सी बिजनेस मॉडल जैसे प्रमुख विषयों पर जानकारी विषय विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया जाएगा। इस तरह जहां एक ओर एमएसएमई को बढ़ावा मिलेगा वही दूसरी ओर नागरिकों को रोजगार के अवसर प्राप्त होगें।

प्रशिक्षण पूर्णतः निः शुल्क है। प्रशिक्षण के लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 40 वर्ष, शैक्षणिक योग्यता 10वी होना चाहिए। आवेदक मध्यप्रदेश का मूल निवासी हो अनुसूचित जाति को प्रथमिकता है।इच्छुक आवेदक निर्धारित निःशुल्क प्रारूप में अवेदन पत्र, दो पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता का प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड व जाति प्रमाण पत्र एवं चयनित उद्यम का उद्योग आधार पंजीयन के साथ आवेदक अतिशीघ्र आवेदन कर लाभ लेवें। प्रशिक्षण में 25 स्थान है। इसलिये प्रशिक्षणार्थियों का चयन पहले आओ पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा। प्रशिक्षण उपरान्त सभी प्रतिभागियों को एमएसएमई विभाग भारत सरकार का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

## लायंस क्लब सनावद स्नेह को सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड

### ला.अनिता जैन लायंस प्राइड ऑफ द रीजन अवार्ड से सम्मानित

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ सनावद



लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-1,रीजन- 11,झोन-1 की खंडवा में आयोजित रीजन कॉन्फ्रेंस में लायंस क्लब सनावद स्नेह ने अपनी सेवा गतिविधियों एवं बुलंदियों का परचम फहरा दिया और सर्वोत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वाधिक 11 अवार्ड हासिल किए। कॉन्फ्रेंस के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर ला.अनिल खंडेलवाल थे।अध्यक्षता रीजन चेयर पर्सन ला.राजीव मालवीय ने की। अतिथियों ने लायंस क्लब की एलसी आईएफ डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर ला.अनिता भागचंद जैन को लायंस क्लब के उद्देश्यों के अनुरूप सेवा कार्यों के सफल संपादन के लिए गौरवशाली श्रेय अलंकरण लायंस ऑफ द रीजन अवार्ड एवं नवीन क्लब के गठन के लिए न्यू क्लब स्पॉन्सर से सम्मानित किया। इसी प्रकार लायंस क्लब सनावद स्नेह के अध्यक्ष ला.भागचंद जैन को पर्यावरण संरक्षण हेतु वृक्षारोपण,यात्री प्रतीक्षालय की स्थापना,नवीन क्लब के गठन और सनावद नगर के विभिन्न स्थानों पर लायंस क्लब के बोर्ड स्थापित करने की सफलतम और उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष एवं लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ क्लब एवं लियो क्लब सनावद स्नेह को श्रेष्ठ क्लब का अवार्ड प्रदान किया गया। पर्यावरण संरक्षण के लिए 56 सौ पौधों के सफल रोपण के लिए लायंस क्लब सनावद स्नेह को सर्वश्रेष्ठ सेवा गतिविधि का अवार्ड प्रदान किया गया। इसी प्रकार उत्कृष्ट सेवा गतिविधियों के लिए लायंस क्लब स्नेह सनावद के सचिव ला.विपिन गुप्ता को श्रेष्ठ सचिव एवं ला. डॉ.श्वेता पंचोलिया को श्रेष्ठ कोषाध्यक्ष,ला.रजनीश जैन और ला.हेमंत दातार को सम्मानित किया गया।

## घर में मृत अवस्था में मिला अविवाहित युवक का शव, पिता दो दिन बाद लौटे तो चला पता

**रतलाम।** बिमारी के चलते शनिवार शाम को अविवाहित युवक की मौत घर के अंदर हो गई। शव दो दिन तक घर में ही रहा। पिता जब दो दिन बाद घर लौटे तो बेटे को मृत अवस्था में देखकर होश उड गए। इसकी सुचना तुरंत पुलिस को दी। घटना स्थल पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम हेतु मेडिकल कॉलेज भिजवाया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बद्रीलाल पिता वरदीचन्द सुतार 60 वर्षीय निवासी ग्राम डोसीगांव ने पुलिस को बताया की में और मेरा बेटा राजु पिता बद्रीलाल सुतार 35 वर्षीय दोनों अकेले डोसी गांव में रहते है। बाकी दो बेटे अपनी पत्नी और बच्चो के साथ अलग रहते है। दो माह पूर्व बेटे राजू को हार्ट अटैक की दिक्कत हुई थी। जिसके इलाज के लिए शहर के मेडिकल कॉलेज में उपचार के बाद इंदौर में भर्ती करवाया था। कुछ दिनों के इलाज के बाद बेटा राजू दवाइयां लेकर घर आ गया। दो दिन पूर्व मेरी तबियत ख?ाब हो गई, इलाज के लिए में सरकारी अस्पताल गया हुआ था। वापस घर लौटा तो दरवाजा खटखटाया, परन्तु दरवाजा नहीं खुला। दरवाजा तोड? पर बेटा राजू मृत अवस्था में मिला। सुचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने बताया की शव दो दिन पुराना होने की वजह से चमड़ी भी गल गई।

## दक्षिण के द्वार नेपानगर को बनायेंगे प्रदेश के विकास का प्रमुख द्वार- मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव नेपानगर में जनजातीय सम्मेलन में हुए शामिल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि नेपानगर अद्भुत नगरी है। यह कृषि और उद्योग का बेजोड़ संगम है। बुरहानपुर जिला मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक विविधता का जीवंत उदाहरण है। हम बुरहानपुर के एग्री एक्सपोर्ट और प्रोसेसिंग का हब बनाने की ओर बढ़ रहे हैं। प्रदेश के जनजातीय वर्ग का समग्र विकास हमेशा से ही हमारी पहली प्राथमिकता रही है। जनजातीय समाज के समग्र कल्याण के लिए नए वित्त वर्ष 2026-27 के सालाना बजट में 26 प्रतिशत की वृद्धि कर 47 हजार 428 करोड़ रुपए का बजट प्रावधान रखा है, जिससे जनजातीय वर्ग के चहुंमुखी विकास और कल्याण में कोई कमी न रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय पीएम जन-मन योजना और धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के अंतर्गत कराए जा रहे कार्य प्रदेश में जनजातीय कल्याण का नया अध्याय लिख रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकास तभी सार्थक है, जब इसके प्रकाश का पूरा लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जिन विकास कार्यों की सौगात मिली है, यह इस क्षेत्र के जनजातीय बंधुओं के कल्याण में मील का पत्थर साबित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि इतिहास के पन्नों में नेपानगर दक्षिण के द्वार के रूप में अंकित है। कभी खानदेश और दक्षिण की काशी के रूप में पहचाने जाने वाले नेपानगर को हमारी सरकार महाराष्ट्र के छोर पर मध्यप्रदेश के विकास के प्रमुख द्वार के रूप में विकसित करेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में दो प्रमुख सिंचाई परियोजनाओं (झिरमिट्टी मध्यम सिंचाई परियोजना एवं नावथा वृहद सिंचाई परियोजना) को शासकीय मंजूरी मिलने की जानकारी देते हुए कहा कि ये सिंचाई परियोजनाएं इस क्षेत्र के 34 हजार 400 किसान परिवारों की तकदीर और तस्वीर बदल देंगी। उन्होंने बताया कि कुल 2598.97 करोड़ रुपये की इन दोनों परियोजनाओं से जनजातीय बहुल क्षेत्र में 51800 हेक्टेयर कृषि रकबे में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। इन परियोजनाओं से 132 गांव लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने क्षेत्रीय किसानों से अपील करते हुए कहा कि वे किसी के भी अनर्गल प्रलाप से कतई प्रभावित न हों। इन परियोजनाओं के निर्माण में हमारी सरकार किसी भी व्यक्ति या किसान को घर से बेघर नहीं होने देगी। हम सबके हितों का बराबर ध्यान रखेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नेपानगर पेपर मिल इस क्षेत्र की पहचान है। यह मिल हमेशा की तरह चलती रहेगी। इसे चलाए रखने के लिए हम सभी व्यवस्थाएं और समुचित प्रबंधन करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार इस मिल के कागज भी खरीदेगी और श्रमिक को उसके रोजगार से जोडे.रखेगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीते एक माह के दौरान ही दो कार्यक्रमों में बुरहानपुर जिले को करीब 1100 करोड़ रुपए से अधिक के विकास कार्यों की सौगातें मिली हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुरहानपुर के शासकीय महाविद्यालय में कृषि संकाय की पढ़ाई प्रारंभ कराने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेपानगर में डॉ. हेडगेवार की स्मृति में एक आकर्षक उद्यान बनाया जाएगा। धुलकोट के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत किया जाएगा।

## न्यूज -कॉलम

### झोले में बीयर लेकर खड़ा था व्यक्ति, पुलिस ने दबोचा



**उज्जैन।** अवैध शराब की तस्करी और बिक्री पर अंकुश लगाने के लिए जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत नागदा के बिरलाग्राम थाना पुलिस ने एक व्यक्ति को अवैध रूप से बीयर रखते हुए पकड़ा है। पुलिस ने आरोपी के पास से विभिन्न ब्रांड की कुल 28 कैन बीयर जब्त कर उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार कस्बा भ्रमण के दौरान टीम को मुखबिर से सूचना मिली थी कि रंगोली ढाबा के बाहर एक व्यक्ति झोले में अवैध शराब लेकर खड़ा है और कहीं जाने की फिराक में है। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति झोला लेकर खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देखते ही वह भागने का प्रयास करने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हिरालाल पिता किशनलाल (59) निवासी श्रीराम कॉलोनी, मनोहर वाटिका के पीछे, नागदा बताया। हाथ में पकड़े झोले की तलाशी लेने पर लेमाउंट कैन बीयर 12 नग, लेमाउंट बीयर 6 नग और किंगफिशर बीयर 10 नग बरामद हुई। जब्त बीयर की कुल कीमत करीब 5,200 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी से शराब रखने और बेचने के संबंध में लाइसेंस के बारे में पूछताछ की, लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद उसके खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई है। पुलिस के अनुसार आरोपी के खिलाफ पूर्व में भी आबकारी अधिनियम से जुड़े मामले दर्ज हो चुके हैं, जिससे अवैध शराब के कारोबार से उसका संबंध होने की आशंका जताई जा रही है। कार्रवाई में थाना प्रभारी जितेंद्र पाटीदार, प्रधान आरक्षक गणेश पटेल, आरक्षक सोदागर जाट और आनंदसिंह की प्रमुख भूमिका रही।

### नगर निगम का होली मिलन समारोह सम्पन्न



**उज्जैन।** रविवार को नगर निगम के स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ, सफाई कामगार संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ का होली मिलन समारोह मंगलनाथ रोड स्थित श्री गौड ब्राह्मण समाज के नीलकंठ महादेव प्रांगण में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा, महापौर मुकेश टटवाल एवं निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा की उपस्थिति में समारोह पूर्वक आयोजित हुआ समारोह का शुभारंभ सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करते हुए किया गया तत्पश्चात कर्मचारी संघ के संरक्षक रामचंद्र कोरट द्वारा उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला एवं गुलाल लगाकर स्वागत सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर मुकेश टटवाल द्वारा कहा कि नगर निगम के परिवार में सभी मिलजुल कर कार्य करते हैं जो समस्याएं कर्मचारी संघ द्वारा बताई जाती है उसका तत्काल निराकरण किया जाता है क्योंकि नगर निगम के कर्मचारियों की मांगो को ध्यान में रखेंगे तो कार्य को लेकर सकारात्मकता आएगी। निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा द्वारा कहा कि निगम में कार्य करते हुए परिवार से ज्यादा जुड़ाव नगर निगम के स्टाफ से हो जाता है क्योंकि दिन रात आप सभी के बीच रहते हुए कार्य संपन्न किए जाते हैं आप सभी के सहयोग से निगम की सारी व्यवस्थाएं समुचित ढंग से होती है कार्य के साथ-साथ अपनी सेहत एवं सुरक्षा का भी ध्यान रखें साथ ही टीम भावना के रूप में कार्य करते हुए एक जुट होकर कार्य करें इस दौरान डॉ पवन व्यास, नितिन मुसले , शैलेश नागर, मनसुख मेहरवाल, संदीप कलोसिया, रमेश रघुवंशी, रामचंद्र नागर, अनिल शर्मा, पीएल टटवाल, एम. रिजवानी एवं कर्मचारी उपस्थित रहें।

### विक्रम उत्सव 2026-मुख्य कार्यक्रम की तैयारी शुरू

**उज्जैन।** महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ एवं संस्कृति विभाग, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित विक्रम उत्सव 2026 का मुख्य कार्यक्रम 19 मार्च को शाम 7 बजे शिप्रा तट पर आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्य कार्यक्रम के सफल और निर्विघ्न आयोजन की कामना को लेकर रविवार सुबह शिप्रा तट पर मां शिप्रा और भूमि का विधिवत पूजन किया गया। पूजन महाराजा विक्रमादित्य शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी एवं समाजसेवी नरेश शर्मा द्वारा संपन्न किया गया। पूजन पंडित गौरव जी उपाध्याय ने करवाया। शोध पीठ के निदेशक श्रीराम तिवारी के अनुसार 19 मार्च को आयोजित कार्यक्रम सृष्टि आरंभ दिवस ङ्क उज्जयिनी गौरव दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर सम्राट विक्रमादित्य अलंकरण भी प्रदान किए जाएंगे, जिनमें अंतरराष्ट्रीय सम्मान (एक करोड़ एक लाख रुपये), राष्ट्रीय सम्मान (इक्कीस लाख रुपये) तथा तीन राज्य स्तरीय सम्मान (पांच-पांच लाख रुपये) शामिल हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रकाशन लोकार्पण भी होगा, जिसमें कालगणना केंद्रित विक्रम पंचांग 2083, भारत निधि (मोनोग्राफ), आर्य भारत, 84 महादेव तथा विक्रमांक (पत्रिका) का विमोचन किया जाएगा। इसी के साथ मुख्य आयोजन के लिए शिप्रा तट पर वृहद मंच का निर्माण कार्य भी प्रारंभ हो गया है।

# उच्च अध्ययन के लिए कनाड़ा गए उज्जैन के छात्र की हत्या

### सवा साल पहले गया था कनाडा, आपसी विवाद में हुआ हमला, परिवार ने सरकार से शव को उज्जैन लाने के लिए मदद मांगी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन





सवा साल पहले उच्च अध्ययन के लिए कनाडा गए उज्जैन निवासी सिख छात्र गुरकीरत पिता गुरमीत मनोचा 26 वर्ष की वहां कालेज के छात्रों में आपसी विवाद में कुछ युवकों ने हमला कर हत्याकर दी है। विवाद में इसी युवक को चोंट आई। घटना की जानकारी अन्य भारतीय छात्रों ने पहले सोश्यल मिडिया से परिवार को दी बाद में मोबाईल काल पर घटना की पुष्टि की है।

सवा साल पहले गुरूकीरत उज्जैन से बिजनेस मैनेजमेंट की पढ़ाई करने फोर्ट सेंट जॉन, ब्रिटिश कोलंबिया नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज गए थे। वे नॉर्दर्न लाइट्स कॉलेज में बिजनेस मैनेजमेंट पोस्ट-डिग्री डिप्लोमा प्रोग्राम की पढ़ाई कर रहे थे। उनके परिवारजनों के अनुसार शनिवार 14 मार्च 2026 को वहां पर कालेज के छात्रों में आपसी विवाद के बाद चार्ली लेक के समीप उन पर जानलेवा हमला किया। इसमें गुरकीरत की मौत हो गई। परिवार में इस वारदात की सूचना कनाडा में रहने वाले उनके एक मित्र ने देर रात फोन पर गुरकीरत के भाई प्रबकीरत सिंह मनोचा, निवासी रायपुर, को दी।

गुरकीरत के रायपुर निवासी भाई को उसके मित्र जालंधर निवासी कौशल झा ने घटनाक्रम की पुष्टि की है। मृतक के पिता श्री गुरजीत सिंह मनोचा उज्जैन में देवास रोड स्थित ष्ट-86 पार्श्वनाथ सिटी में निवास करते हैं। वर्तमान में कनाडा पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच पूरी होने के बाद ही घटना के कारण और अन्य विस्तृत जानकारी स्पष्ट रूप से सामने आ सकेगी। मृतक छात्र के भाई प्रबकीरत ने हमले में मात्र गुरकीरत को ही चोंट आने पर सवाल उठाया है। उनके अनुसार कनाडा पुलिस ने गुरकीरत की पहचान के लिए हमें फोटो भेजकर संबंधित प्रक्रिया की जांच में शामिल किया है। उनके अनुसार पिता गुरमीत सिंग मनोचा एफएमसीजी व्यापार से जुडे हैं और वे खुद रायपुर में कमर्शियल वर्किंग से जुडे हुए हैं। परिवार में वे दोनों पुत्र ही हैं उनकी कोई बहन नहीं है। गुरकीरत अविवाहित थे। प्रबकीरत ने बताया की वे भारत सरकार की मदद से अपने भाई के शव को यहां लाकर उसका अंतिम संस्कार करना चाहते हैं।

# आठ माह की गर्भवती महिला बाथरूम में फंदे पर लटकी मिली

### नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में गर्भवती महिला की संदिग्ध मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन

नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में रविवार सुबह आठ माह की गर्भवती महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। महिला बाथरूम के अंदर फंदे पर लटकी मिली। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के अनुसार मृतका की पहचान निर्मला (32) पति मायापुरी के रूप में हुई है। वह मूल रूप से गुना जिले के सुसनेर क्षेत्र की रहने वाली थी निर्मला ने मायापुरी नामक युवक से प्रेम विवाह किया था और वह वर्तमान में अपने पति मायापुरी के साथ ही उज्जैन में रह रही थी। बताया जाता है कि मायापुरी निर्मला से 6 साल छोटा है प्रारंभिक जानकारी में सामने आया है कि निर्मला करीब आठ माह की गर्भवती थी।

#### सुबह दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला शव

पुलिस के मुताबिक रविवार सुबह जब मायापुरी की नींद खुली तो बाथरूम का दरवाजा अंदर से बंद था। आवाज देने पर भी अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। संदेह होने पर उसने दरवाजा तोड़ा तो निर्मला फंदे पर लटकी हुई मिली। इसके बाद उसने उसे नीचे उतारा और पुलिस को सूचना दी। जांच में सामने आया है कि निर्मला और मायापुरी ने प्रेम विवाह किया था। बताया जा रहा है कि मायापुरी उम्र में निर्मला से करीब छह साल छोटा है और शहर के एक मैरिज गार्डन में सिक्योरिटी गार्ड के रूप में काम करता है।

#### गुना जाने वाले थे दोनों..

पति मायापुरी ने पुलिस को बताया कि दोनों को अंतरजातीय विवाह प्रोत्साहन योजना के तहत मिलने वाली सरकारी राशि के संबंध में गुना जाना था। लेकिन उसे नौकरी से छुट्टी नहीं मिलने के कारण उसे गुना जाना कैंसिल करना पड़ा। इसी बात को लेकर शनिवार रात पति-पत्नी के बीच कहासुनी भी हुई थी।

#### पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद स्थिति होगी स्पष्ट

सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस का कहना है कि मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने और जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## महाकाल दर्शन के लिए आया श्रद्धालु चोरों का निशाना बना

### रात में सोते समय अज्ञात बदमाश ने किया हाथ साफ, जीआरपी में शिकायत दर्ज..



**उज्जैन।** धार्मिक नगरी में दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को रेलवे स्टेशन क्षेत्र में सक्रिय छोटे अपराधियों से सतर्क रहने की जरूरत है। ताजा मामले में महाकाल दर्शन के लिए आए बिहार के एक श्रद्धालु का मोबाइल फोन रेलवे स्टेशन के मुसाफिरखाने से चोरी हो गया। घटना उस समय हुई जब यात्री रात में गहरी नींद में सो रहा था।

जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार बिहार निवासी अमन शनिवार को उज्जैन पहुंचा था। वह बाबा महाकाल के दर्शन के लिए शहर आया था और रात होने पर रेलवे स्टेशन स्थित मुसाफिरखाने में ठहर गया। देर रात वह वहीं सो गया। इसी दौरान किसी अज्ञात बदमाश ने मौके का फायदा उठाते हुए उसका मोबाइल फोन चोरी कर लिया।

सुबह जब अमन की नींद खुली तो उसने देखा कि उसका मोबाइल फोन गायब है। आसपास तलाश करने के बाद भी मोबाइल नहीं मिलने पर उसने तत्काल जीआरपी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रारंभिक तौर पर पुलिस रेलवे स्टेशन परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, ताकि संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की जा सके। रेलवे स्टेशन और मुसाफिरखाने जैसे सार्वजनिक स्थानों पर यात्रियों की भीड़ और लापरवाही का फायदा उठाकर इस तरह की घटनाएं अक्सर सामने आती हैं।

### लोक अदालत में निगम को मिला 7.48 करोड़ का राजस्व

**उज्जैन।** वित्तीय वर्ष की अंतिम नेशनल लोक अदालत नगर निगम के लिए राजस्व संग्रह के लिहाज से बेहद सफल साबित हुई। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में निगम ने एक ही दिन में 7 करोड़ 48 लाख 12 हजार 824 रुपए की कर वसूली दर्ज की। इसमें 6 करोड़ 91 लाख 84 हजार 817 रुपए संपत्तिकर तथा 56 लाख 28 हजार 7 रुपए जलकर के रूप में प्राप्त हुए। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के प्रत्यक्ष मार्गदर्शन और निगरानी में यह विशेष अभियान चलाया गया। सुबह 7 बजे से ही निगम के सभी जोन कार्यालयों में राजस्व अमला सक्रिय हो गया था और देर रात करीब 11 बजे तक कर वसूली का सिलसिला जारी रहा। निगम प्रशासन ने इस अभियान के तहत करदाताओं को बकाया कर जमा करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ ही राहत योजनाओं का लाभ भी उपलब्ध कराया। लोक अदालत के दौरान बड़ी संख्या में करदाता स्वयं जोन कार्यालयों में पहुंचे और अपने बकाया संपत्तिकर व जलकर का भुगतान किया। इसके साथ ही निगम के राजस्व अमले ने बड़े बकायादारों से सीधे संपर्क कर वसूली की प्रक्रिया तेज की।

# बेटी के प्रेम विवाह से दुःखी होकर पिता ने लगाई फांसी

### मृतक के पास से मिले सुसाइड नोट में लिखा पड़ोस में रहने वाली महिला ने मेरा घर उजाड़ दिया, मैं समाज में मुंह दिखाने के काबिल नहीं बचा

दैनिक अवन्तिका ▶▶ उज्जैन



नागझिरी क्षेत्र के ग्राम मानपुरा में रहने वाले एक व्यक्ति ने बेटी द्वारा प्रेम विवाह करने से दुखी होकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी पुलिस ने बरामद किया है जिसमें लिखा है कि पड़ोस में रहने वाली महिला ने उसे कहीं का नहीं छोड़ा। उसकी पुत्री को प्रेम विवाह करने के लिए उकसाया और गांव के एक युवक के साथ प्रेम विवाह करवाया और दोनों भाग गए। मैं समाज में मुंह दिखाने के काबिल भी नहीं बचा हालांकि पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।

पुलिस परिजनों के बयान लेकर पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

नागझिरी थाना पुलिस ने बताया कि मानपुरा में रहने वाले जीवनसिंह धोलपुरिया पिता तेजाराम ने फांसी लगा ली। फांसी लगाने से पहले जीवन सिंह ने नीलगंगा क्षेत्र में रहने वाले अपने जीजा भगवान सिंह को फोन कर कहा कि मैं फांसी लगाकर आत्महत्या कर रहा हूं। जीजा ने उसे कहा कि ऐसा कदम मत उठाना और इसकी जानकारी जीजा ने तुरंत पुलिस और जीवन सिंह के परिवार के सदस्यों को दी। परिवार के सदस्य व पुलिस घर पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। फंदे से उतारकर उसे अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। पुलिस ने मृतक के पास से एक सुसाइड नोट भी बरामद किया है जिसमें मृतक ने लिखा है कि पड़ोस में रहने वाली एक महिला भूरी बाई ने उसे परेशान कर रखा था तथा उसका घर उजाड़ में इस महिला का हाथ है। उसकी पुत्री द्वारा जो प्रेम विवाह किया गया है। उसमें भी पड़ोस में रहने वाली महिला भूरी बाई व उसके पति राहुल का हाथ है। इन दोनों ने ही मेरी बेटी को बहला फुसलाकर उसका विवाह लखन से करवा दिया और दोनों भाग गए। इस वजह से मैं समाज में मुंह दिखाने के काबिल भी नहीं बचा । इस कारण में काफी दुखी हूं। जीवन सिंह ने सुसाइड नोट में लिखा कि इन तीनों ने मेरे जीवन को नर्क बना दिया है।

#### परिवार में दो बेटी और एक बेटा

जीवनसिंह के भाई ने बताया कि जीवन की दो बेटियां और एक बेटा है। वह एमपीइबी में ठेके पर काम करता था। पुलिस मामले में जांच कर रही है। पुलिस मामले में मृतक के परिजनों के बयान लेकर पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

## कलेक्टर ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया



**उज्जैन ।** राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव आगामी 17 मार्च को सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होंगे। साथ ही मुख्यमंत्री डॉ यादव के द्वारा शिप्रा विहार में बनने वाले गीता भवन का भूमि पूजन भी किया जाएगा।

इसी के मद्देनजर कलेक्टर रौशन कुमार सिंह के द्वारा रविवार को अन्य प्रशासनिक अधिकारियों के साथ राज्यपाल और मुख्यमंत्री डॉ यादव के कार्यक्रम स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा वहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए?। इस दौरान नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रेयांस कूमट, सीईओ उज्जैन विकास प्राधिकरण संदीप सोनी एवं अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

### जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, मेरे पक्षकार अजय राठौर पिता कैलाश राठौर, मानसिंह महावर पिता स्व. श्री मांगीलाल महावर द्वारा श्रीमती अनिताबाई पति स्व. कैलाश चौहान निवासी शास्त्री नगर, गली नं.9 उज्जैन से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि सर्वे क्र. 507/2/1/1 रकबा 0.215 स्थित ग्राम चन्देसरी तहसील व जिला उज्जैन को क्रय किये जाने का अनुबंध किया गया है एवं बयाना राशि भी अदा कर दी गई है। मेरे पक्षकारगण उपरोक्त वर्णित भूमि के विक्रय पत्र सम्पादन की कार्यवाही करने हेतु अग्रसर हो रहे है एवं इस संबंध में मेरे पक्षकार गणों द्वारा आवश्यक अन्य प्रक्रियात्मक कार्यवाहियां कर ली गई है एवं विक्रेता को भी सूचना दे दी गई है। ऐसी स्थिति सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि, कोई भी व्यक्ति या संस्था या बैंक, फाईनेंस कम्पनी उपरोक्त वर्णित श्रीमती अनिताबाई पति स्व. कैलाश चौहान से उपरोक्त वर्णित भूमि खरीदने, बंधक, गिरवी, दान या अन्य किसी भी प्रकार से रहन करने संबंधी कार्यवाही या दस्तावेज का सम्पादन न करने ऐसा कोई दस्तावेज सम्पादन किये जाने या अन्य कोई व्यक्ति से उपरोक्त भूमि का अनुबंध पाये जाने या लोन पाया जाने की समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति या संस्था या बैंक, फाईनेंस कम्पनी की रहेगी। सो सूचित हो। इति दिनांक 13/03/2026

**गौरव शर्मा, एडवोकेट**
**निवास-175/4, शास्त्री नगर, उज्जैन म.प्र.**
**मो. 99073-17048**

### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पक्षकार ने भवन स्वामी श्री धर्मेन्द्र कटारे पिता श्री विश्वनाथ कटारे, निवासी-ग्राम राजौआ, सागर (म.प्र.) से इनके स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन क्रमांक 231 का पूर्व दिशा वाला भाग, वर्तमान म्यु. क्रमांक 231/1, जो कि वृन्दावन धाम, उज्जैन (म.प्र.) पर स्थित है जिसके भूखण्ड का कुल क्षेत्रफल 44.06 वर्गमीटर को क्रय करने का सौदा भवन स्वामी से तय किया है तथा बयाना राशि अदा कर दी है तथा शीघ्र ही विक्रय पत्र संपादित कराने के पक्ष में है। यदि उक्त भवन के विक्रय को लेकर किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, सोसायटी, साहूकार आदि को किसी भी प्रकार की कोई उज्र आपत्ति हो या किसी भी प्रकार का कोई अन्य क्लेम आदि हो अथवा ऋण, भार बकाया हो अथवा यह सम्पत्ति किसी के पक्ष में रहन हो अथवा किसी के पक्ष में कोई अनुबंध पत्र या इस भवन से संबंधित मुख्त्यारनामा आम या मुख्त्यारनामा खास हो तो ऐसी उज्र आपत्ति इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस अंदर मुझे मेरे कार्यालय में लिखित रूप से मय प्रमाणित दस्तावेजों के आपत्ति दर्ज करा लेवे। अवधि व्यतीत होने के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी। सूचित हो।

इति दिनांक 16.03.2026


**डॉ. एस.के. शर्मा एडव्होकेट-उज्जैन**
**ऑ.नं. 04, तल मंजिल, मकान नंबर 15,**
**बख्तावर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन मो. 9300707767**

### जाहिर-सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड के समक्ष राजू प्रजापत पिता श्री मनोहरलाल प्रजापत एवं सोनू प्रजापत पिता श्री राजू प्रजापत निवासीगण-56, कंचन विहार कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) द्वारा मोहम्मद इलियास पिता मोहम्मद युसुफ निवासी-108/1, विकास प्राधिकरण क्वार्टर बेगमबाग कॉलोनी, उज्जैन (म.प्र.) से उनके स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य का फ्रीहोल्ड राईट्स का म्युनिसिपल भूखण्ड क्रमांक 1/1/2 जिसका कुल क्षेत्रफल 69.64 वर्गमीटर स्थित यंत्र महल मार्ग नंबर 01, उज्जैन (म.प्र.) जिसके पूर्व में-भवन मनी भाई, पश्चिम में-भवन श्रीमती हुसैन बी पति श्री हनीफ, उत्तर में-गनी भाई की भूमि एवं दक्षिण में-नाला बाद सड़क है, को क्रय करने हेतु ऋण सुविधा की मांग की है, उक्त भूखण्ड के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज निम्नानुसार है-पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दिनांक 06.01.1989 जिसके द्वारा मनी भाई पिता श्री रणछौड़ भाई ने बद्रीलाल पिता श्री मंगल को विक्रय किया गया, पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 4794 दिनांक 08.12.2006, पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक एमपी 432022021ए1719765 दिनांक 24.08.2021, किन्तु उक्त दस्तावेजों में से पंजीकृत पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दिनांक 06.01.1989, पंजीकृत विक्रय पत्र लेख दस्तावेज क्रमांक 4794 दिनांक 08.12.2006, को मोहम्मद इलियास पिता मोहम्मद युसुफद्वारा कहीं गुम हो गया है, जो काफी ढूंढने के पश्चात् भी प्राप्त नहीं हो रहा है, उक्त दस्तावेज का कहीं दुरूपयोग नहीं किया जाने का कथन किया है । उक्त संपत्ति को बंधक किये जाने के संबधं में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निकाय, शासकीय अर्द्धशासकीय संस्था का या स्थानीय शासन का कोई ऋण भार, बोझ, हित, अधिकार, आधिपत्य, डिक्री या वारिसान आदि का कोई हक, हित या भार हो या उक्त मूल दस्तावेज किसी व्यक्ति के पास बंधक हो तो वह मय प्रमाण के मुझसे इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर सप्रमाण मुझे कार्यालयीन समय में लिखित में आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा बाद मियाद अवधि उक्त संपत्ति को पी.एन.बी. हाऊसिंग फायनेंस लिमिटेड द्वारा बधंक कर लिया जावेगा तत्पश्चात कोई आपत्ति मेरे पक्षकार के हितों पर बंधनकारक नही होगी । सो सूचित हो । दिनांक:-13.03.2026

**विवेक गुप्ता एडवोकेट**
**11/1, घटकरपर मार्ग, फ्रीगंज, उज्जैन म.प्र.**
**मोबाईल नंबर-9827228461**

## सुबह उठकर नहीं देखना चाहिए आईना



दिन की शुरूआत अगर बेहतर हो तो सारे काम अच्छे होते हैं। इसलिए हमारे मन में सुबह उठते ही यह ख्याल आता है कि हमारा दिन अच्छा जाए। लेकिन हम में से कई लोग हैं जिनकी सुबह उठकर सबसे पहले शीशा देखने की आदत होती है। लेकिन वास्तु शास्त्र के हिसाब से लोगों की यह आदत सही नहीं है। इस आदत से उसके जीवन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसको लेकर क्या कहता है वास्तु विज्ञान- वास्तु विज्ञान के मुताबिक जब व्यक्ति सोकर उठता है तो उसके शरीर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रभाव रहता है और निगेटिव एनर्जी का असर सबसे ज्यादा चेहरे पर होता है। इस स्थिति में जब हम सुबह उठते ही आइना देखते हैं तो वह नकारात्मक ऊर्जा आंखों के जरिए एक बार फिर हमारे अंदर प्रवेश कर जाती है। इसलिए हमें मुंह धोने के बाद ही शीशा देखना चाहिए। सुबह उठकर करें ये काम- सबसे पहले तो सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठना चाहिए। इसके बाद शौच इत्यादि से निवृत्त होकर ईश्वर की का ध्यान लगाएं और उनकी आराधना करें। इसके बाद योग व्यायाम करें। संभव हो तो मॉर्निंग वॉक पर जाएं या सुबह दौड़ लगाएं। इससे आप दिनभर ऊर्जावान रहेंगे और मन में सकारात्मक विचार आएंगे।



**सम्पादकीय**

## ईरान की सशर्त सदाशयता

पश्चिम एशिया में चल रहे ईरान व इजराइल-अमेरिका युद्ध के 15वें दिन में पहुंच जाने के बाद अब यह लगने लगा है कि इसकी विभीषिका से दुनिया की पूरी अर्थव्यवस्था पर गंभीर संकट आ सकता है परन्तु इसके साथ ही भारत को लेकर ईरान की तरफ से जो संकेत आये हैं उनसे लगता है कि वे दोनों देशों के बीच रहे ऐतिहासिक व सांस्कृतिक सम्बन्धों की ऊर्जा से निस्तेज नहीं हुए हैं। दुनिया जानती है कि इस युद्ध के शुरू होने के बाद ईरान ने अपने समुद्री मार्ग के होर्मुज जलडमरू मध्य की नाकेबन्दी इस प्रकार कर दी है कि इससे दुनिया के वाणिज्यिक जलपोत गुजर ही न सकें जबकि इस संकरे रास्ते से दुनिया के 20 प्रतिशत कच्चे पेट्रोलियम तेल का यातायात होता है। इसमें भारत का 50 प्रतिशत से अधिक कच्चा तेल व 80 प्रतिशत प्राकृतिक गैस का आयात भी शामिल है। अतः हमारे देश के लिए यह जलडमरू मध्य बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम अपनी कुल पैट्रोल व डीजल जरूरत की भरपाई 80 प्रतिशत से अधिक तेल आयात करके ही करते हैं जबकि गैस की आपूर्ति इससे भी ऊपर आयात करके की जाती है।

भारत में ईंधन गैस की कमी होने की मुख्य वजह यही है कि इस जलडमरू मध्य के रास्ते से भारतीय मालवाहक पोत नहीं गुजर पा रहे हैं परन्तु कल ईरान ने इस समुद्र में खड़े दो भारतीय मालवाहक पोतों शिवालिक व नन्दा देवी को इससे गुजरने की अनुमति दे दी। इन पोतों पर ईंधन गैस ही लदी हुई है। ईरान की इस सदाशयता को हमें युद्ध से उपजे पारिस्थितिक सन्दर्भों में ही देखना होगा और तद्नुरूप अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा करते हुए रणनीति तय करनी होगी। पिछले दिनों प्रधानमन्त्री श्री नरेन्द्र मोदी ने ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन से भी फोन पर वार्ता की जबकि भारत के विदेश मन्त्री एस. जयशंकर ईरानी विदेश मन्त्री से श्री अरागची से अब तक चार बार फोन पर वार्ता कर चुके हैं। इससे पता चलता है कि दोनों देशों के बीच कूटनीतिक गर्मजोशी जारी है। इस गर्मजोशी को भारत में ईरान के राजदूत मोहम्मद फथाली ने बहुत खूबसूरत शब्दों में व्यक्त किया है जिनसे ध्वनित होता है कि ईरान भारत के साथ अपने पूर्व सम्बन्धों को देखते हुए दोस्ती बरकरार रखना चाहता है और आपसी समीकरणों को मजबूत करना चाहता है। फथाली से एक समारोह के बाद यह पूछा गया था कि क्या ईरान होर्मुज जलडमरू मध्य से गुजरने की भारतीय पोतों को इजाजत देगा तो उन्होंने उत्तर दिया कि भारत हमारा मित्र देश है क्योंकि हमारे हित एक समान हैं और हमारा विश्वास भी एक समान है।

### सर्वोच्च न्यायालय ने मुस्लिम महिलाओं के शरिया कानून के बाबत समान नागरिक संहिता कानून लाने की बात कही

## विधायिका लाए नागरिकों के लिए समान कानून

सर्वोच्च न्यायालय ने मुस्लिम महिलाओं को उत्तराधिकार में पुरुशों के बराबर अधिकार देने की मांग से जुड़े एक मामले पर सुनवाई करते हुए समान नागरिक संहिता के परिप्रेक्ष्य में कहा कि अब इसे लागू करने का समय आ गया है। षीर्श अदालत ने यह टिप्पणी 1937 के षरिया कानून के प्रावधानों को मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभावपूर्ण बताते हुए इसे निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिका पर की है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जोयमाल्या बागची और आर महादेवन की पीठ ने कहा कि ह्यसभी धर्मों की महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए एक समान कानून की जरूरत है। लेकिन केवल विधायिका को ही इस पर विचार करना चाहिए, क्योंकि न्यायालय शरिया उत्तराधिकार कानून को खत्म करता है तो इससे कानून में शून्य की स्थिति पैदा हो जाएगी।ह्य यह जनहित याचिका पोलोमी पाविनी एवं आयशा जावेद ने दाखिल की हुई है। हालांकि गोवा और उत्तराखंड राज्यों में समान नागरिक संहिता लागू हो चुकी है, इसका अनुसरण अन्य,राज्य भी करने को स्वतंत्र हैं।



प्रमोद भार्गव
(दैनिक अवन्तिका)

संविधान में दर्ज नीति-निर्देशक सिद्धांत यही अपेक्षा रखता है कि समान नागरिकता लागू हो। जिससे देष में रहने वाले हर व्यक्ति के लिए एक ही तरह का कानून वजूद में आ जाए, जो सभी धर्मों, संप्रदायों और जातियों पर लागू हो। आदिवासी और घूमंतू जातियां भी इसके दायरे में आएं। केंद्र में सत्तारूढ़ राजग सरकार से यह उम्मीद ज्यादा इसलिए है, क्योंकि यह मुद्दा भाजपा के बुनियादी मुद्दों में षामिल है। इसमें सबसे बड़ी चुनौतियां बहुधर्मों के व्यक्तिगत कानून और वे जातीय मान्यताएं हैं,जो विवाह, परिवार, उत्तराधिकार और गोद जैसे अधिकारों को दीर्घकाल से चली आ रही क्षेत्रीय, सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं को कानूनी स्वरूप देती हैं। इनमें सबसे ज्यादा भेद महिलाओं से बरता जाता है। एक तरह से ये लोक प्रचलित मान्यताएं महिला को समान हक देने से खिलवाड़ करती हैं। लैंगिक भेद भी इनमें स्पश्ट परिलक्षित हैं। मुस्लिमों के विवाह व तलाक कानून महिलाओं की अनदेखी करते हुए पूरी तरह पुरुशों के पक्ष में हैं। ऐसे में इन विरोधाभासी कानूनों के तहत न्यायपालिका को सबसे ज्यादा चुनौती का सामना करना पड़ता है। अदालत में जब पारिवारिक विवाद आते हैं तो अदालत को देखना पड़ता है कि पक्षकारों का धर्म कौनसा है ? और फिर उनके धार्मिक कानून के आधार पर विवाद का निराकरण करती हैं। इससे व्यक्ति का मानवीय पहलू तो प्रभावित होता ही है, अनुच्छेद 44 की भावना का भी अनादर होता है। दरअसल ब्रिटिषकालीन भारत-1772 में सभी धार्मिक समुदायों के लिए विवाह, तलाक और संपत्ति के उत्तराधिकार से जुड़े अलग-अलग कानून बने थे, जो आजादी के बाद भी अस्तित्व में हैं। हालांकि अब तीन तलाक खत्म कर दिया गया है।

वैसे तो किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था का बुनियादी मूल्य समानता है, लेकिन बहुलतावादी संस्कृति, पुरातन परंपराएं और धर्मनिरपेक्ष राज्य अंततःकानूनी असमानता को अक्षुण्ण बनाए रखने का काम करते रहे हैं। इसलिए समाज लोकतांत्रिक प्रणाली से सरकारें तो बदल देता है, लेकिन सरकारों को समान कानूनों के निर्माण में दिक्कतें आती हैं। इस जटिलता को सत्तारूढ़ सरकारें समझती हैं। संविधान के भाग-4 में उल्लेखित राज्य-निर्देषक सिद्धांतों के अंतर्गत अनुच्छेद-44 में समान नागरिक संहिता लागू करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें कहा गया है कि राज्य भारत के संपूर्ण क्षेत्र में नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता पर क्रियान्वयन कर सकता है। किंतु यह प्रावधान विरोधाभासी है, क्योंकि संविधान के ही अनुच्छेद-26 में विभिन्न धर्मावलंबियों को अपने व्यक्तिगत प्रकरणों में ऐसे मौलिक अधिकार मिले हुए हैं,जो धर्म-सम्मत कानून और लोक में प्रचलित मान्यताओं के हिसाब से मामलों के निराकरण की सुविधा धर्म संस्थाओं को देते हैं। इसलिए समान नागरिक संहिता की डगर कठिन है। क्योंकि धर्म और मान्यता विषेश कानूनों के स्वरूप में ढ़लते हैं तो धर्म के पीठासीन ;मंदिर,मस्जिद और चर्च के मुखियाद्ध अपने अधिकारों को हनन के रूप में देखते हैं।

इस्लाम और ईसाइयत से जुड़े लोग इस परिप्रेक्ष्य में यह आषंका भी व्यक्त करते हैं कि यदि कानूनों में समानता आती है तो इससे बहुसंख्यकों, मसलन हिंदुओं का दबदबा कायम हो जाएगा। जबकि यह परिस्थिति तब निर्मित हो सकती है, जब बहुसंख्यक समुदाय के कानूनों को एकपक्षीय नजरिया अपनाते हुए अल्पसंख्यकों पर थोप दिया जाए ? यह पंथनिरपेक्ष लोकतांत्रिक व्यवस्था में कतई संभव नहीं है। विभिन्न पर्सनल कानून बनाए रखने के पक्ष में यह तर्क भी दिया जाता है कि समान कानून उन्हीं समाजों में चल सकता है,जहां एक धर्म के लोग रहते हों ? भारत जैसे बहुधर्मी देश में यह व्यवस्था इसलिए मुश्किल है,क्योंकि धर्मनिरपेक्षता के मायने हैं कि विभिन्न धर्म के अनुयायियों को उनके धर्म के अनुसार जीवन जीने की छूट हो ? इसीलिए धर्मनिरपेक्ष शासन पद्धति, बहुधार्मिकता और बहुसांस्कृतिकता को बहुलतावादी समाज के अंग माने गए हैं। इस विविधता के अनुसार समान अपराध प्रणाली तो हो सकती है, किंतु समान नागरिक संहिता संभव नहीं है ? इस दृष्टि से देश में ह्यसमान दंड प्रक्रिया संहिता-1973ह्य तो बिना किसी विवाद के आजादी के बाद से लागू है, लेकिन समान नागरिकता संहिता के प्रयास अदालत के बार-बार निर्देश के बावजूद संभव नहीं हुए हैं। अब 1923 में संसद में किए बदलाव के बाद दंड प्रक्रिया संहिता को ह्यभारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस)-2023 कहा जाने लगा है।

कई सामाजिक और महिला संगठन अर्से से मुस्लिम पर्सनल लॉ पर पुनर्विचार की जरूरत जता रहे हैं। इसी मांग का परिणाम तीन तलाक का समापन है। मुस्लिमों में बहुविवाह पर रोक की मांग भी इस याचिका में उठाई गई थी, इस संदर्भ में जस्टिस बागची ने कहा कि ह्यएक व्यक्ति के लिए एक पत्नी का नियम सभी समुदायों में समान रूप से लागू नहीं किया जा सकता है। लेकिन क्या इसका यह अर्थ है कि अदालत सभी दो विभागों को असंवैधानिक घोषित कर दे ? इसलिए हमें संविधान के नीति-निदेषक सिद्धांतों का क्रियान्वयन विधायी षक्तियों पर छोड़ना होगा।ह्य साफ है, न्यायालय ने कानून की समीक्षा की जरूरत को अहम् मान रही है। ऐसा इसलिए संभव हुआ क्योंकि खुद मुस्लिम समाज के भीतर पर्सनल लॉ को लेकर बेचैनी बढ़ी है।

## डिजिटल वैतरणी

कंचनपुर गांव की टेढ़ी गलियों में जब आधुनिकता का भूत सवार हुआ, तो सबसे पहले वहां के 'लल्लन कक्का' ने अपनी धोती त्याग कर बरमूडा पहन लिया। गांव की चौपाल अब 'ग्लोबल विलेज' के नाम पर वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी का हेडक्वार्टर बन चुकी थी, जहाँ गोबर गैस से लेकर मंगल ग्रह तक की चर्चा गुड़ की चाय के साथ गुड़गुड़ाई जाती थी। लल्लन कक्का का मानना था कि राजनीति वह मट्ठा है, जिसे जितना बिलोओ, मक्खन हमेशा दिल्ली वाले ही निकालते हैं। इस बार गांव के प्रधान पद के लिए 'रामभरोसे' मैदान में थे, जिनका एकमात्र चुनावी वादा था कि वे गांव के हर तालाब में वाई-फाई का ऐसा जाल बिछाएंगे कि मछलियां भी ऑनलाइन ऑर्डर पर पकड़ी जा सकेंगी। सरकारी फाइलों में गांव की धूल अब 'पाउडर' बन चुकी थी और कीचड़ को 'प्राकृतिक लेप' बताकर पर्यटन विभाग को फाइल भेज दी गई थी। रामभरोसे की बातों में ऐसी चाशनी थी कि मक्खियां भी अपनी वफादारी बदलकर उनके कुर्ते पर चिपकी रहती थीं।

चुनाव की आखिरी रात रामभरोसे ने गांव के बरगद तले एक 'अदृश्य शक्ति' के आगमन की घोषणा कर दी। उन्होंने दावा किया कि आधी रात को गांव के पुराने कुएं से एक 'सोने का कलश' निकलेगा, जो केवल उसी को दिखेगा जिसने रामभरोसे को वोट देने की गुप्त शपथ ली होगी। पूरे कंचनपुर में सनसनी फैल गई; लोग टॉर्च लेकर कुएं के इर्द-गिर्द ऐसे जमा हो गए जैसे वहां कोई अंतरिक्ष यान उतरने वाला हो। विपक्षी उम्मीदवार 'घसीटा राम' परेशान थे कि इस दैवीय चमत्कार का मुकाबला किस भौतिकवादी वादे से करें। रामभरोसे ने कुएं के पास अगरबत्तियों का ऐसा धुआं किया कि लोगों को साक्षात इंद्रलोक की अनुभूति होने लगी। हर ग्रामीण अपनी आंखें फाड़-फाड़ कर उस अंधेरे कुएं में अपना भाग्य तलाश रहा था, जबकि रामभरोसे कोने में बैठकर अपनी डायरी में उन लोगों के नाम नोट कर रहे थे जो सबसे ज्यादा श्रद्धा से सिर झुकाए खड़े थे। अगले दिन जब वोटों की गिनती खत्म हुई और रामभरोसे भारी मतों से जीत गए, तो जनता ने उस 'सोने के कलश' की मांग की। रामभरोसे ने बड़ी गंभीरता से सबको उसी कुएं पर बुलाया और एक बाल्टी पानी खींचकर सबके ऊपर छिड़क दिया।

## पञ्चांग राशिफल

दिनांक - 16 मार्च 2026 सोमवार
सूर्योदय - 06:38 सूर्यास्त 18:33
चैत्र मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 07:30 से 09:00 तक
तिथि - द्वादशी 09:41 उपरांत त्रयोदशी
नक्षत्र - धनिष्ठा 06:22 उपरांत शतभिषा
योग - शिव 09:37 उपरांत सिद्ध
करण - तैतिल
चन्द्रमा - मकर में है। 18:14 पर कुंभ में प्रवेश करेगा।
मुस्लिम मास - रमजान मास 26 तारिख

**मेष-** नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। प्रचार-प्रसार से दूर रहें।

**वृषभ-** परिवार की समस्याओं की चिंता रहेगी। समय की अनुकूलता का लाभ अधिकाधिक लेना चाहिए।

**मिथुन-** रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

**कर्क-** आपके व्यवहार एवं कार्यकुशलता से अधिकारी वर्ग से सहयोग मिलेगा। संतान के कार्यों पर नजर रखें। पूँजी निवेश बढ़ेगा।

**सिंह-** नए अनुबंधों का लाभ मिलेगा। धन प्राप्ति सुगम होगी। पूछ-परख रहेगी। रुके कार्य बनेंगे।

**कन्या-** व्यवहार कुशलता एवं सहनशीलता के बल पर आने वाली बाधाओं का समाधान हो सकेगा। खानपान पर नियंत्रण रखें।

**तुला-** यात्रा, नौकरी व निवेश मनोनुकूल लाभ देंगे। भेंट आदि की प्राप्ति होगी। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी।

**वृश्चिक-** व्यापार में उन्नति के योग हैं। संतान की ओर से सुखद स्थिति बनेगी। वस्तुएँ संभालकर रखें।

**धनु-** कोर्ट व कचहरी के काम निबटेंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। तंत्र-मंत्र में रुचि रहेगी।

**मकर-** धनार्जन होगा। प्रमाद न करें। संतान के कार्यों से समाज में प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**कुंभ-** नेतृत्व गुण की प्रधानता के कारण प्रशासन व नेतृत्व संबंधी कार्य सफल होंगे। शत्रुओं से सावधान रहें।

**मीन-** वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। दूसरों की जमानत न लें। पारिवारिक जीवन में तनाव हो सकता है।

-पं. पुरुषोत्तम शिवनारायण शर्मा
( भरदीवाले ) 9926034545

**समसामयिक**

## भारत निष्पक्ष तो फिर क्यों परेशान विपक्ष?

कभी-कभी भारतीय राजनीति ऐसे दृश्य भी प्रस्तुत कर देती है कि आम नागरिक भी चकित रह जाता है। पश्चिम एशिया में युद्ध की आशंकाओं से दुनिया चिंतित है, लेकिन भारत में कुछ राजनीतिक दलों की चिंता कुछ अलग ही दिखाई दे रही है। भारत सरकार ने हमेशा की तरह संतुलित और संयमित कूटनीतिक रुख अपनाया है, फिर भी विपक्ष विशेषकर कांग्रेस के कुछ नेताओं को इसमें भी आपत्ति दिखाई दे रही है।



राजेश कुमावत
(दैनिक अवन्तिका)

ऐसा प्रतीत होता है मानो भारत की विदेश नीति का मूल्यांकन राष्ट्रहित के आधार पर नहीं, बल्कि राजनीतिक सुविधा के आधार पर किया जा रहा हो। प्रश्न यह है कि जब पूरी दुनिया अपने-अपने राष्ट्रीय हितों के अनुसार प्रतिक्रिया दे रही है, तब भारत की संतुलित नीति से विपक्ष इतना असहज क्यों हो रहा है? पश्चिम एशिया में युद्ध की आहट से पूरी दुनिया चिंतित है, लेकिन भारत में कुछ नेताओं की चिंता कुछ अलग ही दिशा में दिखाई दे रही है। दुनिया के अधिकांश देश संयम बरत रहे हैं, कई मुस्लिम देश भी संतुलित प्रतिक्रिया दे रहे हैं, लेकिन भारत का विपक्ष मानो भारत सरकार की विदेश नीति का नहीं बल्कि किसी और की भावनाओं का प्रवक्ता बन गया हो। इस पूरे घटनाक्रम पर वैश्विक प्रतिक्रिया भी कम रोचक नहीं है। दुनिया में लगभग 57 मुस्लिम देश माने जाते हैं, लेकिन उनमें से भी केवल सीमित देशों ने ही ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के निधन पर औपचारिक शोक व्यक्त किया है। अधिकांश देशों ने संयमित या तटस्थ रुख अपनाया है। स्पष्ट है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में प्रतिक्रियाएँ भावनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि कूटनीतिक हितों के आधार पर तय होती हैं। ऐसे में यदि भारत ने भी संतुलित और संयमित नीति अपनाई है तो इसे असामान्य नहीं कहा जा सकता।

ईरान के भीतर पिछले कई वर्षों से सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों को लेकर असंतोष की खबरें सामने आती रही हैं। विशेष रूप से महिलाओं के अधिकार, सामाजिक प्रतिबंधों और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर समय-समय पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। कई अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों में यह भी सामने आया है कि इन कठोर नीतियों के कारण ईरान के भीतर एक बड़ा वर्ग सरकार की नीतियों से असंतुष्ट रहा है। यही कारण है कि वहां किसी भी बड़े राजनीतिक घटनाक्रम पर अलग-अलग प्रकार की प्रतिक्रियाएँ देखने को मिलती हैं। यह स्थिति बताती है कि किसी भी देश की राजनीति को केवल अंतरराष्ट्रीय बयानबाजी से नहीं, बल्कि उसके आंतरिक सामाजिक संदर्भों से भी समझना चाहिए। यदि इतिहास की ओर देखा जाए तो राजनीति के कई दिलचस्प उदाहरण सामने आते हैं। वर्ष 2006 में जब इराक के राष्ट्रपति सद्दाम हुसैन को फांसी दी गई थी, उस समय भारत में मनमोहन सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार थी। उस समय भारत की प्रतिक्रिया अत्यंत सीमित और औपचारिक रही थी। इसी प्रकार लीबिया के नेता मुअम्मर गद्दाफी की मृत्यु के समय भी भारत की ओर से कोई तीखी प्रतिक्रिया सामने नहीं आई थी। उस समय भी कूटनीतिक संयम को ही उचित समझा गया था।

आज वही कांग्रेस विपक्ष में बैठकर वर्तमान सरकार से अलग प्रकार की प्रतिक्रिया की अपेक्षा कर रही है। स्वाभाविक रूप से यह स्थिति राजनीतिक दोहरे मानदंड की चर्चा को जन्म देती है। भारत की विदेश नीति का मूल सिद्धांत हमेशा स्पष्ट रहा है—राष्ट्रहित सर्वोपरि। चाहे शीत युद्ध का दौर रहा हो या खाड़ी संकट, भारत ने हमेशा संतुलित और व्यावहारिक नीति अपनाई है। पश्चिम एशिया की राजनीति अत्यंत जटिल है। इस क्षेत्र में ऊर्जा संसाधन, सामरिक प्रतिस्पर्धा और वैचारिक संघर्ष दशकों से मौजूद हैं।

## संरक्षित जल, सुरक्षित कल:जल गंगा संवर्धन अभियान

जलगंगा संवर्धन अभियान 19 मार्च से प्रारंभ हो रहा है` प्रदेश में जल एवं जल स्त्रोतों के संरक्षण की दिशा में संरक्षित जल, सुरक्षित कल की महत्वपूर्ण पहल प्रशंसनीय है` देखा जाए तो कई क्षेत्रों में पानी की कमी दिखाई देती है जैसे बेंगलुरु में जलस्तर घट गया है।सुझाव है कि जल व्यर्थ ना बहावे।बल्कि जल को बचाया जा सके ऐसा उपाय करें ।जल की कमी से सारे कार्य रुक जाते है।देश भर में राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2022 मध्य प्रदेश को प्रथम स्थान मिला था।जल संसाधनों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयास, पानी की नीति, सिंचाई के लिए माइक्रो इरीगेशन तकनीकी का प्रयोग,नई माइक्रो इरीगेशन परियोजनाओं का क्रियान्वयन, जल उपयोग की दक्षता,जल-संरचनाओं का पुनरुद्धार, सीवेज एवं औद्योगिक अपशिष्ट पानी को उपचारित कर पुनः उपयोग आदि क्षेत्रों में किए प्रयासों व उपलब्धियों के लिए मिला था।नदियो व अन्य जल संरचना यथा तालाब, झील, कुआ, बावड़ी आदि हमारी संस्कृति व परंपरा मे पूजा के स्थल रहे है, इनकी अनुपलब्धता या दूषित होने पर हेंड पम्प व नलकूप की पूजा करके भी परंपरा का निर्वाह किया जाता रहा है लेकिन प्राकृतिक जल संसाधनों के रख-रखाव के प्रति समुचित जिम्मेदारी का अभाव सा ही रहा है।जल संरक्षण के जरिये हम पूरी तरह स्थानीय स्तर पर आत्मनिर्भर बन सकते है। उल्लेखनीय है कि माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने इस संबंध में जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है।उन्होंने कहा कि जन सामान्य के लिए ग्रीष्म ऋतु में प्याऊ लगवाने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। जल संरक्षण के साथ-साथ जल की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए यह व्यवस्था आवश्यक है। माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी ने मीडिया को दिए संदेश के माध्यम से प्रदेशवासियों से ₹जल गंगा अभियान₹ के अंतर्गत बूंद- बूंद जल बचाने के लिए संचालित होने वाली गतिविधियों में सहभागिता करने का भी आह्वान किया।जो की प्रशंसनीय पहल है



संजय वर्मा
दैनिक अवन्तिका

दूसरे पहलू की ओर तनिक झांके तो दम तोड़ते झरनों को बचाने में जुटी सरकार,1931 झरने हुए पुनर्जीवित जल संरक्षण के अंतर्गत हिमालयी क्षेत्र के आधे से अधिक बारहमासी झरनों के सूखने पर नीति आयोग ने जताई चिंता जताई थी` इससे चिंतनीय प्रश्न खड़े हुए।उल्लेखनीय है कि देश में पहली बार होगी झरनों की गिनती की खबर सुर्खियों में आई थी।जल स्त्रोतों की गणना में झरनों की गणना से एक नई दिशा कलकल के स्वर के साथ प्राप्त होगी।जो जल के अभाव में सूखे पड़े हुए थे।वर्तमान में जीवित झरने एवं मृत झरने भी गणना से आकड़े को देखे तो देश में कुल चिन्हित झरने 4327 है जिनमें से1931 झरनों को पुनर्जीवित किया गया। जो अनुपात के हिसाब से कम ही है। मध्यप्रदेश में भी कई पर्वत मालाएं है।जिनमे भी बरसात में झरने दिखाई देते है।उनके दर्शन हेतु लोग जाकर झरनों का आनन्द लेते है।राज्यों की सूची में मप्र के नाम भी जोड़ा जाना चाहिए। ताकि जो मृत झरने है उन्हें भी पुनर्जीवित किया जा सकें।पहाड़ी झरनों के ऊपर कही कही जो नदी,नाले के प्रवाह है उसमें रुकावट नही होनी चाहिऐतभी झरने बारिश के मौसम के अलावा अन्य मौसम में भी दर्शनीय होंगे क्योकि नदियां यदि प्रवाहमान है तो पहाड़ क्षेत्रों में बहने वाले झरनों की वजह से।झरने देखने लायक होते हैं। चाहे वे कम ऊंचाई वाले होंझरनों में कुछ ऐसा आकर्षण होता है जो ध्यान अपनी ओर खींच लेता हैजब झरने का पानी का सीधे नीचे गिरता हुआ पानी के पीछे की चट्टान की सतह से संपर्क बनाता है जो जीवित होने का प्रतीक होता है।झरना नदी या नाले में कोई भी बिंदु होता है जहाँ पानी एक ऊर्ध्वाधर बूंद या खड़ी बूंदों की एक श्रृंखला के ऊपर से बहता है।

**धर्म-आस्था**

## सुनने की साधना – संबंधों को संवारने का रामायण सूत्र

आज का समय तीव्र गति और निरंतर संवाद का समय है। साधन बढ़े हैं, शब्दों की संख्या बढ़ी है, परंतु संवेदनशील सुनने की कला कहीं पीछे छूटती प्रतीत होती है। हर व्यक्ति अपने विचार व्यक्त करने में तत्पर है, पर दूसरों की भावनाओं को धैर्यपूर्वक सुनने का अभ्यास कम होता जा रहा है। परिणामस्वरूप रिश्तों में दूरी, मन में अकेलापन और समाज में असहजता का वातावरण बनता दिखाई देता है। ऐसे समय में हमारे प्राचीन आदर्श जीवन को दिशा देने वाली प्रेरणा प्रदान करते हैं।



अजयकुमार बियाणी
(दैनिक अवन्तिका)

मानवीय संबंधों की सबसे मजबूत नींव विश्वास और समझ होती है। यह विश्वास तभी जन्म लेता है, जब सामने वाला व्यक्ति स्वयं को सुना और स्वीकार किया हुआ अनुभव करे। आज अक्सर देखा जाता है कि जैसे ही कोई अपने मन का बोझ साझा करना चाहता है, हम तुरंत उसे सलाह देने या सुधारने का प्रयास करने लगते हैं। यह प्रवृत्ति संवाद की आत्मीयता को कमजोर कर देती है। जबकि कई बार मनुष्य को समाधान नहीं, केवल एक शांत सहारा और धैर्यपूर्ण सुनवाई की आवश्यकता होती है। हमारे सांस्कृतिक आख्यानों में इस सत्य का अत्यंत मार्मिक चित्रण मिलता है। जब माता कैकयी ने वनवास का वचन माँगा, तब स्थिति अत्यंत कठिन थी। यह निर्णय किसी भी पुत्र के जीवन को बदल देने वाला था। फिर भी मर्यादा के आदर्श ने तर्क या विरोध के स्थान पर धैर्य और स्वीकार का मार्ग चुना। उस क्षण केवल सुनना ही सबसे बड़ी करुणा और कर्तव्य बन गया। इससे यह संदेश मिलता है कि कभी-कभी परिस्थितियों से संघर्ष करने से अधिक महत्वपूर्ण होता है, उन्हें समझकर शांत मन से स्वीकार करना। इसी प्रकार निषादराज गुह का प्रसंग भी सुनने की शक्ति को उजागर करता है। वन यात्रा के दौरान जब उनके मन में वेदना और चिंता उमड़ी, तब उन्हें उपदेश या तर्क नहीं मिला, बल्कि आत्मीय मौन और सहानुभूति का स्पर्श मिला। यह सुनना ही उनके लिए सबसे बड़ी सांत्वना बन गया। यह उदाहरण बताता है कि मनुष्य के हृदय को सबसे अधिक राहत तब मिलती है, जब उसकी भावनाओं को बिना बाधा और बिना निर्णय के स्थान दिया जाए। ?

भरत के साथ संवाद का प्रसंग भी उतना ही प्रेरक है। अपराधबोध और दुख से व्याकुल मन को किसी समाधान से पहले सहानुभूति की आवश्यकता होती है। जब पीड़ा को शब्दों में व्यक्त करने की स्वतंत्रता मिलती है, तब भीतर की टूटन स्वयं ही धीरे-धीरे भरने लगती है। यही कारण है कि सुनने को एक प्रकार की साधना कहा गया है, जिसमें व्यक्ति अपने अहंकार और अधीरता को त्यागकर दूसरे के अनुभवों को स्थान देता है। समकालीन समाज में यह सीख और अधिक प्रासंगिक हो उठती है। आज हर व्यक्ति तनाव, प्रतिस्पर्धा और अनिश्चितताओं से घिरा हुआ है। ऐसे में जब वह किसी अपने के सामने अपने मन की व्यथा रखता है, तो वह केवल समाधान नहीं चाहता, बल्कि यह अनुभव करना चाहता है कि कोई उसकी भावनाओं को समझ रहा है। यदि उस क्षण उसे केवल उपदेश मिले, तो उसका अकेलापन और गहरा हो सकता है। इसके विपरीत यदि उसे धैर्यपूर्ण सुनवाई मिले, तो उसके भीतर स्वयं ही समाधान खोजने की शक्ति जागृत हो जाती है। सुनने की यह संस्कृति परिवार, समाज और कार्यस्थल – हर स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन ला सकती है। जब संवाद में संवेदनशीलता आती है, तो विवाद कम होते हैं और सहयोग की भावना मजबूत होती है। यह केवल व्यक्तिगत संबंधों को नहीं, बल्कि सामूहिक जीवन को भी संतुलित बनाती है।

आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपने व्यवहार में इस जीवन सूत्र को स्थान दें। जब कोई अपने मन की पीड़ा साझा करे, तो हम उसे तुरंत सुधारने या दिशा देने की जल्दी न करें। पहले उसकी बात को पूरे मन से सुनें, उसकी भावनाओं को समझें और उसे यह विश्वास दें कि वह अकेला नहीं है। यही मानवीयता का वास्तविक स्वरूप है।

अंततः यह समझना आवश्यक है कि हर समस्या का समाधान शब्दों में नहीं होता। कई बार मौन, सहानुभूति और धैर्य ही सबसे प्रभावी उत्तर होते हैं। सुनने की यह साधना संबंधों को गहराई देती है और जीवन में संतुलन लाती है। यदि हम इस मार्ग को अपनाएँ, तो संवाद में मधुरता, संबंधों में स्थायित्व और समाज में सद्भाव स्वतः स्थापित हो सकता है। यही जीवन का सार है, यही प्रेम का सच्चा मार्ग है।

## इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 5750 डंकी, चना 4800 से 5000 विशाल, 8100 गेहूं मिल क्वालिटी 2650 से ,5500 से 5550 मसूर 6000, 2675 लोकवन 2850 से 2900, महाराष्ट्र सफेद 6500 से 6600, पूर्णा 2800 से 2850 मालवराज, , महाराष्ट्र लाल 6600 से 6800, 2750 से 2775 मक्का 1550, कर्नाटक 6700 से 6900 तुअर, से 1600 चना दाल 7300 से निमारी 6200 से 6600 मूंग बेस्ट 7400 मीडियम 7500 से 7600 गर्मी 7800 से 8200 मूंग बेस्ट बेस्ट 7800 से 8000 तुअर दाल 7100 से 7200 मीडियम बोल्ड 8100 से 8300 एवरेज 8300 से 8400 बेस्ट 9100 से 6500 से 6700 मोगर 5500 9200 एक्स्ट्रा बेस्ट 10000 से से 6500 उड़द बोल्ड 7000 से 10100 ब्रांडेड 10700 मूंग दाल 7200 एवरेज 6200 से 6500 9100 से 9200 बेस्ट 9600 हल्का उड़द 3000 से 5000 से 9800 मूंग मोगर 9600 से काबुली डॉलर 8000 से 8500 9700 बेस्ट 1000 से 10200 काबुली रशियन 5500 से 5700 बिटकी 5100 से 5300 सरसों उड़द दाल 8600 से 8800 बेस्ट (मीडियम) 8000 से 8200 9000 से 9200 उड़द मोगर निमाड़ी 8400 से 8500 रायड़ा 9800 से 1000 बेस्ट 10100 6200 से 6400 सोयाबीन 4300 से 10200 मसूर दाल 7450 से से 4500 अलसी 8200 से 8500 7550 बेस्ट 7650 से 7750 रुपए तिल्ली 8000 से 9000 टोली 4000 से 4200 तिल्ली 8000 से पति क्विंटल।

## आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 1300 से 1500 आलू चिप्स 1500 से 1900 ज्योति पुराना 1000 से 1500 राशन आलू 900 से 1100 गुल्ला 300 से 700, प्याज महाराष्ट्र 1600 से 1900 प्याज लोकल 1000 से 1400 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 600 से 800 गोल्टी 300 से 500 , लहसुन सुपर बोल्ड 7000 से 7500 मीडियम 4000 से 5000 बारीक 3000 से 4500 रुपए प्रति क्विंटल

## उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1750-3057 चना काबली- 3200-8000, चना बड़ा- 4970-8000, रायड़ा- 5561-5756, बटला- 1601-3554, सोयाबीन- 3202-5990, तुअर- 2400-4601 मावा- 280 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,58,300, रवा- 1,58,200 चांदी- टंच- 2,61,000 पाट- 2,61,000।

## उज्जैन किराना

### अशोक कुमार भगवानदास

**152 फवारा चौक उज्जैन**

किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती छड़ी 75 से 180, चावल तिबार 68 से 120, चावल पोनिया 55 से 85, चावल की टुकडी 36 से 65, चावल सेला 36.5 से 38, राइस परमेल 35 से 44, तूवर दाल निमाड़ी 130,तूवर दाल महाराष्ट्र 104 से 113, तूवर दाल अन्य 85 से 120, मूंग दाल 85 से 110, मुंग मोगर 95 से 120,उड़द मोगर 110 से 120, उड़द दाल 95 से 100, चना दाल 71 से 80।

## आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com



## मोहना जोड़ के समीप बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल, शाजापुर रेफर

**शाजापुर।** मोहन बड़ोदिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम मोहना जोड़ के पास हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बड़ागांव निवासी जितेंद्र 22 वर्ष और पवन 27 वर्ष गुरुवार रात करीब 9.15 बजे बाइक से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम मोहना जोड़ के पास वे एक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गए। हादसे में दोनों युवक बुरी तरह जख्मी हो गए। राहगीरों से सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम सक्रिय हुई। डायल 112 के पायलट जगदीश चंद्र सोनी और पुलिस टीम के सदस्य विजय गवली व केशव शर्मा तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और बिना समय गंवाए दोनों घायलों को मोहन बड़ोदिया स्वास्थ्य केंद्र लेकर आए। स्वास्थ्य केंद्र में मौजूद डॉ. अक्षत डोडिया ने घायलों का तुरंत प्राथमिक उपचार शुरू किया। डॉ. डोडिया ने बताया कि हादसे में एक युवक के सिर में गहरी चोट आई है, जबकि दूसरे युवक का पैर बुरी तरह जख्मी हुआ है। दोनों युवकों की गंभीर हालत को देखते हुए रात करीब 10.20 बजे उन्हें बेहतर और उन्नत इलाज के लिए शाजापुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## चलती ट्रेन से गिरा नेपाली युवक, सिर में आई गंभीर चोट अस्पताल में उपचार जारी

**शाजापुर।** अहमदाबाद से दरभंगा जा रही यात्री ट्रेन में उस समय हड़कंप मच गया, जब गेट के पास बैठा नेपाल निवासी एक युवक चलती ट्रेन से नीचे गिर गया। आक्या चौहानी के समीप हुए इस हादसे में युवक के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। हालांकि, आपातकालीन सेवा के ईएमटी और पायलट की त्वरित कार्रवाई से घायल को समय पर इलाज मिल गया, जिससे उसकी जान बच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, नेपाल का रहने वाला 19 वर्षीय प्रदीप डिग बहादुर अपने 17 वर्षीय साथी राबिन बुद्धिमान के साथ यात्रा कर रहा था। सफर के दौरान प्रदीप ट्रेन के गेट पर बैठा हुआ था। इसी बीच आक्या चौहानी के पास अचानक उसका संतुलन बिगड़ गया और वह चलती ट्रेन से सीधे नीचे जा गिरा। हादसे की सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस के ईएमटी जितेन्द्र देवतवाल और पायलट ललित शर्मा बिना समय गंवाए घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने अत्यधिक खून बहने से रोकने के लिए घायल युवक को तुरंत प्राथमिक उपचार दिया और तत्परता दिखाते हुए उसे शाजापुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया।



## सूचना का अधिकार अधिनियम के संबंध में प्रशिक्षण सम्पन्न



**शाजापुर।** सूचना का अधिकार अधिनियम के विषय पर 2 दिवसीय प्रशिक्षण 11 एवं 12 मार्च 2026 को ई-दक्ष केंद्र शाजापुर में आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के लोक सूचना अधिकारियों, सहायक लोक सूचना अधिकारियों, शाखा प्रभारियों एवं संबंधित शासकीय सेवकों सहित 45 प्रशिक्षणार्थियों को सूचना का अधिकार अधिनियम के प्रावधानों, संशोधनों तथा नवीन तकनीकी माध्यमों की समग्र जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की मूल अवधारणा, आवेदन की प्रक्रिया एवं अपील का समय-सीमा में निराकरण, द्वितीय अपील की प्रक्रिया, दंड प्रावधान, नवीन संशोधनों के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। साथ ही सूचना का अधिकार ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से आवेदन प्राप्ति, निस्तारण, रिकॉर्ड प्रबंधन एवं समयबद्ध जवाब सुनिश्चित करने की व्यावहारिक जानकारी भी दी गई। मास्टर ट्रेनर प्रकाश गिरि गोस्वामी, प्रशिक्षक ई-दक्ष केंद्र ई-गवर्नेंस द्वारा अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों का विस्तृत एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।


**दैनिक अवन्तिका**

**अखबार की निम्न स्थानों पर एजेंसी देना है**

बेरछा, अकोदिया, चौमा डाक बंगला, हाटपिपलिया, कालापीपल, खेड़ा खजूरिया, माचलपुर, खिलचीपुर, मड़ावदा, मेघनगर, माकड़ोन, नरसिंहगढ़, बुरहानपुर, पेटलावद, झाबुआ रानापुर, मनावर, सुवासरा, सोयतकलां में एजेंसी देना है।

**सम्पर्क करें**

**दैनिक अवन्तिका कार्यालय**
**2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन**
**0734-4041777, मोबा. 9977755777**


एचपी गैस सिलेंडर वितरण में घोर अनियमितता

# संचालक द्वारा होम डिलीवरी बंदकर देने से हुआ गैस सिलेंडर का कृत्रिम शॉर्टेज

### गैस उपभोक्ता परेशान होकर लगे लंबी कतार में पुलिस व्यवस्था बनाने की जगह लगी रोब झाड़ने

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा-राजगढ़।

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में राजगढ़ रोड स्थित बायपास चौराहे पर ब्यावरा एचपी गैस एजेंसी पर घरेलू गैस सिलेंडर वितरण में हो रही अनियमिताओं को लेकर उपभोक्ताओं में काफी रोष व्याप्त है, गैस सिलेंडर बुकिंग को लेकर एक सप्ताह से अधिक समय हो जाने के कारण गैस एजेंसी के बाहर वेटिंग गैस उपभोक्ता सुबह से लंबी कतार में लगे हुए है।

कई लोगों ने गैस सिलेंडर नहीं मिलने की शिकायत की, ब्यावरा शहर में बुकिंग के चार पांच दिन बाद भी डिलीवरी नहीं हो पा रही एजेंसी संचालक द्वारा शहर में घरेलू गैस सिलेंडर की डिलीवरी बंद कर देने से एचपी गैस एजेंसी एवं वितरण केंद्र पर उपभोक्ताओं की भारी भीड़ जमा हो गई, एचपी गैस एजेंसी संचालक के लापरवाही के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा, गैस सिलेंडर बुकिंग होने के बावजूद संचालक उपभोक्ता को डायरी लेकर एजेंसी कार्यालय में बुला रहे और वहां से टोकन लेकर वितरण केंद्र पर जाने के निर्देश देते है जबकि बुकिंग वाले उपभोक्ताओं को होम डिलीवरी कर दी जाती तो वितरण केंद्र पर इतनी भीड़ जमा नहीं होती और उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना भी नहीं करना पड़ता, प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार गैस एजेंसी पर उपलब्ध सिलेंडरों के अनुपात में उपभोक्ताओं को टोकन वितरण किये जा रहे यदि कोई टोकनधारी उपभोक्ता सिलेंडर लेने से वंचित रह जाता है तो उसे अगले दिन नया टोकन लेना पड़ता है अब सवाल यह उठता है कि उपभोक्ता ने यदि अगले दिन नया टोकन ले लिया तो उसके पिछले टोकन का सिलेंडर कहां गया इसका जवाब किसी भी जिम्मेदार अधिकारी के पास नहीं है गैस सिलेंडर वितरण व्यवस्था में हो रही गड़बड़ी का मुख्य कारण होम डिलीवरी भी बताया जा रहा, गैस एजेंसी संचालक का यह दायित्व है कि बुकिंग गैस सिलेंडर उपभोक्ताओ के घर पहुंचाए, यदि गैस सिलेंडर की होम डिलीवर हो जाती है तो एजेंसी पर उपभोक्ताओं की भीड़ कम हो जाएगी और व्यवस्थाएं भी सुचारू रूप से संचालित होती रहेगी फिलहाल एसडीएम ने बताया कि उक्त समस्या पर फोकस किया जा रहा है। गैस एजेंसी के संचालक एवं कर्मचारी की लापरवाही से गैस की टंकियां का कृत्रिम शॉर्टेज बनाया जा रहा है गैस उपभोक्ताओं को पहले एजेंसी पर जाकर लाइन में लगकर टोकन प्राप्त करना होता है उसके बाद पुराना आईटीआई परिसर मे जाकर दोबारा लाइन में लगकर गैस सिलेंडर लेना पड़ रहा है। चैत्र मास की भीषण गर्मी में गैस उपभोक्ता को सुबह से लेकर शाम तक भूखे प्यासे बगैर छाया के तपती धूप में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है। जिसे स्थानीय प्रशासन भी मूकदर्शक बना देखता रहा।



नेशनल लोक अदालत में 8 बिखरते परिवारों को फिर से मिलाया,

# महिला सुरक्षा शाखा की पहल से पति-पत्नी में हुआ समझौता

दैनिक अवन्तिका ▸▸ ब्यावरा

नेशनल लोक अदालत में महिला सुरक्षा शाखा जिला राजगढ़ में आपसी विवादों की सुनवाई के दौरान अलग-अलग रह रहे पति-पत्नी के प्रकरणों का निराकरण किया गया। समझाइश एवं काउंसलिंग के बाद 08 परिवारों को पुनः साथ रहने के लिए राजी किया, प्रथम न्यायाधीश न्यायालय राजगढ़ द्वारा नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत पति-पत्नी के आपसी विवादों के निराकरण हेतु खंडपीठ क्रमांक-30 का गठन किया गया था।

गठित कमेटी में श्रीमति नेहा गौर उप पुलिस अधीक्षक अजाक राजगढ़, अधिवक्ता मोहनलाल वर्मा एवं महिला थाना प्रभारी श्रीमति राधिका भगत द्वारा कुल 10 प्रकरणों की सुनवाई की गई। इन प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच आपसी मनमुटाव एवं पारिवारिक विवाद के कारण दोनों पक्ष अलग-अलग रह रहे थे।




सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को धैर्यपूर्वक सुना गया एवं आपसी समझाइश, काउंसलिंग तथा विश्वास बहाली के प्रयास किए गए। इसके परिणामस्वरूप 10 में से 08 प्रकरणों में पति-पत्नी के बीच की गलतफहमियाँ दूर हुईं और दोनों पक्ष स्वेच्छा से पुनः साथ रहने के लिए तैयार हो गए।

इसी दौरान एक प्रकरण में (परिवर्तित नाम) श्याम एवं कविता के बीच लगभग एक वर्ष से घरेलू विवाद एवं पति द्वारा शराब सेवन के कारण मनमुटाव चल रहा था। लोक अदालत में काउंसलिंग एवं समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने भविष्य में विवाद न करने तथा पति द्वारा शराब का सेवन न करने की सहमति दी। दोनों परिवारों की उपस्थिति में पति-पत्नी को राजी-खुशी एक साथ विदा किया गया।

नेशनल लोक अदालत के इस प्रयास से 08 परिवारों का टूटता हुआ रिश्ता बच गया, जिससे समाज में आपसी समझ, संवाद और पारिवारिक मूल्यों को मजबूत करने की दिशा में सकारात्मक संदेश गया।

## राजस्व अधिकारियों की हठधर्मिता से विकास थमा

**पूर्व विधायक गुर्जर ने दी आंदोलन की चेतावनी**

**खाचरौद।** कलेक्टर और शासन के स्पष्ट निदेशों के बावजूद भी खाचरौद के स्थानीय राजस्व अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण नगर पालिका को भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं की जा रही है जिससे भूमिपूजन के पश्चात भी शासन की करोड़ों रुपये की योजनाओ का कार्य प्रारंभ नहीं हो पा रहा हैं पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने प्रशासनिक व्यवस्था पर गंभीर आरोप लगाकर चेतावनी देते हुए कहा है कि नगर पालिका परिषद खाचरौद कांग्रेस की होने के कारण स्थानीय राजनीतिक दबाव में योजनाओं को जानबूझकर लंबित किया जा रहा है, ताकि परिषद की छवि जनता के बीच खराब की जा सके यदि शीघ्र स्वीकृति प्रदान नही की गई तो जन आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा।

मुख्यमंत्री व कलेक्टर को लिखे पत्र में पूर्व विधायक गुर्जर ने बताया कि मुख्यमंत्री द्वारा भूमिपूजन किए जाने के बाद भी प्रशासनिक उदासीनता के चलते खाचरौद नगर में शासन की कई महत्वपूर्ण विकास योजनाएँ शुरू नहीं हो पा रही हैं। भूमि आवंटन की प्रक्रिया लंबे समय से लंबित होने के कारण करोड़ों रुपये की जनहितकारी परियोजनाएँ ठप पड़ी हैं।नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा विभिन्न योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि चिन्हित कर ऑनलाइन आवेदन सहित सभी औपचारिक प्रक्रियाएँ पूर्ण कर ली गई हैं, इसके बावजूद भूमि का औपचारिक आवंटन एसडीएम, तहसीलदार द्वारा जानबुझकर स्थानीय राजनैतिक दबाववश नहीं किया जा रहा है।



## आयुष विंग शाजापुर द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

**शाजापुर।** जिला आयुष विभाग शाजापुर के अंतर्गत आयुष विंग शाजापुर द्वारा आगनवाड़ी केन्द्र लक्ष्मी नगर में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ. सीमा बड़िया, विनोद कुमार गयंद, मो. रईस मंसूरी द्वारा गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं बच्चों एवं पुरूषों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रीष्मकालीन दिनचर्या एवं एच.पी.वी. वैक्सीन की जानकारी देकर किशोरी बालिकाओं को वैक्सीन लगाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान शिविर में 90 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। जिले की अन्य संस्था आयुष्मान आरोग्य मंदिर सुनेरा द्वारा आगनवाड़ी केन्द्र लक्ष्मीपुरा में गर्भवती महिलाओं, किशोरी बालिकाओं, बच्चों एवं पुरूषों का स्वास्थ्य परीक्षण कर औषधियों का वितरण किया गया। शिविर में ग्रीष्मकालीन दिनचर्या एवं एच.पी.वी. वैक्सीन की जानकारी दी गई। शिविर में डॉ. दिव्या दुबे एवं डॉ. नम्रता सोलंकी, प्रियंका खण्डेलवाल द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में 55 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया।

**आपरेशन मुस्कान अभियान के तहत पुलिस ने**

## एक नाबालिग बालिका को देवास से ढूंढकर आरोपी को किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिला में गुमशुदा एवं अपहत नाबालिग बालक-बालिकाओं की खोजबीन को लेकर राजगढ़ पुलिस द्वारा लगातार प्रयास करते हुए गुमशुदा बालक-बालिकाओं को ढूंढने में सफलता मिली थाना प्रभारी नरसिंहगढ़ निरीक्षक शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में पुलिस बल ने एक गुमशुदा नाबालिग बालिका को सुरक्षित ढूंढ निकाला फरियादी ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि उसकी नाबालिग बालिका घर से बिना बताए कहीं चली गई। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा गंभीरता से कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा तलाश करते हुए मिलने के संभावित स्थानों पर दविश देकर नाबालिग बालिका को देवास से सुरक्षित ढूंढकर आरोपी विशाल जाटव को गिरफ्तार कर वैधानिक कार्रवाई की।

## पंचकोशी यात्रा का नगर प्रवेश पर स्वागत



**महिदपुर।** क्षिप्रा- गम्भीर नदी के संगम स्थल मेलेश्वर महादेव मंदिर से 14 मार्च को शुरू हुई पंच-कोशी यात्रा धुकेतेश्वर महादेव प्रांगण में रात्रि विश्राम कर आज सुबह भगवान की पूजा अर्चना कर सुबह 9 बजे कड़ाई के चिंतामण गणपति मंदिर पहुंची जहाँ मंदिर समिति द्वारा यात्रियों का स्वागत किया गया। गणपति दर्शन के बाद यात्रा ने 11 बजे महिदपुर नगर में प्रवेश किया। गोपाल मंदिर, रणजीत हनुमान मंदिर दर्शन कर पुराने किले में माँ महालक्ष्मी मंदिर दर्शन कर दोपहर विश्राम कर भीमाखेड़ा काजीखेड़ी भारडा कटक होकर बैजनाथ महादेव मंदिर पहुँच रात्रि विश्राम किया।

## एबी रोड पर ट्रक खराब, दो घंटे लंबा जाम लगा

**देवास।** देवास में आगरा-बॉम्बे रोड (एबी रोड) पर शनिवार को एक बार फिर लंबा जाम लग गया। इस जाम के कारण करीब दो घंटे तक हजारों वाहन सड़क पर फंसे रहे, जिससे यातायात बुरी तरह प्रभावित हुआ। देवास की ओर आने वाली लेन में शिप्रा तक वाहनों की लंबी कतार देखी गई। जाम का मुख्य कारण सीमेंट से भरे एक ट्रक में आई खराबी थी। ट्रक खराब होने के कारण सड़क की एक लेन पर वाहनों की रफ्तार धीमी हो गई, जिससे देखते ही देखते लंबी कतारें लग गईं। इस दौरान कई छोटे-बड़े वाहन जाम में फंस गए, जिससे यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

किसान संघ ने मनाया स्थापना दिवस

# किसानों को अधिकारों के प्रति जागरूक किया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर

भारतीय किसान संघ मालवा प्रांत जिला शाजापुर की तहसील शुजालपुर अंतर्गत ग्राम इकाई जेठड़ा में संगठन का 47वां स्थापना दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में ग्राम इकाई अध्यक्ष नंदकिशोर राजपूत ने ध्वजारोहण किया। बैठक का संचालन ग्राम इकाई मंत्री रामचन्द्र राजपूत ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला सहमंत्री चंदर सिंह सिसौदिया, तहसील सहमंत्री दिनेश जाट तथा सदस्य प्रेम सिंह सिसौदिया उपस्थित रहे। अतिथियों ने भगवान बलराम जी एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित करते हुए पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर ग्राम समिति के कार्यकर्ता व किसान बड़ी संख्या में मौजूद रहे। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि भारतीय किसान संघ किसानों का, किसानों के लिए और किसानों द्वारा संचालित गैर.राजनीतिक व राष्ट्रवादी संगठन है। इसकी स्थापना राष्ट्रऋषि दत्तोपंत ठेंगड़ी ने 4 मार्च 1979 को राजस्थान के कोटा में आयोजित तीन दिवसीय अधिवेशन के बाद की थी। इसमें देशभर से करीब 650 किसान प्रतिनिधियों ने भाग लिया था। पदाधिकारियों ने बताया कि वर्तमान में संगठन देश का सबसे बड़ा अखिल भारतीय किसान संगठन बन चुका है। इसके तहत देश के 29 राज्यों में संगठन की कार्यकारिणी कार्यरत है। मध्यप्रदेश में मालवाए मध्यभारत और महाकोशल प्रांतों में प्रांत कार्यकारिणी के साथ जिलों व तहसीलों में भी संगठन का विस्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि संगठन किसानों की समस्याओं को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के साथ ही किसानों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने का कार्य कर रहा है।

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1- अब्दुल रहमान पिता स्व. शफी खान, निवासी 87, नई सड़क, उज्जैन, 2- नजर हुसैन पिता अब्दुल हुसैन, निवासी 122. नजमी मोहल्ला, 3 जाली गेट के सामने, कमरी मार्ग, उज्जैन के स्वामित्व एवं आधिपत्य का भवन नगर पालिक निगम क्रमांक 07 का उत्तर दिशा वाला भाग स्थित तिलक मार्ग, गली नम्बर 07, डाबरी पीठा गली, उज्जैन में स्थित है। उक्त भवन का कुल क्षेत्रफल 420 वर्गफीट है। उक्त भवन के पूर्व दिशा में सड़क डाबरी पीठा तिलक मार्ग है, पश्चिम दिशा में -भवन क्रमांक 8, मांगलिक भवन का है, उत्तर दिशा में कॉमन गली, है, दक्षिण दिशा में -शेष भाग विक्रेता का जो अली असगर को विक्रय किया गया है। उपरोक्त भवन को क्रय करने का अनुबन्ध-पत्र मेरे पक्षकार बदरूद्दीन शकरूवाला पिता नजर अली शकरूवाला ने किया है, उक्त अनुबन्ध-पत्र के पालन में मेरे पक्षकार बदरूद्दीन शकरूवाला उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र का निष्पादन शीघ्र ही अपने पक्ष में कराने वाले है, यदि उक्त सम्पत्ति में अन्य किसी व्यक्ति को कोई स्वत्व, हित, अधिकार प्राप्त हो या उक्त विक्रय व्यवहार के सम्बन्ध मे अन्य किसी को किस प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त भवन पर किसी व्यक्ति, फर्म, बैंक, संस्था एवं कम्पनी का किसी किस्म का कोई भार हो तो इस जाहिर सूचना के प्रकाशन से 7 दिवस की अवधि में मेरे कार्यालय में संपर्क करे लिखित आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करें ताकि ऐसी आपत्ति का समुचित निराकरण किया जा सके अन्यथा अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा उक्त सम्पत्ति का विक्रय-पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लिया जावेगा और इसके पश्चात की जाने वाली कोई भी आपत्ति शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बन्धनकारी नही होगी।

**अशोक त्रिवेदी एडव्होकेट**
**निवास एवं कार्यालय मकान नम्बर 142 जवाहर मार्ग गली नम्बर 2**
**सिंहपुरी, उज्जैन मोबा. 97530-43804**

## जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने अभयसिंह पिता कालूसिंह, जाति-सोंधिया एवं बनास कुंवर पति अभयसिंह, जाति-सोंधिया निवासीगण-ग्राम-रनाहेडा, तहसील-घट्टिया, जिला-उज्जैन से उनके संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व, आधिपत्य की संपत्ति कृषि भूमि सर्वे क्रमांक 62/1 (S) कुल रकबा 3.720 हेक्टर में से पश्चिम दिशा तरफ की रकबा 0.6000 हेक्टर भूमि स्थित ग्राम-रनाहेडा, तहसील-घट्टिया, जिला-उज्जैन को क्रय करने बाबत बयाना राशि प्रदान कर दी है तथा अपन हित में सौदा चिट्ठी लिखवा ली है। उक्त विक्रयग्रस्त संपत्ति की चतुर्सीमा इस प्रकार है- पूर्व में विक्रेता की शेष भूमि, पश्चिम में कमल की भूमि तथा सर्वे क्रं-29/1 की भूमि, उत्तर में-सर्वे क्र-62/1 की शेष भूमि, दक्षिण में रास्ता है। इस प्रकार अब केवल विक्रेता को शेष राशि अदा करते हुए विक्रय पत्र का पंजीयन मेरे पक्षकार के हित में करवाना शेष है। अतः यदि उपरोक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक इत्यादि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या उक्त संपत्ति पूर्व से किसी के पास रहन, बय, गिरवी रखी हो या उपरोक्त वर्णित संपत्ति मे अन्य किसी का कोई हक, हित, अधिकार हो तो अपनी आपत्ति सप्रमाण विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय मे प्रस्तुत करे ताकी उसका निराकरण किया जा सकेगा। बाद मियाद इस संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नही होगी तथा मैरा पक्षकार उपरोक्त वर्णित संपत्ति के विक्रय पत्र का संपादन अपने हित में करवा लेवेगा। सूचित हो। इति दिनांक 14.03.2026

**सुदर्शन पी. लढा, एडव्होकेट**
**ए-14, भरतपुरी कांप्लेक्स, उज्जैन**
**मो. 9826279028**

## जाहिर सूचना

मेरे पक्षकारगण 1- मोहनलाल शर्मा पिता देवीलाल शर्मा जाति ब्राहम्ण स्थाई निवासी वार्ड क्रमांक 7 म.नं. 11 नगर माकड़ोन तह. माकड़ोन जिला उज्जैन हा.मु. ए-10, सिल्वर काइन अपार्टमेन्ट सोसाइटी बंगला रोड़ बोड़कदेव अहदाबाई गुजरात 2- श्रीमती गायत्रीबाई पति अनिल मेहता निवासी वार्ड क्रमांक 7 म.नं. 11 नगर माकड़ोन तह. माकड़ोन जिला उज्जैन हा.मु. अयोध्या नगर भोपाल म.प्र. 3- श्रीमती पवित्रा पति रमेशचंद नागर निवासी वार्ड क्रमांक 7 म.नं. 11 नगर माकड़ोन तह. माकड़ोन जिला उज्जैन हा.मु. पुलिस थाना भौंरासा के सामने जिला देवास 4-श्रीमती इंद्रा पति दुर्गाशंकर नागर निवासी वार्ड क्रमांक 7 म.नं. 11 नगर माकड़ोन तह. माकड़ोन जिला उज्जैन हा.मु. ढाँचा भवन उद्योगपुरी आगर रोड़ उज्जैन म.प्र. द्वारा उपरोक्त सभी ने मुझे जाहिर सूचना के प्रकाशन हेतु अधिकृत किया है, तदनुसार निम्न आशय की जाहिर सूचना प्रकाशित की जाती है कि -

1-यह कि नगर माकड़ोन तह. माकड़ोन जिला उज्जैन में नगर परिषद माकड़ोन के वार्ड नं. 7 म.नं. 11 का मकान स्थित है यह मकान उपरोक्त चारों व्यक्तियों एवं गौरीशंकर शर्मा के पिता जिनकी मृत्यु दिनांक 31/08/1998 को हो चुकी के समय का रहा है जो देवीलाल पिता भेरुलाल शर्मा के नाम से तत्कालिन ग्राम पंचायत माकड़ोन में दर्ज रहा था तथा नवगठित नगर परिषद माकड़ोन में यह मकान वार्ड के 1 व म.नं. 11 के रुप में दर्ज हुआ है तथा उपरोक्त अनुसार पांचों संतान देवीलालजी की जिसमें 2 पुत्र व 3 पुत्रियां है इस प्रकार देवीलाल जी की मृत्यु के उपरांत उपरोक्त वर्णित पांचों संतानों का स्वत्व व हक समान रहा है। मेरे उपरोक्त चारों पक्षकारगण हमेशा सामाजिक रीति रिवाज अनुसार समय समय पर सामाजिक व धार्मिक कार्य नगर माकडोन में आते रहे है व उपरोक्त वर्णित मकान में सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठान करते रहे हैं तथा देवीलालजी के समस्त वारिसों की सहमति से मेरा पक्षकार मोहनलाल शर्मा उपरोक्त वर्णित मकान की मरम्मत व साफ सफाई करता रहा है व मेरे पक्षकार मोहनलाल शर्मा उपरोक्त वर्णित मकान पर ताला भी लगाता रहा है। इस प्रकार उपरोक्त वर्णित मकान के संबंध में जो देवीलाल के पांचों संतानों की उपरोक्त वर्णित मकान अविभाजित संपत्ति है, जिसमें प्रत्येक संतान का समान स्वत्व व हक है। उपरोक्त मेरे पक्षकारगण की पीठ पीछे देवीलाल जी के बड़े पुत्र गौरीशंकरजी ने मेरे पक्षकारगण की बिना सहमति के उनकी पीठ पीछे स्वत्व से अधिक संपत्ति पर अपने नाम का नामांतरण देवीलाल जी की मृत्यु के पश्चात अवैधानिक तरीके से कानून के विपरित तत्कालिन ग्राम पंचायत माकड़ोन व नगर परिषद माकड़ोन में करवा लिया है जिसके आधार पर कोई स्वत्व गौरीशंकरजी को प्राप्त नहीं होते हैं तथा गौरीशंकर जी की मृत्यु के पश्चात उनके पुत्रगण कमलेश शर्मा व लोकेन्द्र शर्मा बिना कोई स्वत्व बिना हक के वार्ड के. 7 म.नं. 11 पर नगर परिषद माकड़ोन में अपने नाम का नामांतरण करवाने की कोशिश कर रहे है, जिसके संबंध में मेरे पक्षकार मोहनलाल शर्मा द्वारा नगर परिषद माकड़ोन में लिखित आपत्ति प्रस्तुत की है, इस प्रकार कमलेश शर्मा व लोकेन्द्र शर्मा नगर परिषद माकड़ोन के कर्मचारियों से सांठगांठ कर अवैधानिक तरीके से नियम विरुद्ध उपरोक्त मकान पर नामांतरण करवाना चाहते हैं तथा इस मकान को विक्रय, दान, गिरवी इत्यादि द्वारा अन्य व्यक्तियों को या वित्तिय संस्थाओं को अंतरण करना चाहते है व भारग्रस्त करना चाहते हैं तदनुसार आम जनता व नगर परिषद माकड़ोन इस जाहिर सूचना में वर्णित मकान को अपने पक्ष में अंतरण, भारग्रस्त कमलेश शर्मा व लोकेन्द्र शर्मा के माध्यम से नहीं करावे तथा नगर परिषद माकड़ोन भी कमलेश शर्मा व लोकेन्द्र शर्मा को भी इस जाहिर सूचना द्वारा सूचित किया जाता है कि आप दोनों इस जाहिर सूचना में वर्णित मकान को विक्रय दान इत्यादि द्वारा अन्य व्यक्तियों के पक्ष में अंतरण नहीं करें व भारग्रस्त नहीं करे व नगर परिषद माकड़ोन भी कमलेश शर्मा व लोकेन्द्र शर्मा का नामांतरण नहीं करें अन्यथा की स्थिति में मेरे उपरोक्त चारों पक्षकारगण को संबंधित सभी लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही करना आवश्यक होगा। यह सूचित हो।

**जगदीशचन्द्र परमार एडव्होकेट, तराना**
**(फोन मो. 9893227586)**

## श्री जैन के सूने मकान से लाखों रूपये की हुई चौरी

**आगर मालवा।** आगर कलेक्टर कार्यालय में पदस्त महेन्द्र कुमार जैन का नगरपालिका के समीप गार्डन के सामने पुराना आबकारी शासकीय निवास भवन पर अज्ञात चोर ने लाखों रूपये पर हाथ साफ कर लीए। प्राप्त जानकारी अनुसार महेन्द्र जैन का परिवार अपने सुसराल शादी समारोह में गया हुआ था। उक्त मकान दिनांक 13 मार्च से सूना था। दिनांक 15 मार्च रविवार को महेन्द्र कुमार जैन सुबह 10:30 बजे के लगभग अपने घर शादी से वापस आए और मेनगेट का ताला खोलकर दरवाजा खोला तो वह नही खुला अन्दर से लगा हुआ था। तब श्री जैन पिछे गए तो देखा कि दरवाजे का कुन्दा टूटा हुआ है और दरवाजा खुला हुआ है अन्दर जाकर देखा तो सामान बिखरा हुअ पडा है और गोदरेज अलमारी से दो लाख रूपये नगदी व चॉदी की चार जोड़ बिछूडी व चॉदी का कडा नही मिला। आगर पुलस द्वारा प्रकरण दर्ज कर जांच की जा रही है। वही पुलिस द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर फिंगर एक्सपर्ट द्वारा व एक्सपर्ट डाग द्वारा जांच की गई।

## आजाद समाज पार्टी ने मनाया स्थापना दिवस

**गुना।** अहिरवार समाज धर्मशाला आरोन में आजाद समाज पार्टी कांशीराम साहब का 6वां स्थापना दिवस एवं कांशीराम साहब की जयंती बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मुकेश इमालिया (भीम आर्मी जिला सचिव), संजीव अहिरवार (जिला महासचिव), संजीव जिला अध्यक्ष गुना), अमर सिंह अहिरवार (ब्लॉक अध्यक्ष आरोन), अनिल (संगठन मंत्री आरोन), घनश्याम भगत जी (अध्यक्ष), सुरेंद्र ( जिला उपाध्यक्ष गुना), राहुल, छतर सिंह नेता जी एवं अन्य सैकड़ों भीम आर्मी के कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अमर सिंह अहिरवार (ब्लॉक अध्यक्ष आरोन) द्वारा की गई। इस मौके पर सभी साथियों ने मान्यवर कांशीराम साहब के विचारों पर चलकर बहुजन समाज को संगठित करने का संकल्प लिया।

## मंडल संगठन प्रभारी की घोषणा

**आगर मालवा।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल के निर्देशानुसार एवं सांसद महेंद्र सिंह सौंलकी,रोडमल नागर, विधायक मधु गेहलोत,जिला प्रभारी जयदीप पटेल की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष ओम मालवीय ने जिला के सभी मंडल प्रभारी की घोषणा की गई। आगर नगर मंडल में डा गजेंद्र सिंह चंद्रावत, ग्रामीण मंडल संगीता देसाई, सुसनेर मंडल आभा चोपडा,सोयत मंडल अजय जैन,बीजानगरी सज्जनसिंह कलारिया,धरोला मंडल राजेंद्र सिंह गुर्जर,मोडी मंडल में डा राहुल जैन,मोहना मंडल भुपेंद्र सिंह दरबार, मदकोटा मंडल पवन वेदिया, बड़ागांव मंडल प्रेम यादव, तनोडिया मंडल कविता शर्मा,कानड मंडल मीना स्वर्णकार, नलखेड़ा मंडल संतोष गोयल,बडोद मंडल महेश कुमार मित्तल की घोषणा की गई। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी महेश शर्मा तनोडिया ने दी।

## मनाया बहुजन नायक कांशीराम साहब का जन्मदिन

**गुना।** मान्यवर कांसीराम सहाब जी का 92बे जन्म दिवस पर सम्राट अशोक बुद्ध विहार गुना में बहुजन समता भोज का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मान्यवर साहब के जीवन संघर्ष पर विचार रखे गए। समापन बाद मैत्री भोज हुआ। इसके बाद एलएस बौद्ध ने सभी साथियों का आभार व्यक्त किया। बहुजन समाज के महान क्रांतिकारी निडर नेता कांशीराम साहब का जन्मदिन स्थानीय सम्राट अशोक बुद्ध विहार में बड़े ही सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, युवा एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कांशीराम साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर की गई। वक्ताओं ने उनके जीवन, संघर्ष और बहुजन समाज के उत्थान के लिए किए गए कार्यों को याद करते हुए कहा कि कांशीराम साहब ने समाज के वंचित और शोषित वर्ग को जागरूक कर उन्हें अपने अधिकारों के लिए संगठित होने का संदेश दिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि कांशीराम साहब के विचार आज भी समाज को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता और न्याय स्थापित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने उनके आदर्शों को अपनाने और समाज में एकता बनाए रखने का संकल्प लिया। अंत में उपस्थित सभी लोगों को प्रसाद वितरण किया गया।

## 12 कलेक्टरों के पास अपना घर नहीं, विवेक अग्रवाल के पास सबसे अधिक जमीन

**भोपाल।** प्रदेश में कुल 391 आईएएस अधिकारियों की संपत्ति के ताजा आंकड़े सामने आए हैं। इनमें जहां कुछ अधिकारी करोड़ों की संपत्ति के मालिक हैं, वहीं कई ऐसे भी हैं जिनके पास खुद का घर या खेती की जमीन तक नहीं है। प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन के पास करीब 4 करोड़ 15 लाख रुपए की संपत्ति दर्ज है। वहीं 55 जिलों के कलेक्टरों की संपत्ति के आंकड़े देखें तो इनमें से 12 कलेक्टर ऐसे हैं, जिन्होंने अपनी अचल संपत्ति शून्य बताई है। यानी इन अधिकारियों के पास न खुद का मकान है और न ही कृषि भूमि। इसके विपरीत 17 कलेक्टर ऐसे भी हैं जिनके पास मकान, दुकान और खेती की जमीन तीनों मौजूद हैं।संपत्ति के मामले में गुना कलेक्टर किशोर कन्याल जिला कलेक्टरों में सबसे आगे हैं। उनके पास करीब 3 करोड़ 18 लाख रुपए की संपत्ति है, जिसमें भोपाल, उत्तर प्रदेश और नोएडा में स्थित मकान, प्लॉट और कृषि भूमि शामिल है।

## पिता को पत्थरों से कुचलकर मार डाला, बेटे को चेन से पीटा

**सागर।** मध्य प्रदेश के सागर जिले में शादी में विवाद के बाद 5 लोगों ने मिलकर बाप-बेटे पर हमला कर दिया। आरोपियों ने साइकिल की चेन से पिटाई की। पत्थर से कुचलकर पिता की हत्या कर दी, जबकि बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र के बम्होरी तिगड्डा का है। जानकारी के मुताबिक मृतक की पहचान बाग खैजरा निवासी प्रदीप पांडेय (40) के रूप में की गई है, जबकि घायल बेटे का नाम रचित पांडेय (21) है। रचित को सागर अस्पताल से गंभीर हालत में भोपाल रेफर किया गया है। उसके सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरे घाव हैं।

# चौड़ीकरण की रफ्तार पर प्रशासन सख्त, संभागायुक्त ने परखी गुणवत्ता

### खजूर वाली मस्जिद, केडी गेट, जुना सोमवारिया से कोयला फाटक, तेलीवाड़ा तक निरीक्षण, रात में भी सड़क निर्माण और नालों की रफ्तार बढ़ाने के निर्देश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन



शहर में चल रहे प्रमुख मार्गों के चौड़ीकरण कार्यों को लेकर प्रशासन ने अब गति और गुणवत्ता दोनों पर सख्ती बढ़ा दी है। रविवार को संभाग आयुक्त आशीष सिंह ने नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के साथ विभिन्न प्रगतिरत मार्ग चौड़ीकरण कार्यों का स्थल निरीक्षण कर निर्माण की प्रगति और तकनीकी गुणवत्ता की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान संभाग आयुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा में, तकनीकी मानकों के अनुरूप और बेहतर गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि चौड़ीकरण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या धीमी गति स्वीकार नहीं की जाएगी।

**खजूर वाली मस्जिद से जुना सोमवारिया तक कार्य की समीक्षा**- संभाग आयुक्त और निगम आयुक्त ने खजूर वाली मस्जिद से केडी गेट होते हुए जुना सोमवारिया तक चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया। अधिकारियों और ठेकेदार को निर्देश दिए गए कि नाली निर्माण कार्य की गति बढ़ाई जाए और इसमें प्री स्टेट क्वालिटी तकनीक का उपयोग कर गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए, ताकि बरसात में जल निकासी की समस्या न हो।

**सीवरेज लाइन और विद्युत कार्य जल्द पूरा करने के निर्देश**- वीडी क्लॉथ मार्केट से तेलीवाड़ा मार्ग चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने कहा कि डीएलसी सड़क के ऊपर डाली जा रही टाटा कंपनी की सीवरेज लाइन का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, ताकि सड़क निर्माण में देरी न हो।

इसके साथ ही विद्युत विभाग को निर्देशित किया गया कि विद्युत पोल, ट्रांसफार्मर और सप्लाई से जुड़े कार्यों को समय रहते पूर्ण किया जाए, जिससे निर्माण कार्य में बाधा न आए।

**रात की शिफ्ट में होगा पीक्यूसी सड़क निर्माण**- संभाग आयुक्त ने सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने के लिए रात्रिकालीन शिफ्ट में पीक्यूसी का कार्य करने के निर्देश दिए।

**कोयला फाटक-तेलीवाड़ा मार्ग पर पीक्यूसी शुरू करने के निर्देश**- कोयला फाटक से तेलीवाड़ा मार्ग का निरीक्षण करते हुए संभाग आयुक्त ने पाया कि यहां डीएलसी का कार्य पूर्ण हो चुका है। उन्होंने निर्देश दिए कि अब पीक्यूसी का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए और साथ ही प्रगतिरत नाली निर्माण को भी जल्द पूरा किया जाए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री हिमांशु तिवारी, सहायक यंत्री डी.एस. परिहार, कंसल्टेंट और संबंधित ठेकेदार उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने म्याना सिविल अस्पताल का किया निरीक्षण

**गुना।** केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री तथा गुना सांसद ज्योतिरादित्य सिंधिया के गुना जिले के म्याना दौरे के दौरान जिला ट्रेनिंग सेंटर और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण किया और जनसुनवाई में आम नागरिकों की समस्याएँ सुनकर उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए।

केंद्रीय मंत्री ने जिला ट्रेनिंग सेंटर का निरीक्षण कर सभी चल रहे प्रोजेक्ट्स को तय समय सीमा में खत्म करने के निर्देश दिए। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, म्याना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी की व्यवस्थाओं को देखा और मरीजों से बात कर उनका हाल चाल जाना और चल रही सेवाओं के बारे में उसने फीडबैक लिया। इसके पश्चात केंद्रीय मंत्री ने म्याना में आयोजित जनसुनवाई कर नागरिकों की समस्याएँ सुनीं। जनसुनवाई के दौरान कुल 737 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 99 मामलों का स्वयं सिंधिया ने मौके पर तत्काल समाधान निकाला। लगभग 200 आवेदनों को केंद्रीय मंत्री ने स्वयं सुना, जबकि शेष 638 आवेदन 'वर्क इन प्रोग्रेस' के रूप में दर्ज किए गए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक आवेदन का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीकृत किया गया है और उनकी ऑनलाइन ट्रैकिंग प्रणाली के माध्यम से नियमित समीक्षा की जाएगी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कितने मामलों का समाधान हुआ, कितने लंबित हैं और जिनका समाधान नहीं हो पाया है उसके कारण क्या हैं।



### गंगाराम को तुरंत दिलवाया हियरिंग एड

जनसुनवाई के दौरान गंगाराम नामक एक व्यक्ति ने केंद्रीय मंत्री को बताया कि उन्हें पिछले तीन से चार वर्षों से सुनने में गंभीर परेशानी हो रही है। यह सुनते ही सिंधिया ने तुरंत अधिकारियों को निर्देश दिए और कुछ ही मिनटों में गंगाराम को हियरिंग एड उपलब्ध कराया गया। हियरिंग एड मिलने के बाद गंगाराम के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। उन्होंने केंद्रीय मंत्री का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सिंधिया ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे गंगाराम को हियरिंग एड की बैटरी बदलने और उसके उपयोग की प्रक्रिया भी समझाएँ, ताकि आगे उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

## शिर्डी में साईं ट्रस्ट 200 किलो गैस रोज बचा रहा, सरकार ने यूनिक मॉडल बताया

**शिर्डी।** ईरान-इजराइल संघर्ष के कारण दुनिया भर में ईंधन की आपूर्ति पर दबाव बढ़ने की आशंका है। ऐसे समय में शिर्डी स्थित श्री साईंबाबा संस्थान ट्रस्ट का सोलर कुकिंग सिस्टम एक मिसाल बन गया है। सौर ऊर्जा से चलने वाले इस सिस्टम से रोज हजारों श्रद्धालुओं के लिए भोजन पकाया जा रहा है। इस सोलर सिस्टम से हर दिन करीब 2,000 किलो खाना बनाया जाता है, जो लगभग 40 हजार श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त होता है। इससे रोजाना करीब 200 किलो गैस की बचत भी हो रही है। इस अनोखी पहल को देखते हुए मिनिस्ट्री ऑफ न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी ने भी इस प्रोजेक्ट को देश के एक यूनिक मॉडल के रूप में सम्मानित किया है। शिर्डी में रोज औसतन 75 से 80 हजार श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं। साईं संस्थान के प्रसादालय में श्रद्धालुओं को मुफ्त भोजन दिया जाता है और लगभग 40 हजार लोग हर दिन इसका लाभ लेते हैं। पहले इतनी बड़ी मात्रा में खाना बनाने के लिए करीब 1,700 किलो गैस खर्च होती थी, जिससे संस्थान पर काफी आर्थिक बोझ पड़ता था।

## मौत की अफवाह के बीच कॉफी पीते दिखे नेतन्याहू

**तेल अवीव/तेहरान।** इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने मौत की अफवाह के बीच सोशल मीडिया पर अपना एक वीडियो शेयर किया है। इसमें वे एक रेस्टोरेंट में बैठकर कॉफी पीते नजर आ रहे हैं। उन्होंने वीडियो के कैप्शन में लिखा- %वे कहते हैं कि मैं क्या हूं?। दरअसल इससे पहले सोशल मीडिया पर खबर फैल गई थी कि नेतन्याहू मारे गए हैं। 13 मार्च को उनके एक वीडियो मैसेज में कुछ लोगों ने दावा किया कि उनके दाएं हाथ में 6 उंगलियां दिख रही हैं। इसके बाद कई यूजर्स ने उस वीडियो को या डीपफेक बताना शुरू कर दिया। इसके बाद अफवाह फैलने लगी कि ईरान के हमले में नेतन्याहू की हत्या हो गई या वे जर्मनी भाग गए हैं।

# नेशनल लोक अदालत में सुलह से सजा परिवार पति-पत्नी ने शुरू किया नए जीवन का सफर

**आगर मालवा।** नेशनल लोक अदालत के माध्यम से एक परिवार को पुन: साथ लाने की प्रेरणादायक सफलता सामने आई। न्यायालय के प्रयासों से वैवाहिक विवाद का आपसी सहमति से निराकरण कर पति-पत्नी ने नए जीवन की शुरुआत करने का संकल्प लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, याचिकाकर्ता मनोज कुमार मालवीय (परिवर्तित नाम) का विवाह लगभग 6 वर्ष पूर्व अनावेदिका रीना मालवीय (परिवर्तित नाम) के साथ हिंदू रीति-रिवाज एवं पारंपरिक सामाजिक प्रथा के अनुसार संपन्न हुआ था। विवाह उपरांत दोनों दांपत्य जीवन का निर्वहन करते हुए साथ रह रहे थे। इस दौरान उनके दो बच्चे हुए, जिनमें एक पुत्री (आयु 3 वर्ष) एवं एक पुत्र (आयु 9 माह) शामिल हैं। बताया गया कि दोनों परिवारों के बीच 'आटे-साटे' की परंपरा के अंतर्गत एक अन्य पारिवारिक विवाह भी हुआ था, जो समय के साथ पति-पत्नी के बीच विवाद का मुख्य कारण बन गया और मामला न्यायालय तक पहुंचा। 14 मार्च 2025 को आयोजित नेशनल लोक अदालत में न्यायाधीश मधुसूदन जंघेल की न्यायपीठ के समक्ष दोनों पक्ष उपस्थित हुए। न्यायालय द्वारा समझाइश एवं परामर्श के पश्चात पति-पत्नी के बीच आपसी सुलह-समझौता (राजीनामा) संपन्न कराया गया। समझौते के बाद दोनों ने भविष्य में प्रेम, विश्वास एवं आपसी सम्मान के साथ जीवन व्यतीत करने का संकल्प लिया। साथ ही चारधाम यात्रा पर जाने का निर्णय लेते हुए नई शुरुआत का प्रतीक स्वरूप एक-दूसरे को पुष्पमाला पहनाई। नेशनल लोक अदालत के इस प्रयास से एक बिखरता परिवार पुन:एकजुट हुआ।

## विधायक ऋषि अग्रवाल ने रखी बात

**गुना।** कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में दिशा की मीटिंग में केंद्रीय मंत्री सिंधिया सहित जिले के जनप्रतिनिधि अधिकारियों के समक्ष जिले के विकास कार्यों को लेकर चर्चा हुई। मीटिंग में बमौरी विधानसभा क्षेत्र के पैनहटी तालाब को लेकर विशेष चर्चा हुई जिसमे बताया गया की पैनहटी तालाब का टेंडर लगने के वाद भी कोई ठेकेदार सामने नहीं आया। बमौरी विधायक ऋषि अग्रवाल ने मीटिंग में कहा की बमौरी क्षेत्र में किसानों की वर्षों से पनेहटी तालाब की मांग है। यह स्वीकृत भी हो गया, मगर शासन प्रशासन ने गंभीरता से न लेने के कारण प्रोजेक्ट लेट हो रहा है, जब तक भू अर्जन का काम पूरा नहीं होगा कोई भी एजेंसी या ठेकेदार टेंडर में पार्टिसिपेट करने नहीं आएगा। पहले भू अर्जन का काम शासन और प्रशासन के स्तर पर पूर्ण रूप से कंप्लीट कर लिया जाए। उसके बाद जैसे ही टेंडर लगेगा कई ठेकेदार उसमें हिस्सा लेने आ जाएंगे, क्योंकि सभी को मालूम है कि इसमें फॉरेस्ट की जमीन का भूवर्जन होना है और वह बहुत समय लगने वाला प्रक्रिया है।

## एक ही दिन में 6.28अरब रुपए के दावों का समाधान

**जबलपुरल।** मध्यप्रदेश में 2026 की पहली नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में मामलों का निराकरण किया गया। शनिवार को आयोजित लोक अदालत में एक ही दिन में 1.67 लाख से अधिक मामलों की सुनवाई कर उनका निपटारा किया गया। साथ ही करीब 6.28 अरब रुपए के दावों का भी समाधान किया गया। लोक अदालत में अदालतों में लंबित 42,278 प्रकरण और प्री-लिटिगेशन के 1,25,353 मामलों की सुनवाई की गई। दोनों को मिलाकर कुल 1.67 लाख मामलों का निराकरण किया गया।


**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित Grasim Industries Limited के इक्विटी शेयरों से संबंधित शेयर प्रमाणपत्र(ों) खो गए / गुम हो गए / चोरी हो गए हैं और हम कंपनी से डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आवेदन कर रहे हैं।
उक्त इक्विटी शेयरों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों का कोई दावा हो, तो वे अपना दावा कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय — Aditya Birla Centre, 'A' विंग, दूसरी मंज़िल, एस. के. अहीरे मार्ग, वरली, मुंबई – 400030, महाराष्ट्र में स्थित Grasim Industries Limited के कार्यालय में इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा कंपनी उपर्युक्त धारक/दावेदार के नाम डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की कार्यवाही बिना किसी अतिरिक्त सूचना के कर देगी और इसके पश्चात किसी भी व्यक्ति का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| फोलियो संख्या | शेयरधारक का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या। | विशिष्ट संख्या। से | विशिष्ट संख्या। को |
|---|---|---|---|---|---|
| GRA0327480 | गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने | 360 & FV Rs.2/- | 3327480 | 656454835 | 656455194 |

स्थान: बिरलाग्राम, नागदा, उज्जैन, मध्य प्रदेश
दिनांक: 16/03/2026
गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने
शेयरधारक(कों) का नाम

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित Grasim Industries Limited के इक्विटी शेयरों से संबंधित शेयर प्रमाणपत्र(ों) खो गए / गुम हो गए / चोरी हो गए हैं और हम कंपनी से डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आवेदन कर रहे हैं।
उक्त इक्विटी शेयरों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों का कोई दावा हो, तो वे अपना दावा कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय — Aditya Birla Centre, 'A' विंग, दूसरी मंज़िल, एस. के. अहीरे मार्ग, वरली, मुंबई – 400030, महाराष्ट्र में स्थित Grasim Industries Limited के कार्यालय में इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा कंपनी उपर्युक्त धारक/दावेदार के नाम डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की कार्यवाही बिना किसी अतिरिक्त सूचना के कर देगी और इसके पश्चात किसी भी व्यक्ति का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| फोलियो संख्या | शेयरधारक का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या। | विशिष्ट संख्या। से | विशिष्ट संख्या। को |
|---|---|---|---|---|---|
| GRA0327390 | गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने | 1266 & FV Rs.2/- | 3327390 | 656450812 | 656452077 |

स्थान: बिरलाग्राम, नागदा, उज्जैन, मध्य प्रदेश
दिनांक: 16/03/2026
गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने
शेयरधारक(कों) का नाम

**सार्वजनिक नोटिस**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नीचे उल्लिखित Grasim Industries Limited के इक्विटी शेयरों से संबंधित शेयर प्रमाणपत्र(ों) खो गए / गुम हो गए / चोरी हो गए हैं और हम कंपनी से डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने हेतु आवेदन कर रहे हैं।
उक्त इक्विटी शेयरों के संबंध में यदि किसी व्यक्ति/व्यक्तियों का कोई दावा हो, तो वे अपना दावा कंपनी के कॉर्पोरेट कार्यालय — Aditya Birla Centre, 'A' विंग, दूसरी मंज़िल, एस. के. अहीरे मार्ग, वरली, मुंबई – 400030, महाराष्ट्र में स्थित Grasim Industries Limited के कार्यालय में इस सूचना की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा कंपनी उपर्युक्त धारक/दावेदार के नाम डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की कार्यवाही बिना किसी अतिरिक्त सूचना के कर देगी और इसके पश्चात किसी भी व्यक्ति का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

| फोलियो संख्या | शेयरधारक का नाम | शेयरों की संख्या | प्रमाणपत्र संख्या। | विशिष्ट संख्या। से | विशिष्ट संख्या। को |
|---|---|---|---|---|---|
| 632951 | गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने | 1265 & FV Rs.2/- | 3129147 | 450719396 | 450720660 |

स्थान: बिरलाग्राम, नागदा, उज्जैन, मध्य प्रदेश
दिनांक: 16/03/2026
गिरिन मोहन पायने और मिहिर मोहन पायने
शेयरधारक(कों) का नाम


## न्यायालय इमरान हुसैन पदेन तहसीलदार (वसूली)

**संचारण-संधारण उपसंभाग म.प्र.प.क्षे.वि.वि.कं.लिमि. सुसनेर, जिला आगर (मालवा) म.प्र.**
**प्रारूप-06 (नियम 6 देखिये)**

### चल/अचल संपत्ति कुर्की एवं बैंक खाता बाधित हेतु अधिसूचना

एतद् द्वारा घोषणा की जाती है कि निम्नलिखित बकायादार विद्युत उपभोक्ताओं के परिसर पर विद्युत बिलों की बकाया राशि जमा नहीं होने के कारण उनकी चल/अचल संपत्ति की कुर्की वारंट जारी करने की कार्यवाही के साथ-साथ बैंक खाते को बाधित किए जाने की कार्यवाही की जा रही है। यदि बकायादार उपभोक्ता द्वारा दिनांक 24.03.2026 के पूर्व संपूर्ण बकाया राशि का भुगतान नहीं किया जाता है तो म.प्र. विद्युत भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 147 (ग) के अधीन कुर्की की कार्यवाही किसी भी समय की जावेगी। यदि किसी बकायादार उपभोक्ता को कोई अपत्ति है तो मय प्रमाण के दिनांक 24.03.2026 तक पदेन तहसीलदार कार्यालय सुसनेर में स्वयं उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। इसके पश्चात अंतिम निर्णय पदेन तहसीलदार के क्षेत्राधिकार सुरक्षित रहेगा। **अनुसूची :**

| क्र. | आर.आर. सी. नंबर | वितरण केंद्र का नाम | सर्विस क्रमांक | उपभोक्ता का नाम | पता | कुल बकाया राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2949 | सुसनेर | 3334036874 | जय सिंह राणा पिता राजेंद्र सिंह राणा | डग रोड सुसनेर | 69892 |
| 2 | 2932 | सुसनेर | 3334032731 | चम्पालाल रामलाल राठोर | सोयत रोड सुसनेर | 49539 |
| 3 | 2921 | सुसनेर | 3334017464 | अजहर्दिन मन्सुरी निजामुद्दिन मन्सुरी | मैना रोड | 40860 |
| 4 | 2982 | सुसनेर | 3334032652 | अनीजाबी जुप्रती खान | आकली | 99141 |
| 5 | 2948 | सुसनेर | 3334036408 | माँ पुष्पा हॉस्पिटल सुसनेर | डाक बन्ला रोड | 128990 |
| 6 | 2693 | सुसनेर | 3334033121 | श्यामलाल बालचन्द्र | इतवारिया | 45894 |
| 7 | 2854 | सुसनेर | 3334016855 | कन्हैयालाल लालचंद प्रजापत | मसनिया रोड सुसनेर | 41705 |
| 8 | 2899 | सुसनेर | 3334034074 | धर्मेन्द्र मोहनलाल राठौर | हनुमान मठ के पास सुसनेर | 34838 |
| 9 | 2660 | सुसनेर | 3334034355 | मदन सिंह रुघनाथ सिंह | पिड़ावा रोड | 33822 |
| 10 | 2894 | सुसनेर | 3334017213 | रमेश चंद देवीलाल सोनी | सराफा बाजार | 32146 |
| 11 | 2889 | सुसनेर | 3334017069 | गिरधारीलाल कनवरलाल जैन | सराफा बाजार | 28193 |
| 12 | 2959 | सुसनेर | 3334016257 | गणपत लाल भुवनजी | पिपलिया रोड | 23344 |
| 13 | 2791 | सुसनेर | 3334032261 | राहुल अशोक कुमार | बस स्टैण्ड सुसनेर | 20564 |
| 14 | 2917 | सुसनेर | 3334017310 | गोविंद सिंह हरनाथ सिंह | सोयत रोड सुसनेर | 54350 |
| 15 | 2817 | सुसनेर | 3334035564 | संजय सिंह शिव सिंह | सब्जी मंडी के पास | 47463 |
| 16 | 2942 | सुसनेर | 3334034249 | मोहम्मद हारुन मोहम्मद मजहर | डाक बंगला रोड | 44644 |
| 17 | 2860 | सुसनेर | 3334017223 | हफीज खान हकीम खान | पालिका बाजार | 33802 |
| 18 | 2774 | सुसनेर | 3334035300 | अली हुसैन अल्लाहनूर | एमइइस स्कूल के सामने | 33628 |
| 19 | 2728 | सुसनेर | 3334034418 | गोवेर्धन रामलाल | मोड़ी चौराहा | 24031 |
| 20 | 2773 | सुसनेर | 3334034923 | भेरूलाल राधेश्याम | सोयत रोड सुसनेर | 23951 |
| 21 | 2941 | सुसनेर | 3334034151 | शम्भू दयाल मोहन लाल | सोयत रोड सुसनेर | 21780 |
| 22 | 3005 | सुसनेर | 3334036263 | गोकुल सिंह बापू सिंह | सेमलखेडी | 20766 |
| 23 | 2634 | सुसनेर | 3334003703 | दुलिचंद बद्रीलाल | हरिजन कालोनी | 72822 |
| 24 | 2692 | सुसनेर | 3334028390 | लाखन चुन्नीलाल गायरी | पिडावा रोड सुसनेर | 62360 |
| 25 | 2644 | सुसनेर | 3334014327 | श्री सुरेन्द्र कुमार | हरि नगर कालोनी सुसनेर | 50667 |
| 26 | 2967 | सुसनेर | 3334006187 | इरफान गफ्फार खा | नर्बदिया | 43228 |
| 27 | 2668 | सुसनेर | 3334036997 | सद्दाम खान पिता कल्लू खान | हरि नगर कालोनी सुसनेर | 42151 |
| 28 | 2685 | सुसनेर | 3334014767 | भेरुलाल बालचन्द्र | इतवारिया | 41782 |
| 29 | 2836 | सुसनेर | 3334006194 | नानूराम कनवरलाल | पंडितगली | 41344 |
| 30 | 2872 | सुसनेर | 3334007531 | देवीलाल रामलाल गुजर | चौतीस-माता-गली | 40216 |
| 31 | 2874 | सुसनेर | 3334033120 | सन्जय कैलाश चन्द्र सोनी | रवल गली | 39796 |
| 32 | 2822 | सुसनेर | 3334003413 | देविलाल गोवर्धनलाल | शुक्रवारिया सुसनेर | 36587 |
| 33 | 2636 | सुसनेर | 3334007322 | हरिनारायण मोतीलाल | मैना रोड | 36172 |
| 34 | 2829 | सुसनेर | 3334002151 | भगीरथ रामलाल | नई मोहला | 33888 |
| 35 | 2971 | सुसनेर | 3334028842 | कैलाश लालुजी | जामा मस्जिद के पास सुसनेर | 27095 |

**नोट :-** उक्त संपत्ति पर किसी व्यक्ति, समूह, शासकीय/अशासकीय संस्था या अन्य किसी का बकाया राशि लेना शेष हो तो दिनांक 24.03.2026 के पूर्व पदेन तहसीलदार (वसूली) सुसनेर के कार्यालय में मय प्रमाण के साथ उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें। उक्त दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

**इमरान हुसैन**
**पदेन तहसीलदार (वसूली)**
**म.प्र.प.क्षे.वि.वि.क.लिमि.उपसंभाग सुसनेर**

म.प्र. माध्यम/124923/2026

# रतलाम में बढ़ती भीड़ से परेशान गैस एजेंसी डीलर पहुंचे प्रशासन की शरण में; दिया ज्ञापन एवं रखी मांगे

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



गैस एजेंसियों पर पड़ रही भीड़ के कारण काफी दिक्कत हो रही है। बुकिंग न होने के कारण ग्राहक डीलरों पर ही गुस्सा निकाल रहे हैं, धमकी दे रहे हैं। कभी-कभी अभद्र व्यवहार भी कर रहे हैं। कुछ कर्मचारियों ने काम छोड़ दिया है। अगर यह स्थिति रही तो हमें शटर लगाना पड़ सकता है। हमारी जांच जिस भी प्रकार की करनी है, वह थोडी स्थिति सामान्य होने के बाद कर कर लें, हम उसमें आपका पूरा सहयोग करेंगे।

यह मांग रतलाम गैस डीलर एसोसिएशन रतलाम शहर ने एडीएम डॉ. शालीनी श्रीवास्तव को आवेदन देकर की है। गैस की बुकिंग न होने एवं वितरण में आ रही कठिनाई के कारण गैस डीलर शनिवार शाम कलेक्टर मिशा सिंह से मिलने पहुंचे थे। कलेक्टर के मीटिंग में होने के कारण गैस डीलर एडीएम डॉ. शालीनी श्रीवास्तव से मिले। उन्हें अपनी समस्या बताकर एक आवेदन सौंपा। जिसमें 12 बिंदु रख वर्तमान परिस्थितियों से आ रही परेशानियों को बताया।

**यह बताई समस्या**

ग्राहकों की भारी भीड़ आने से व्यवस्था बिगड़ रही है। जो ग्राहक आज तक कभी एजेंसी पर नहीं आए, बुकिंग कर लेते थे वह भी आ रहे हैं।बुकिंग न होने के कारण ग्राहक डीलरों पर ही गुस्सा निकाल रहे हैं। धमकी दे रहे हैं। कभी-कभी अभद्र व्यवहार भी कर रहे हैं। सप्लाई की कमी देरी के कारण डीलरों के पास स्टॉक सीमित है, फिर भी ग्राहक रोजाना दबाव डाल रहे हैं।

पिछले कुछ दिनों में बुकिंग की मात्रा बढ़ गई जिसके कारण सर्वर से अब बुकिंग ही बंद कर दी गई। जबकि आपूर्ति पहले से कम है, जिससे उनकी दैनिक कार्य व्यवस्था पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गई है।डीलर का मानसिक तनाव बढ़ रहा है और व्यवसाय चलाना मुश्किल हो गया है। बुकिंग ना होने से हम कुछ नहीं कर पा रहे है। मैन्युअल बुकिंग की अनुमती यदि दी जाती है तो काफी सुधार हो सकता है। वितरण के दौरान खाली टंकी जब्त कर वितरकों को परेशान किया जा रहा है। श्वष्ट एक्ट में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है खाली टंकी जब्त की जाए।

खाद्य विभाग द्वारा छापामार कार्रवाई कर हमारी डिलेवरी वैन में पड़े सिलेंडर की जब्ती बनाई जा रही है। ग्राहकों के व्यवहार के चलते हमारे स्टाफ ने काम करना बंद कर दिया है। काम पर नहीं आ रहे हैं। ऐसी स्थिति बनी तो अगले दो तीन दिन में, हम काम करने लायक नहीं बचेंगे। हमारी दुकानों पर शटर लग सकता है। शहर के विशिष्ट वर्ग प्रभावी वर्ग को भी सिलेंडर की जरूरत पड़ती रहती है। वर्तमान स्थिति में हम उनकी पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। इस वजह से वह भी हमारे विरुद्ध कार्रवाई कर रहे हैं। हमारी जांच जिस भी प्रकार की करनी है, वह थोडी स्थिति सामान्य होने के बाद कर कर ले। हम उसमें पूरा सहयोग करेंगे।

### यह रखी मांगें

जिला स्तर पर डीलरों की समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर संबंधित तेल कंपनियों के अधिकारियों से बात की जाए। बुकिंग सिस्टम की क्षमता बढ़ाने, मैनुअल बुकिंग की अस्थायी व्यवस्था करने और सप्लाई में सुधार के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। अफवाहें फैलाने वालों पर नजर रखी जाए। जनता को सही जानकारी दी जाए ताकि पैनिक बुकिंग रुके।डीलरों को सुरक्षा और सहायता प्रदान की जाए ताकि वे बिना तनाव के कार्य कर सकें।

# भाजपा का दो दिवसीय मंडल स्तरीय प्रशिक्षण वर्ग शुरू, विचारधारा और उपलब्धियों पर मंथन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मन्दसौर



भाजपा ने जिले के सभी संगठनात्मक मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का भव्य शुभारंभ किया गया है। 15 और 16 मार्च को आयोजित इन वर्गों के माध्यम से कार्यकताओं को पार्टी की रीति-नीति और सरकार की योजनाओं से अवगत कराया जा रहा है।

प्रशिक्षण के प्रथम दिन सांसद सुधीर गुप्ता ने च्पार्टी का इतिहास एवं विकासच विषय पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं बल्कि जनसंघ के समय से चली आ रही राष्ट्रवाद और अंत्योदय की विचारधारा का प्रतिनिधित्व करने वाला जनआंदोलन है। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के योगदान को याद करते हुए कार्यकर्ताओं को वैचारिक प्रतिबद्धता का पाठ पढ़ाया।

वहीं, राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने केंद्र सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हुए जनकल्याणकारी कार्यों का विवरण दिया। उन्होंने उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, जल जीवन मिशन और किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं को गरीब और मध्यम वर्ग के सशक्तिकरण का आधार बताया।

उन्होंने वैश्विक स्तर पर भारत की बढ़ती साख और आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता का भी उल्लेख किया। प्रशिक्षण के विभिन्न सत्रों में इसी प्रकार भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित, पूर्व विधायक यशपालसिंह सिसौदिया, देवीलाल धाकड़, राधेश्याम पाटीदार, संभागीय प्रशिक्षण प्रभारी नानालाल अटोलिया, सहकारिता प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक मदनलाल राठौर, प्रदेश कायसमिति सदस्य अनिल कियावत, पिछड़ा मोर्चा प्रदेश मंत्री धीरज पाटीदार, भाजपा जिला महामंत्री शिवराजसिंह राणा घटावदा, भाजपा वरिष्ठ नेता हिम्मत डांगी आदि पदाधिकारियों ने कार्य पद्धति, सोशल मीडिया प्रबंधन और बूथ प्रबंधन जैसे तकनीकी विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।



## गणगौर की झेल में पाराशर समाज की महिलाओं ने गाए गीत

**नीमच।** शहर में चल रहे 16 दिवसीय गणगौर महापर्व के अंतर्गत शनिवार शाम को पाराशर समाज परिवार द्वारा भक्ति और परंपरा से ओतप्रोत गणगौर की झेल निकाली गई। यह झेल गांधी वाटिका से प्रारंभ होकर विजय टॉकीज चौराहा, 40 नंबर चौराहा, टैगोर मार्ग, कमल चौक, नायकावली, घंटाघर और तिलक मार्ग होते हुए पुस्तक बाजार पहुंची, जहां इसका समापन किया गया।झेल प्रारंभ होने से पूर्व गांधी वाटिका में महिलाओं ने विधि-विधान से गणगौर माता की पूजा-अर्चना की। इस दौरान महिलाओं ने भंवर म्हाने पूजन दियो गणगौर गीत पर गणगौर के झाले दिए और ईसर-गौरा को जल अर्पित कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। इसके बाद बैंड-बाजों की मधुर धुन और पारंपरिक गणगौर गीतों के साथ झेल का शुभारंभ किया गया। पूरे मार्ग में महिलाएं और युवतियां पारंपरिक वेशभूषा में गणगौर के गीत गाते हुए आगे बढ़ती रहीं, जिससे माहौल पूरी तरह भक्तिमय बना रहा। हिंदू परंपरा में गणगौर पर्व का विशेष महत्व माना जाता है। यह पर्व मुख्य रूप से भगवान शिव (ईसर) और माता पार्वती (गौरा) की आराधना को समर्पित होता है।

# विश्व कप में भारत की विजय होने पर चौमुखा महादेव को दिया धन्यवाद

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ रतलाम



सर्व ब्राह्मण महासभा महिला मंडल रतलाम की अध्यक्षा श्रीमती कौशल्या त्रिवेदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा की ओर से बागड़ों का वास स्थित श्री अगर जी के मंदिर में चमत्कारी प्राचीन श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक कर अहमदाबाद में आयोजित क्रिकेट के ञ्र२० विश्व कप में भारत की विजय श्री दिलाने पर चौमुखा महादेव का आभार व्यक्त किया गया। विश्व कप फाइनल मैच के पूर्व सनातन धर्म सभा ने विजय की कामना से एक अभिषेक किया था।

आज आयोजित इस विशेष अभिषेक के अवसर पर सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी व सनातन धर्म सभा महिला मंडल पूर्व अध्यक्ष श्रीमती राखी व्यास द्वारा श्रीमती कौशल्या त्रिवेदी को पुष्प गुच्छ भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी तथा इस अभिषेक के आयोजन के यजमान बनने पर त्रिवेदी परिवार को धन्यवाद दिया । नित्य अभिषेक आयोजन की श्रृंखला में आज मंदिर परिसर में उपस्थित सभी भक्तजनों ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे झंडे के तले भारत माता की जय तथा हर हर महादेव के जयकारो के साथ सनातन धर्म तथा राष्ट्र को मजबूत करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्री सनातन धर्म सभा, रतलाम अध्यक्ष अनिल झालानी, ओमप्रकाश त्रिवेदी, कौशल किशोर द्विवेदी, प्रवीण उपाध्याय, सुभाष शर्मा, राम प्रसाद व्यास आदि उपस्थित थे।

# पिपलोदा रोड पर अस्थाई अतिक्रमण एवं हाथ ढेले हटाकर यातायात सुगम बनाएं

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ जावरा



नगर में जगह-जगह अस्थाई अतिक्रमण एवं हाथ ठेले वालों के हौसले इतने बुलंद हो गए कि वह चाहे जहां खड़े हो जाते ।इससे मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों एवं वाहन चालकों को बड़ी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ।

सामाजिक कार्यकर्ता डॉक्टर मदन लाल गागले ने बताया कि शहर के पिपलोदा रोड पर भी ऐसी अव्वस्था एवं अतिक्रमण कारियों से परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं एवं विद्यालय होने से मरीजों एवं स्कूली विद्यार्थियों का आवागमन निरंतर बना रहता है। ऐसे में दुकानों के बाहर रखा सामान एवं हाथ ढेलों से मार्ग अवरुद्ध हो जाता है। जिससे राहगीरों को निकालने में बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

डॉक्टर गागले ने यातायात पुलिस प्रशासन से अपेक्षा की है कि वह उक्त क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई करें एवं मात्र वर्षो में एक बार एक दिन कार्रवाई कर प्रशासन अपनी इतिश्री कर लेता है ।इसके पश्चात फिर वही हालत बन जाते हैं ।कभी-कभी तो महिलाओं को भी पैदल निकलना मुश्किल हो जाता है। ऐसा लगता है कि अतिक्रमणकारियों एवं सड़क पर खुलेआम खड़े हाथ ठेलो वालों पर प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है ?क्या प्रशासन कोई घटना का इंतजार कर रहा है?

डॉक्टर गागले ने कहा कि उक्त पिपलोदा मार्ग पर मरीजों को अस्पताल जाने के लिए भी कई मर्तबा मार्ग अवरुद्ध होने से इंतजार करना पड़ता है ।बेचारा मरीज अपनी वेदना से तड़पता रहता है। लेकिन कोई समझने एवं समस्या का निदान करने को तैयार नहीं है। प्रशासन को शीघ्र ध्यान देकर किसी घटना के पूर्व व्यवस्था को सुधारना चाहिए।

# अखिल भारतीय चंद्रवंशीय बागरी समाज की प्रदेश स्तरीय बैठक संपन्न

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ पिपलिया मंडी



नरसिंह घाट स्थित चंद्रवंशीय बागरी समाज धर्मशाला में अखिल भारतीय चंद्रवंशीय बागरी समाज द्वारा प्रदेश स्तरीय महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से समाज के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित हुए। बैठक प्रारंभ होने से पहले प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया के नेतृत्व में राधा-कृष्ण मंदिर में माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात औपचारिक रूप से बैठक की शुरूआत हुई।बागरी युवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष नरेंद्र बागरी ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में समाज को संगठित और मजबूत बनाने के विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान सामाजिक संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करने, राष्ट्रीय स्तर पर केवल एक सशक्त सामाजिक संगठन बनाए जाने, तथा जिलेवार बागरी समाज की जनगणना कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। इसके साथ ही समाज की राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित करने और युवाओं को संगठन से जोड़ने पर भी चर्चा की गई। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि समाज को मजबूत करने के लिए गांव-गांव तक संगठन का विस्तार किया जाएगा। साथ ही आगामी समय में धार्मिक नगरी उज्जैन में बागरी समाज की भव्य रैली निकालने का भी प्रस्ताव रखा गया, जिससे समाज में एकता और संगठन को नई मजबूती मिल सके। बैठक का मुख्य उद्देश्य बागरी समाज को संगठित कर सामाजिक, शैक्षणिक और राजनीतिक स्तर पर सशक्त बनाना तथा समाज के लोगों को एक मंच पर जोड़कर उनके हितों की प्रभावी रूप से आवाज उठाना रहा। बैठक के दौरान

प्रदेश अध्यक्ष परशुराम सिसोदिया ने संबोधित करते हुए कहां की आज पूरे मध्य प्रदेश से पदाधिकारी एकत्रित हुए हैं इसी प्रकार पूरे प्रदेश में समाज को एकता के साथ काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जब समाज एकजुट होकर कार्य करेगा तो हर लक्ष्य को आसानी से हासिल किया जा सकेगा। युवाओं को समाज के कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया और कहा कि आज के युवा सोशल मीडिया के माध्यम से भी समाज में एकता और जागरूकता का सकारात्मक संदेश दे सकते हैं।साथ ही उन्होंने धर्मशाला को लेकर नगर निगम द्वारा पूर्व में दिए गए नोटिस और उस पर की गई कार्रवाई को लेकर समाज में आक्रोश होने की बात कही। उन्होंने कहा कि शाम को नोटिस दिया गया और सुबह ही नगर निगम द्वारा कार्रवाई कर दी गई, जो पूरी तरह अनुचित है।

## न्यूज-कॉलम

### कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**मन्दसौर।** यशोधर्मन थाना क्षेत्र के महू-नीमच हाईवे रोड़ पर सिंदपन मोड़ के पास कार की टक्कर से एक्टीवा सवार की मृत्यु हो गई। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी कार क्र. एमपी 43 सीबी 7892 के चालक के विरूद्ध बीएनएस की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार यह दुर्घटना 14 मार्च को करीब ढाई से तीन बजे के बीच की है। इस घटना की रिपोर्ट मो. रिजवान पिता फरीद हुसैन निवासी बही पार्श्वनाथ थाना पिपलियामंडी ने की है कि कार नं. एमपी 43 सीबी 7892 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर एक्टिवा स्कूटी नं. एमपी 14 जेडजी 7783 को टक्कर मार दी जिससे फरीद हुसैन पिता मो. हुसैन मंसूरी उम्र 50 वर्ष निवासी बही पार्श्वनाथ को गंभीर चोटें आने से उसकी मृत्यु हो गई।

### आपसी रंजिश के चलते ऑटो चालक पर हुआ जानलेवा हमला

**मन्दसौर।** जिले के सीतामऊ क्षेत्र में रविवार की दोपहर आपसी रंजिश के चलते एक ऑटो चालक पर जानलेवा हमले की वारदात सामने आई है। जानकारी के अनुसार, ऑटो चालक मुरसलीम शेख दोपहर के समय सवारी लेकर लदुना की ओर जा रहा था, तभी रास्ते में बाइक सवार बदमाशों ने उसका रास्ता रोक लिया व गाली-गलौज करते हुए लठ और चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में मुरसलीम के सिर और पेट पर गहरी चोटें आई हैं, जिसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय मंदसौर भर्ती किया गया। मुरसलीम शेख ने हमले का आरोप सीतामऊ निवासी रियाज उर्फ सोनू, शाकिर, जुनैद, जाबिर, अल्फेज, गुलाम रसूल और अयाज पर लगाया है। बताया जा रहा है कि दोनों पक्षों के बीच दो दिन पहले भी विवाद हुआ था। इसी रंजिश को लेकर रविवार को फिर से हमला किया गया। बताया गया है कि इस विवाद में दूसरे पक्ष से युवक जुनैद भी घायल हुआ है, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### आवारा कुत्तों के हमले से बंदर की हुई मौत

**नीमच।** शहर के टोलीफोन एक्सचेन्ज के पास शुक्रवार सुबह कुछ आवारा कुत्तों ने एक बंदर पर हमला कर दिया जिससे बंदर की मौत हो गई। मौसम में बदलाव और तापमान वृद्धि के साथ जंगली जीव शहर वह आबादी क्षेत्र में आने लगते हैं ऐसे ही बंदरों का एक झुंड शहर के टेलीफोन एक्सचेंज क्षेत्र के आवासीय कॉलोनी के सम ऐप पास पहुंचे भंडारो के झुंड में से एक बंदर पर कुत्तों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया जिससे वह गंभीर घायल हो गया कुछ युवकौ ने उसे बचाने व उपचार के लिए ले जाने का प्रयास किया लेकिन अन्य बंदरों ने खतरा समझकर युवकों पर झपटे जिससे युवक वहां से चले गएद्य इसके बाद घायल बंदर की कुछ समय बाद मौतहो गई।

### जिला युवा प्रेस क्लब के होली मिलन व सम्मान समारोह संपन्न

**नीमच।** जिला युवा प्रेस क्लब द्वारा रविवार को रोटरी भवन, में पत्रकार सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान किया गया और पत्रकारिता की भूमिका, चुनौतियों तथा बदलते दौर में तकनीक के प्रभाव पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्य अतिथि जावद विधायक ओमप्रकाश सकलेचा ने कहा कि आने वाले वर्षों में स्वास्थ्य सेवाओं में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) की भूमिका बढ़ जाएगी। उन्होंने कहा कि नीमच का डीएनए तरक्की का है और देश को विकसित बनाने में मीडिया की सकारात्मक भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

### विहिप निकालेगी सामाजिक समरसता संत यात्रा

**नीमच।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा मालवा प्रांत के मंदसौर विभाग में हिन्दू समाज में सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने और भेदभाव तथा अस्पृश्यता को समाप्त करने के उद्देश्य से सामाजिक समरसता संत यात्रा का निकालने का निर्णय लिया गया है। उक्त जानकारी देते हुए जिला सामाजिक समरसता प्रमुख दिनेश शर्मा व जिला अर्चक पुरोहित पं रामअवतार शर्मा ने दी।

**सूचना**
समाचार पत्र में समाचार प्रकाशन व विज्ञापन के लिए संपर्क करें
मोबा. 9977755777
7771090777



### शिवना शुद्धिकरण अभियान में एक ट्राली कचरा और प्लास्टिक निकाला

**मन्दसौर।** शिवना शुद्धिकरण अभियान के 95वें दिन रविवार को आयोजित श्रमदान में समाजसेवियों और युवाओं ने हिस्सा लिया। श्रमदानियों ने लगभग दो घंटे की कड़ी मेहनत के बाद नदी से एक ट्रॉली कचरा और प्लास्टिक की थैलियां बाहर निकालीं। इसके साथ ही नदी तट पर तेजी से फैल रही गाजर घास को भी उखाड़ा गया, जो नदी के प्राकृतिक सौंदर्य को प्रभावित कर रही थी। इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक विपिन जैन ने उपस्थित श्रमदानियों से कहा कि शिवना नदी मन्दसौर की पहचान है और इसे स्वच्छ रखना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने अभियान के अब तक के परिणामों को उत्साहजनक बताया और घोषणा की कि आने वाले दिनों में इस कार्य को और अधिक गति प्रदान की जाएगी। विधायक ने समस्त नगरवासियों से आह्वान किया कि वे प्रत्येक रविवार सुबह 7.30 से 9.30 बजे के बीच इस पुनीत कार्य में अपना योगदान देने अवश्य पधारें। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, महिला नेत्रियां और विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ताओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

### वॉलीबॉल प्रशिक्षक अभिषेक सेठिया बने म.प्र. टीम के मुख्य कोच



**मन्दसौर।** स्थानीय वॉलीबॉल प्रशिक्षक अभिषेक सेठिया को 26वीं यूथ राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की बालिका टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति मध्य प्रदेश वॉलीबॉल एसोसिएशन के सचिव और वॉलीबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के कोषाध्यक्ष हरि सिंह चौहान द्वारा की गई है। 15 से 20 मार्च तक भुवनेश्वर, ओडिशा में इस राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। अभिषेक सेठिया की इस उपलब्धि पर वॉलीबॉल एसोसिएशन के संरक्षक अनिल कियावत, अध्यक्ष नरेंद्र सिंह चौहान और जिला खेल अधिकारी विजेंद्र देवड़ा, एसोसिएशन सचिव त्रिभुवन कविश्वर आदि ने बधाई दी है।

### प्रभात फेरी के साथ हुआ भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव का शुभारंभ



**मन्दसौर।** सकल सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान श्री झूलेलाल के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मन्दसौर में उत्सव का वातावरण निर्मित हो गया है। कार्यक्रमों की कड़ी में सिंधु आराधना मंदिर से भव्य प्रभात फेरी का शुभारंभ हुआ, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, महिलाएं और बच्चों ने अपार उत्साह के साथ भाग लिया। आयो लाल झूलेलाल के जयकारों और मधुर भजनों के साथ प्रभात फेरी नगर के विभिन्न मार्गों से निकली, जहाँ श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ नृत्य किया। प्रभात फेरी का नगर के विभिन्न परिवारों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। समाज के प्रमुख व्यक्तियों के निवास स्थानों पर आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ भगवान की अगवानी की गई। इस दौरान मुरली भाई परवानी और पप्पी दीदी द्वारा धार्मिक विधि-विधान और अरदास संपन्न कराई गई। सिंधी जनरल पंचायत के अध्यक्ष वासुदेव सेवानी सहित अन्य पदाधिकारियों ने लाभार्थी परिवारों को झूलेलाल जी की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया। पूरी प्रभात फेरी के दौरान सिंधी समाज की एकता और अटूट श्रद्धा के दर्शन हुए, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया।

### सकल ब्राह्मण समाजजन का होली मिलन समारोह कल 17 मार्च को

**पिपलियामंडी।** भगवान परशुराम की महती कृपा से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष स्थानीय सकल ब्राह्मण समाज के तत्वाधान में कल 17 मार्च को स्थानीय गायत्री शक्तिपीठ परिसर में रंग तेरस के पावन अवसर पर सामूहिक गोठ (सामूहिक भोज) का आयोजन रखा जायेगा। इसी संबंध में सभी विप्र बंधुओं से आग्रह है कि यदि किसी कारणवश किसी परिवार तक सूचना नहीं पहुँच पाई हो या आपके आसपास कोई नए ब्राह्मण / विप्र बंधु परिवार आकर रहने लगे हों और उन्हें अभी तक इस आयोजन की जानकारी नहीं मिली हो, तो कृपया उनकी सूचना समाज के कार्यकर्ताओं तक पहुँचाएँ या उन्हें भी इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए प्रेरित करें। इस अवसर पर प्रातः 11 बजे रंग तेरस सायं चार बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सायं 6 बजे सामूहिक भोज आदि होने वाले कार्यक्रमों में बच्चों, युवाओं एवं मातृ शक्ति की सहभागिता भी अपेक्षित है। यह एक सामूहिक सामाजिक आयोजन है, जिसे सफल बनाने के लिए समाज को आप सभी के सहयोग और उपस्थिति की आवश्यकता है। जब हम अधिक से अधिक संख्या में एक साथ उपस्थित होंगे, तभी हमारी एकता, आपसी भाईचारा और समाज की शक्ति भी स्पष्ट रूप से दिखाई देगी।

### महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

**मन्दसौर।** मन्दसौर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भवन में महिला एवं बच्चों के विरुद्ध होने वाले अपराधों पर केंद्रित एक दिवसीय जिला स्तरीय अभियोजन कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। लोक अभियोजन संचालनालय भोपाल के मार्गदर्शन में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य अभियोजन अधिकारियों को गंभीर अपराधों में सशक्त पैरवी करने हेतु तकनीकी और कानूनी रूप से अधिक सक्षम बनाना था। कार्यशाला का शुभारंभ प्रधान जिला न्यायाधीश अनीष कुमार मिश्रा के विधिक उद्बोधन के साथ हुआ।प्रशिक्षण के दौरान विशेष न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और डिजिटल व साइबर फोरेंसिक साक्ष्यों के न्यायिक मूल्यांकन पर विस्तृत व्याख्यान दिया। वहीं, विशेष न्यायाधीश श्रीमती शिल्पा तिवारी ने पॉक्सो अधिनियम और ऑनलाइन अपराधों की बदलती प्रकृति के बारे में अधिकारियों को जागरूक किया। सहायक जिला अभियोजन अधिकारी चंद्रकांत नाफडे ने अंतरराष्ट्रीय बाल संरक्षण मानकों और सर्वोच्च न्यायालय के दिशा-निर्देशों पर प्रकाश डाला। इस कार्यशाला में जिले के समस्त वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे, जिन्हें पीड़ित पक्ष को शीघ्र और प्रभावी न्याय दिलाने के गुर सिखाए गए।



## अवैध रूप से गैस सिलेंडर से वाहनों में गैस भरने वाला आरोपी गिरफ्तार

**ब्यावरा।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर थाना पुलिस ने अवैध रूप से गैस सिलेंडरों का भंडारण कर वाहनों में गैस भरने वाले आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की, थाना प्रभारी उमाशंकर मुकाती के नेतृत्व में पुलिस बल ने हीरबाबा रोड खिलचीपुर स्थित प्रेम टेंकर होटल के पास आरोपी के घर दबिश दी इस दौरान आरोपी श्याम पिता धनराज मालाकार 40 वर्ष इमली स्टेंड खिलचीपुर के पास से गैस सिलेंडर से वाहनों में गैस भरने में उपयोग की जाने वाली मशीन और गैस सिलेंडरों का अवैध भंडारण पाया, आरोपी के कब्जे से भारत गैस कंपनी का 1 भरा हुआ गैस सिलेंडर, 6 खाली गैस सिलेंडर एवं 1 गैस रिपलिंग मशीन कुल कीमत करीब 38 हजार रुपये का माल जप्त किया आरोपी द्वारा बिना किसी अग्निशामक यंत्र एवं सुरक्षा व्यवस्था के आवासीय क्षेत्र में गैस सिलेंडरों का भंडारण कर आमजन के जीवन को खतरे में डाल रहा था आरोपी के विरुद्ध धारा 287 बीएनएस एवं 3बटा7 आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार किया प्रकरण में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही जारी है।

## अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन की नवीन कार्यका रिणी का किया गठन

**महिदपुर रोड।** अखिल भारतीय पोरवाल युवा संगठन की नवीन



कार्यकारिणी का गठन अध्यक्ष गौरव मांदलिया ने संगठन के संस्थापक राजेंद्र संघवी सुरक्षा गोविंद डबकरा प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र डबकरा राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया प्रदेश महामंत्री संजय मुजावदिया कोषाध्यक्ष धीरज डबकरा आदि वरिष्ठ पदाधिकारी की सहमति से विस्तार किया। नवीन कार्यकारिणी में जिले के विभिन्न शहरों गांव के युवाओं को विभिन्न दायित्वों सौंपे गये महिदपुर रोड नगर से ऋतिक पोरवाल को उपाध्यक्ष, निलेश धनोतिया को कोषाध्यक्ष , हरीश पोरवाल को संगठन मंत्री तथा अंकित कारा को प्रभारी मंत्री बनाया गया नियुक्ति पर नगर के युवाओं ने हर्ष व्यक्त किया।

## महिला समूह द्वारा संचालित चाचाखेड़ी टोल प्लाजा का विधायक ने किया अवलोकन




**आगर मालवा।** आगर जिले में महिला समूह संगठन द्वारा संचालित चाचाखेड़ी टोल प्लाजा का स्थानीय विधायक मधु गहलोत ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने टोल संचालन कर रही महिलाओं से चर्चा कर उनके कार्यों की सराहना की तथा भविष्य में हर संभव सहयोग का आश्वासन भी दिया। उल्लेखनीय है कि चाचाखेड़ी टोल प्लाजा का संचालन आजीविका मिशन के अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के संगठन द्वारा किया जा रहा है। प्रदेश सरकार की पहल पर महिलाओं को विभिन्न विभागों से समन्वय के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह जिम्मेदारी महिला समूह को सौंपी गई है। सड़क परिवहन निगम के माध्यम से हुए करार के तहत टोल संचालन का कार्य महिलाओं को दिया गया है। महिला समूह द्वारा पिछले ढाई वर्षों से टोल का सफल संचालन किया जा रहा है, जो महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक उल्लेखनीय उदाहरण बनकर सामने आया है। 2 सितंबर 2023 से संचालित इस टोल प्लाजा के माध्यम से महिला समूह द्वारा अब तक लगभग 2 करोड़ रुपये का शुल्क संग्रह किया जा चुका है। टोल से प्राप्त कमीशन के माध्यम से 15 महिलाओं को प्रतिमाह नियमित रोजगार प्राप्त हो रहा है, जिससे उनकी आय में वृद्धि हुई है और वे आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। इस अवसर पर विधायक मधु गहलोत ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रदेश सरकार के महिला सशक्तिकरण के प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है, जिसमें महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर नई मिसाल प्रस्तुत कर रही हैं।

## अघोषित विद्युत कटौती से जिला कांग्रेस अध्यक्ष सिंह ने एसी को अवगत कराया



**ब्यावरा।** राजगढ़ में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के नेतृत्व में जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधीया राजगढ़ एवं पूर्व विधायक सारंगपुर कृष्ण मोहन मालवीय तथा अन्य कांग्रेस पदाधिकारियों के साथ विद्युत विभाग राजगढ़ में पहुंच कर ग्रामीण क्षेत्रों में की जा रही बिजली कटौती की समस्या से एसी को अवगत कराया अभी छात्र छात्राओं की परीक्षा चल रही हे बिजली कटौती से उनको अध्ययन में परेशानी हो रही हे एवं किसानों की फसल भी नहीं बिकी की वो बकाया चुका सके इसलिए छात्र छात्राओं के हित में एवं क्षेत्र के ग्रामीणों की बिजली सुविधा के लिए बिजली कटौती न की जाए जिस पर एसी ने कहा कि शासन के सख़्त निर्देश हे कि किसी भी हाल में वसूली की जाय जो शासन की जनता के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शा रहा हे कि किसान के बेहाल समय में वसूली के नाम पर उनकी बिजली कटौती कर छात्र छात्राओं के भविष्य अंधकारमय बनाने की कोशिश की जा रही बिजली के अभाव में किसानों को परेशान किया जा रहा है।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन, आपसी रजामंदी से हल हुए न्यायिक प्रकरण

# समझौते से निपटे विवादित मामले, लंबे समय से अलग रह रहे पति-पत्नी में करवाई सुलह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर





राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजीव कुमार आपटे के मार्ग दर्शन में तहसील विधिक सेवा समिति सारंगपुर द्वारा शनिवार को लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 11 बजे भारत माता एवं राष्ट्र पिता महात्मा के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन लोक अदालत का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह, विशेष अतिथि जिला एवं सत्र न्यायाधीश चित्रेंद सिंह सोलंकी, न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खंड आकांक्षा कत्याल, न्यायाधीश महोदय वरिष्ठ खंड पल्लवी बंसल, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड अश्विनी गहलोत रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अभिभाषक संघ सारंगपुर अध्यक्ष पीएस मंडलोई ने की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी अधिवक्ता गणों से अधिक से अधिक राजीनामा करा कर सारंगपुर तहसील के रिकॉर्ड को और श्रेष्ठ करने का आग्रह किया।

### रजामंदी से हुआ निराकरण

लोक अदालत के दौरान जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय राहुल सिंह के न्यायालय में कुल 35 प्रकरण में राजीनामा हुआ, जिसमें विद्युत संबंधी प्री लिटरीगेशन के 125 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमें 1288000 रुपये की राशि जमा हुई। प्रवर्तन के 01 प्रकरण में राजीनामा हुआ, एमजेसी के 01 प्रकरण में राजीनामा हुआ, क्लेम के 01 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमें 690000 रुपए की राशि जमा हुई। विद्युत के 29 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमें 449000 रुपए की राशि जमा की गई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश चित्रेंद्र सिंह सोलंकी के न्यायालय में कुल 12 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। क्रिमिनल के 05प्रकरण थे जिसमें 1085845 रुपये की राशि जमा की गई। दो मोटर दुर्घटना के प्रकरण में 90000 रुपए की राशि जमा की गई। सिविल हिजरा के 5 प्रकरण में 11798658 रुपए की राशि जमा कर राजीनामा किया गया। वरिष्ठ खंड न्यायाधीश आकांशा कत्याल के न्यायालय में कुल 70 प्रकरणों में राजीनामा हुआ। लोक अदालत में 09 वर्ष पुराने प्रकरणों को रखा गया था। जिसमें सभी बैंक के 10 प्रकरण में राजीनामा हुआ जिसमें 119118 रुपए जमा किए गए, और चेक बाउंस 138 के 19 प्रकरणों में राजीनामा हुआ जिसमें 4384739 रुपये की राशि जमा हुई। अन्य प्रकरण 23 राजीनामा हुआ। नगर पालिका के 15 प्रकरणों में राजीनामा हुआ जिसमें 98068 रुपए की राशि जमा की गई। हिंदू मैरिज संबंधी 08 प्रकरण में राजीनामा हुआ। वरिष्ठ खंड न्यायाधीश पल्लवी बंसल के न्यायालय में 24 प्रकरण में राजीनामा हुआ, 138के प्रकरण में 04 प्रकरण में में 1150600 की राशि जमा की गइ। क्रिमिनल के 20 प्रकरण में राजीनामा हुआ। कनिष्ठ खंड न्यायाधीश अश्विनी गहलोत के न्यायालय में 19 प्रकरणों में राजीनामा हुआ, क्रिमिनल 13 प्रकरण में, 138 के 2 प्रकरण में राजीनामा में 330000 रुपये की राशि जमा हुई। महिलाओं के संबंधित 04 प्रकरण में राजीनामा हुआ।



### पति पत्नी में करवाई सुलह

लंबे समय से पति पत्नी आपसी विवाद के कारण अलग रह रहे थे। दोनों के बीच विवाद के कारण न्यायालय में विगत 3 वर्ष से प्रकरण चल रहा था। लोक अदालत के अवसर न्यायालय में समझौते करने का प्रयास करते हुए अपने उत्कृष्ट सुलह कार्यप्रणाली से जिला एवं सत्र न्यायाधीश राहुल सिंह के द्वारा अलग रहे पति पत्नी के मध्य उपजे विवाद को आपसी सुलह से दोनों पक्षों में समझौता करवाया गया। रीना मेवाडा निवासी हाजीपुर जिनके अधिवक्ता ओपी विजयवर्गीय एवं देवकरण निवासी ब्यावरा मांडू जिनके अधिवक्ता सीके जैन थे। इनका प्रकरण न्यायालय के संज्ञान में लोक अदालत के समक्ष आया तब न्यायालय ने दोनों पक्षों को नोटिस जारी कर उपस्थित करवाया और उनके बीच के मन मुटाव को समझा और दोनों पक्षों की गलत फहमिओ को दूर करते हुए दोनों को समझाइश दी। दोनों साथ रहने को राजी हुए और खुशी खुशी एक दूसरे को माला पहना कर पुराने विवाद भूलने संकल्प लिया।

### खाचरौद में 213 प्रकरणों का निराकरण

खाचरोद

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं प्रधान जिला न्यायाधीश महोदय व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उज्जैन के निदेर्शानुशार तहसील विधिक सेवा समिति खाचरोद द्वारा न्यायालय परिसर खाचरोद में आज दिनांक 14.03.26 को नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रातः 10.50 बजे प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नीतूकांता वर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा, शैफाली सिंह व्यवहार न्यायाधीश वर्ग वरिष्ठ खण्ड, व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड पंकज बुटानी द्वारा दीप प्रज्वलित, माल्यार्पण कर एवं अभिभाषक संघ खाचरोद के अध्यक्ष प्रवीण पंड्या, अभिभाषक विद्युत मंडल कनिष्ठ यंत्री संजय मालवीय, समस्त बैंकों के बैंक मैनेजर, तथा नगरपालिका खाचरोद के समस्त पदाधिकारीगण एवम् न्यायालय खाचरोद के कर्मचारीगण द्वारा सरस्वती पूजन एवं माल्यार्पण कर लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका खाचरोद के शुभारंभ कार्यक्रम में न्यायालय के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे। आयोजित नेशनल लोक अदालत में नीतू कांता वर्मा प्रथम जिला एवं सत्र के न्यायालय मे, हिन्दू विवाह अधिनियम के 1 , क्लेम प्रकरण 05 एवं विधुत अधिनियम के 13, एमजेसी 05 इस प्रकार कुल 24 लंबित प्रकरणों का निराकरण किया गया। द्वितीय जिला न्यायाधीश नीरज शर्मा के न्यायालय से 01 क्लेम प्रकरण का निराकरण किया गया, न्यायाधीश शैफाली सिंह के न्यायलय के कुल 42 प्रकरण का निराकरण किया गया। पंकज बुटानी व्यवहार न्यायाधीश वर्ग 2 के न्यायालय के कुल 36 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिसमें 32 आपराधिक प्रकरण, 04 एन आई एक्ट के प्रकरण, नगर पालिका जलकर व दुकान किराया, जलकर, दूर संचार विभाग व बैंक रिकवरी के प्रिलिटिगेशन प्रकरण में से 47 तथा विद्युत के प्रीलिटिगेशन 63 प्रकरणों का निराकारण हुआ, इस प्रकार कुल 110 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें 1873449 रुपये प्राप्त हुए। न्यायालय में लम्बित प्रकरणों में से 103 प्रकरणों का निराकरण किया गया।

## कार व बाइक की टक्कर, दो की मौत

### एक सवार गंभीर रूप से घायल, कार में सवार थे दुल्हा दुल्हन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ शुजालपुर



आष्टा शुजालपुर मार्ग पर देहण्डी जोड के समीप शनिवार की शाम को कार व बाइक की टक्कर हो गई, इस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई तो एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद कार भी सड़क से नीचे उतर गई तथा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बताया जाता है कि कार में दुल्हा दुल्हन सहित अन्य कुछ लोग बैठे हुए थे। मिली जानकारी अनुसार कार क्रमांक एमपी 42 सी 5076 में सवार दुल्हा दुल्हन व अन्य शुजालपुर में आयोजित हुए मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह सम्मेलन में विवाह सम्पन्न होने के बाद जामनेर स्थित माताजी के दर्शन कर वापस देहण्डी की और आ रहे थे तभी देहण्डी जोड के समीप सामने से आ रही बाइक से कार टकरा गई। इस दुर्घटना में मुकेश पिता ओम गिर 45 वर्ष निवासी संगम मंदिर आष्टा, संतोष पिता मुल गिर 60 वर्ष निवासी मुडला थाना इछावर की मृत्यू हो गई। साथ ही अनमोल गिर पिता मुकेश गिर 17 वर्ष निवासी आष्टा गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाइक पर सवार उक्त लोग राणोगंज में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने के बाद वापस जा रहे थे। यह दुर्घटना इतनी तेज हुई कि कार के एयर बेग खुल गए और कार अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतर गई। पुलिस ने मृतकों के शव का परीक्षण सिविल अस्पताल शुजालपुर में करवाते हुए मर्ग कायम किया।

## बलात्कार के फरार आरोपियों को कालीपीठ पुलिस ने किया गिरफ्तार

**ब्यावरा।** थाना कालीपीठ पुलिस ने फरार चल रहे आरोपियों को गिरफ्तार किया पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि आरोपी नारसिंह पिता रमेश तंवर एवं गजन उर्फ गजराज पिता मोरसिंह तंवर, निवासी बांकपुरा ने उसे डरा-धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। पुलिस ने अपराध अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। घटना के बाद आरोपी फरार हो गए थे। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भेजा।

## महिदपुर को जिला बनाने की मांग पर कलेक्टर ने भेजा प्रतिवेदन, निर्णय शासन स्तर पर

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर

महिदपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर राज्य सरकार द्वारा मांगे गए अभिमत पर कलेक्टर उज्जैन ने भू-अभिलेख विभाग के प्रतिवेदन सहित पत्र राज्य शासन को भेज दिया है। वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रवक्ता अशोक नवलखा द्वारा महिदपुर को जिला बनाने की मांग को लेकर लिखित आवेदन दिया गया था। इस पर राज्य सरकार के लोक सेवा प्रबंधन विभाग, भोपाल ने कलेक्टर उज्जैन को पत्र भेजकर मामले में कार्यवाही करते हुए अभिमत प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। इसके बाद अपर कलेक्टर उज्जैन ने प्रभारी अधिकारी भू-अभिलेख उज्जैन के पत्र के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी (एसडीओ) महिदपुर के प्रतिवेदन की प्रति संलग्न कर शासन को अवगत कराया। पत्र में उल्लेख किया गया है कि किसी तहसील को जिला बनाने की कार्यवाही शासन स्तर पर प्रचलित एवं प्रस्तावित होती है तथा इस विषय में अंतिम निर्णय भी शासन स्तर पर ही लिया जाता है। कलेक्टर उज्जैन ने उक्त प्रतिवेदन की प्रति सहित पत्र मध्यप्रदेश शासन के राजस्व विभाग, वल्लभ भवन भोपाल के अवर सचिव को भेज दिया है। इसकी एक प्रति अशोक नवलखा को भी प्रेषित की गई है। उल्लेखनीय है कि महिदपुर को जिला बनाने की मांग लंबे समय से क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों द्वारा उठाई जाती रही है।

## एडवोकेट शफीक अंसारी का निधन

**सारंगपुर।** पर्यावरण प्रेमी एवं शिक्षक तारिक अंसारी के




पिता तथा सारंगपुर के वरिष्ठ अधिवक्ता समाजसेवी शफीक अंसारी(86) का शनिवार को दुखद इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर से शहर सहित आसपास के क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। वह काफी हंसमुख, मिलनसार एवं सरल प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। वह नगरपालिका में पूर्व पार्षद के साथ-साथ अंजुमन कमेटी के पूर्व सेकेटरी के पद पर भी जिम्मेदारी निभा चुके है। उनका जनाजा उनके स्वयं निवास से उठाया गया और दोपहर तीन बजे जनाजे की नमाज शकर कुइयां मस्जिद के पास अदा की गई। उसके बाद उन्हें समीप के कब्रस्तान में सुपूर्दे खाक किया गया। जनाजे के दौरान बड़ी संख्या में अधिवक्ता एवं समाजजन शामिल हुए और उनके जन्त में जाने की दुआएं मांगी।

## स्कूली बच्चों को करेंगे शैक्षणिक सामग्री का वितरण

**महिदपुर रोड।** सर्व प्रयास सामाजिक संस्था महिदपुर रोड द्वारा 16 मार्च को शासकीय प्राथमिक विद्यालय बरूखेडी के स्कूली छात्र-छात्राओं को गुड़ी पड़ वा के पावन पर्व पर शैक्षणिक सामग्री तथा मिठाई का वितरण ग्राम पंचायत की सरपंच निर्मला भरत जाट तथा संस्था के संयोजिका स्नेहलता कांठेड़ पूर्व जिला पंचायत सदस्य ब्राह्मण समाज की महिला समाज सेवी प्रमिला कमल किशोर त्रिवेदी तथा संस्था की सभी सदस्यों की उपस्थिति में किया जायेगा। उक्त जानकारी विद्यालय की शिक्षिका संगीता राठौर ने देते हुए बताया आयोजन में स्कूली बच्चों के माताओं को भी आमंत्रित किया गया है। संस्था द्वारा कन्या हाई स्कूल महिदपुर रोड में अध्यन रत पांच पितृ हीन कन्याओं को गोद लिया जाकर उनके सारे शैक्षणिक खर्च का दायित्व भी संस्था द्वारा वहन किया जा रहा है इन पांच पितृहीन कन्याओं में से एक छात्रा इस समय महाविद्यालय में उच्च शिक्षा मंत्री ग्रहण कर रही हैं।

## अलफेज ने रखा ज़िन्दगी का पहला रोजा

**बिछड़ौद।** रमजान माह में बड़ों के साथ साथ मासूम बच्चों भी रोजा रख खुदा की इबादत कर रहे। अलफेज पठान ने रखा ज़िन्दगी का पहला रोजा। तपती



धूप की परवाह किए बिना नन्हे मुन्ने बच्चों ने रोजा रखा। अल्लाह और उसके रसूल की रजा हासिल करने के लिए भूख और प्यास की शिद्दत बर्दाश्त की। रोजा रखने के साथ ही मस्जिद में जाकर नमाज भी अदा की। खुदा की खुशनूदी हासिल करने के लिए भीषण गर्मी में भूख और प्यास को बर्दाश्त किया। पहला रोजा रखने पर घर में खुशी का माहौल रहा। बेटे के पहले रोजे पर घर में खास पकवान तैयार किए गए। अलफेज ने खुदा और उसके रसूल की खुशी के लिए अपनी ज़िन्दगी का पहला रोजा रखा। इनके अलावा भी नगर में ऐसे अनेक बच्चे हैं, जिन्होंने जिंदगी का पहला रोजा रखा और दिनभर इबादत भी की। ये बच्चे नमाज पढ़ने के साथ ही कुरआन की तिलावत करते रहे। शाम को रोजा इफ्तार के दौरान अपने मनपसंद के लजीज खाने का मजा लिया। मम्मी पापा ने भी बच्चों की पसंद का पूरा ख्याल रखा।

## सुहागिन महिलाओं ने दशामाता की पूजा अर्चना कर पीपल वृक्ष की परिक्रमा की

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सारंगपुर





घर की खुशहाली बनाए रखने की कामना लेकर शुक्रवार को महिलाओं ने दशा माता का पूजन किया। महिलाएं अल सुबह से दशा माता पूजन, पीपल की पूजा करने के लिए धार्मिक और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचीं। पीपल के पुराने वृक्षों वाले स्थलों पर अलसुबह से महिलाओं की खासी भीड रही।

सिद्धक्षेत्र खेड़ापति हनुमान मंदिर परिसर में पीपल के वृक्ष के समीप हाथों में पूजा थाल लिए मंगल गीत गाते हुए समूह के रूप में महिलाओं ने श्रद्धा से दशा माता पूजन किया। महिलाओं ने पूजा के तहत पीपल वृक्ष की दस बार परिक्रमा करते हुए सूत का धागा लपेटा और फिर कुमकुम, मेहंदी लगाते हुए माताजी के नाम की ओढी चढाई। इस दौरान आटे और हल्दी से बनी सोलह शृंगार की सामग्री अर्पित की। इसके अलावा धूप दीप के साथ आरती उतारते हुए मिठाई एवम नारियल का भोग लगाया। पश्चात मंदिर पुजारी पं विप्र पवन ब्रज जगदीश पारीक द्वारा उपस्थित महिलाओं को कथा श्रवण करवाई।

### घर लाए सोना

परंपरा के अनुसार महिलाएं दशा माता की पूजा करने के बाद छोटी उंगली से पीपल के तने से सूखी छाल का टुकडा उखाडती है। छाल के इस टुकडे को महिलाएं सालभर घर में सोने की तरह संजोकर रखती है, जिसे सोना ही कहा जाता है। मान्यता है कि ऐसा करने से घर की दशा अच्छी बनी रहती है।

ब्यावरा

राजगढ़ जिले के ब्यावरा शहर में आज चैत्र मास के कृष्ण पक्ष की दशमी के पावन पर्व पर सुहागिन महिलाओं ने पीपल की वृक्ष की विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की तथा कच्चे डोरे से पीपल के वृक्ष की परिक्रमा की। इस अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने दशामाता की कथा का श्रवण किया और विश्व शांति के साथ साथ अपने परिवार की खुशहाली व समृद्धि की कामना की।




# फ्रेंडशिप-पाइपलाइन से अप्रैल तक सप्लाई होगी, ईद से पहले ईंधन की किल्लत खत्म

## भारत से 45,000 टन डीजल खरीदेगा बांग्लादेश

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

बांग्लादेश ने अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए भारत से अतिरिक्त डीजल इम्पोर्ट करने का फैसला किया है। अप्रैल तक भारत से कुल 45,000 टन डीजल बांग्लादेश पहुंचेगा। इसमें से 5,000 टन की पहली खेप पहुंच चुकी है, जबकि अगली खेप 18 या 19 मार्च तक पहुंचने की उम्मीद है। बांग्लादेश पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन के जनरल मैनेजर (ऑपरेशंस) मोहम्मद मुर्शिद हुसैन आजाद ने बताया कि 40,000 टन अतिरिक्त डीजल के इम्पोर्ट का प्रस्ताव मिल चुका है। लेटर ऑफ क्रेडिट और अन्य फॉर्मेलिटीज पूरी होते ही यह खेप भी अप्रैल तक आ जाएगी। भारत और बांग्लादेश के बीच डीजल की सप्लाई को आसान बनाने के लिए मार्च 2023 में 'भारत-बांग्लादेश फ्रेंडशिप पाइपलाइन' का उद्घाटन किया गया था। इसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना और भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया था।

इससे पहले डीजल की सप्लाई रेल वैगनों के जरिए होती थी, जो काफी खचीर्ली और समय लेने वाली प्रक्रिया थी। हालांकि, पिछले साल बांग्लादेश में हुए राजनीतिक बदलाव और मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के दौरान इस पाइपलाइन से सप्लाई रुक गई थी।




### तारिक रहमान सरकार के आते ही बदली स्थिति

बांग्लादेश में हाल ही में हुए चुनावों के बाद जब प्रधानमंत्री तारिक रहमान की सरकार ने सत्ता संभाली, तो भारत के साथ ऊर्जा सहयोग फिर से पटरी पर लौट आया है। पिछले कुछ दिनों में ही पाइपलाइन के जरिए 5,000 टन डीजल की सप्लाई फिर से शुरू कर दी गई है। यह डीजल भारत की सरकारी कंपनी 'नुमालीगढ़ रिफाइनरी लिमिटेड' से सीधे बांग्लादेश के पार्बतीपुर डिपो भेजा जा रहा है।

### पश्चिम एशिया में तनाव से बढ़ी थी तेल की किल्लत

पश्चिम एशिया में चल रहे तनाव और इजराइल-ईरान जंग के कारण बांग्लादेश में ईंधन की कमी की आशंका पैदा हो गई थी। इसके चलते पेट्रोल पंपों पर भारी भीड़ जमा होने लगी थी और लोग पैनिक बाइंग कर रहे थे। स्थिति को संभालने के लिए सरकार ने तेल की बिक्री पर राशनिंग (सीमित बिक्री) लागू कर दी थी। अब भारत से सप्लाई बहाल होने के बाद सरकार ने यह पाबंदी हटा ली है। अधिकारियों का कहना है कि अब देश में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और घबराने की जरूरत नहीं है।

### ईद की छुट्टियों के लिए लिया गया फैसला

बांग्लादेश में ईद सबसे बड़ा त्यौहार है। इस दौरान लाखों लोग शहरों से अपने गांव जाते हैं। परिवहन व्यवस्था सुचारू रहे और आम लोगों को यात्रा में कोई दिक्कत न आए, इसलिए सरकार ने तेल की राशनिंग खत्म करने का फैसला लिया है। डीजल की उपलब्धता बढ़ने से बसों और अन्य वाहनों को ईंधन मिलने में आसानी होगी।

# एअर इंडिया-इंडिगो के बाद अकासा की भी टिकटें महंगी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

एअर इंडिया-इंडिगो के बाद अब अकासा एयर की फ्लाइट्स भी कल से महंगी हो जाएंगी। एयरलाइन कंपनी ने रविवार से सभी घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स पर फ्यूल सरचार्ज लगाने की घोषणा की है।

अकासा एयर ने कहा कि 15 मार्च को रात 12:01 बजे के बाद बुक किए जाने वाले टिकटों पर 199 रुपए से लेकर 1,300 रुपए तक का एडिशनल सरचार्ज वसूला जाएगा। मिडिल ईस्ट तनाव और अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच जारी जंग की वजह से जेट फ्यूल की कीमतों में भारी बढ़ोतरी के कारण यह कदम उठाना पड़ रहा है।

अकासा एयर के कहा कि अगर आपने 15 मार्च रात 12:01 बजे से पहले टिकट बुक कर लिया है, तो आपको अतिरिक्त पैसा नहीं देना होगा। यह सरचार्ज 'पर सेक्टर' यानी एक तरफ की यात्रा के हिसाब से लगेगा और इसकी राशि फ्लाइट की दूरी (फ्लाइट ड्यूरेशन) पर निर्भर करेगी।

स्पाइसजेट के फाउंडर अजय सिंह ने कहा कि अगर तेल की कीमतें इसी तरह ऊंची रहीं, तो एयरलाइंस के पास सरचार्ज लगाने के अलावा कोई चारा नहीं बचेगा। उन्होंने सरकार से मांग की है कि जेट फ्यूल पर लगने वाली एक्साइज ड्यूटी और वैट (श्अळ) में कटौती की जाए। उनके मुताबिक, तेल की कीमतें 90 डॉलर प्रति बैरल के पार जाना इंडस्ट्री के लिए खतरनाक है।

**इंडिगो:** फ्यूल की बढ़ती कीमतों के बोझ को कम करने के लिए देश की सबसे बड़ी एयरलाइन इंडिगो ने शुक्रवार को सरचार्ज बढ़ा दिया था। एयरलाइन ने घरेलू और इंटरनेशनल फ्लाइट्स की टिकटों पर ?425 से ?2300 तक सरचार्ज लगाया। कंपनी ने एक्स्ट्रा फ्यूल चार्ज के साथ टिकटों की नई कीमतें 14 मार्च रात 12 बजे से लागू कर दी थीं।

**एअर इंडिया:** एअर इंडिया 12 मार्च से घरेलू फ्लाइट टिकटों पर 399 रुपए का फ्यूल सरचार्ज लगा रही है। वहीं एयरलाइन ने इंटरनेशनल फ्लाइट्स के किराए में करीब 15 प्रतिशत की बढ़ोतरी की है। जेट फ्यूल के दाम लगातार बढ़ने से दुनियाभर की प्रमुख एयरलाइंस ने भी टिकटों के दाम बढ़ाए हैं। कई कंपनियां अपने विमानों को ग्राउंडेड करने का प्लान भी बना रही हैं।

# विदेशी-निवेशकों ने 15-दिन में भारतीय बाजार से 52,704 करोड़ निकाले

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारतीय शेयर बाजार में फॉरेन पोर्टफोलियो इन्वेस्टमेंट (ऋढक) की बिकवाली लगातार जारी है। मार्च के शुरूआती दो हफ्तों में विदेशी निवेशकों ने घरेलू इक्विटी बाजार से 52,704 करोड़ रुपए निकाले हैं। यह बिकवाली ऐसे समय में हुई है, जब मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ रहा है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के पार निकल गया है।



इससे पहले फरवरी महीने में एफपीआईएस ने बाजार में 22,615 करोड़ रुपए का निवेश किया था, जो पिछले 17 महीनों का सबसे ऊंचा स्तर था। लेकिन मार्च की शुरूआत से ही विदेशी निवेशक हर ट्रेडिंग दिन पर नेट सेलर्स बने हुए हैं। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इस भारी बिकवाली के पीछे कई वैश्विक और घरेलू कारण हैं। एंजेल वन के सीनियर फंडामेंटल एनालिस्ट वकारजावेद खान के मुताबिक, पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज रूट में सप्लाई प्रभावित होने के डर से ब्रेंट क्रूड 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर चला गया है। इससे निवेशकों ने जोखिम वाले एसेट्स से पैसा निकालकर सुरक्षित विकल्पों में लगाना शुरू कर दिया है। इसके अलावा डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए के 92 के स्तर के पार पहुंचना और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी ने भी दबाव बनाया है। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स के चीफ इन्वेस्टमेंट स्ट्रैटेजिस्ट वीके विजयकुमार ने कहा कि पिछले 18 महीनों में भारतीय बाजार ने विकसित और अन्य उभरते बाजारों के मुकाबले कम रिटर्न दिया है। इस वजह से विदेशी निवेशकों का रुझान भारत के प्रति कम हुआ है। उनके अनुसार, दक्षिण कोरिया, ताइवान और चीन इस समय भारत की तुलना में ज्यादा आकर्षक लग रहे हैं, क्योंकि हालिया गिरावट के बाद वहां वैल्युएशन सस्ता है और कॉर्पोरेट अर्निंग की संभावनाएं बेहतर दिख रही हैं। हालांकि, निवेशकों ने टेलीकॉम, ऑयल एंड गैस, मेटल्स और केमिकल्स जैसे सेक्टर्स में अपना निवेश बढ़ाया है, जो यह दर्शाता है कि पैसा अब डोमेस्टिक वैल्यू और कमोडिटी शेयरों की ओर शिफ्ट हो रहा है।




# सबालेंका-रायबाकिना में होगी खिताबी भिड़ंत

एजेंसी ▸▸ पटना

दो बार उपविजेता रह चुकीं आर्यना सबालेंका इंडियन वेल्स टेनिस टूनार्मेंट में अपने पहले खिताब के लिए रविवार को एलेना रायबाकिना से भिड़ेंगी। सबालेंका ने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को और रायबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को हराया। सबालेंका ने शुक्रवार को जीत हासिल करके 2026 में रिकॉर्ड 12-1 कर लिया। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में रायबाकिना से मिली थी। सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी। शुक्रवार देर रात हुए मुकाबले में चार ग्रैंड स्लैम विजेता और यहां शीर्ष वरीय बेलारूस की सबालेंका ने नोस्कोवा को एक घंटे 28 मिनट में 6-3, 6-4 से हराकर चार साल में तीसरी बार इंडियन वेल्स के महिला एकल के फाइनल में प्रवेश किया।

## पहले टी-20 में 92 रन का टारगेट मिला था, डेब्यू कर रहे मोकोएना को 3 विकेट

# साउथ अफ्रीका ने न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

साउथ अफ्रीका ने पहले टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हरा दिया। इसके साथ प्रोटियाज टीम ने टी-20 वर्ल्ड कप 2026 के सेमीफाइनल में मिली हार का बदला भी ले लिया।

15 मार्च को माउंट माउंगानुई के बे ओवल मैदान पर खेले गए इस मुकाबले में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय टीम के लिए सही साबित नहीं हुआ। कीवी टीम 14.3 ओवर में सिर्फ 91 रन पर ऑलआउट हो गई। इंटरनेशनल टी-20 में यह न्यूजीलैंड का 10वां सबसे छोटा स्कोर है।

जवाब में साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया और सीरीज में 1-0 बढ़त हासिल कर ली। सीरीज का दूसरा मुकाबला 17 मार्च को हैमिल्टन में खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड की बैटिंग फेल इस मुकाबले में न्यूजीलैंड के लिए जेम्स नीशम ने सबसे ज्यादा 21 गेंदों पर 26 रन बनाए। उनके अलावा कप्तान मिचेल सैंटनर ने 19 गेंदों पर 15 रन, कोल मैकॉन्ची ने 11 गेंदों पर 15 रन और बेवॉन जैकब्स ने 7 गेंदों पर 10 रन की पारी खेली।




हालांकि टीम के सात बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी साझेदारी 7वें विकेट के लिए हुई, जब नीशम और मैकॉन्ची ने 17 गेंदों में 26 रन जोड़े।

### डेब्यूटेंट मोकोएना ने 3 विकेट लिए

साउथ अफ्रीका के लिए डेब्यू कर रहे नकोबानी मोकोएना ने 3.3 ओवर में 26 रन देकर सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। वहीं जेराल्ड कूट्जी और ओटनील बार्टमैन ने 3-3 ओवर में 2-2 विकेट झटके। स्पिनर केशव महाराज ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए 4 ओवर में 25 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। इसके अलावा डियान फॉरेस्टर ने 1 ओवर में सिर्फ 4 रन दिए, हालांकि उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। 20 गेंद रहते टारगेट चेज किया 92 रन का टारगेट साउथ अफ्रीका ने 16.4 ओवर में हासिल कर लिया। कॉनर एस्टरहुइजन ने साउथ अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा 45 रन बनाए।

## स्वर्णिम पंच जड़ने को तैयार चार भारतीय मुक्केबाज

**बैंकॉक।** भारत के युवा मुक्केबाजों ने बैंकॉक में मुक्केबाजी फ्यूचर्स कप 2026 में शानदार प्रदर्शन जारी रखा। इसमें चंद्रिका, गुंजन, जॉयश्री देवी और अंबेकर मीतेई शनिवार को अपने सेमीफाइनल मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज करके फाइनल में पहुंच गए। महिलाओं के 51 किग्रा में चंद्रिका ने दूसरे दौर में रेफरी के मुकाबला रोकने से (आरएससी) नियम से मोरक्को की रिहाब हमदौने को हरा स्वर्ण मुकाबले में जगह पक्की कर ली। महिलाओं की 48 किग्रा में गुंजन ने कोरिया की यू ग्योंग किम को 5-0 के फैसले से हराया। जॉयश्री देवी ने मैक्सिको की सोफिया रामिरेज को हराकर फाइनल में जगह पक्की की।

# टीम इंडिया का नाम अब जीत की पहचान बना

एजेंसी ▸▸ मुंबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के चेयरमैन जय शाह ने भारत की जीत की मौजूदा लय की तुलना पहले की अजेय ऑस्ट्रेलियाई टीमों से करते हुए कहा कि टीम इंडिया नाम अब विश्व क्रिकेट में जीत की पहचान बन गया है।

भारतीय पुरुष टीम हाल ही में अहमदाबाद में न्यूजीलैंड को हराकर टी-20 विश्व कप खिताब बचाने वाली पहली टीम बनी थी। नवंबर में महिला टीम ने पहला विश्व कप जीता था।

बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह को एक निजी समारोह के दौरान खेल के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उन्होंने वैश्विक खेल में भारत की मौजूदगी पर कहा, एक समय था जब ऑस्ट्रेलिया का मतलब जीत होता था, वैसे ही आज टीम इंडिया का मतलब जीत है। अब यही हकीकत बन गई है।

आईसीसी प्रमुख ने टी-20 विश्व कप में भारत की जीत के लिए कप्तान सूर्यकुमार यादव और मुख्य कोच गौतम गंभीर को भी बधाई दी। उन्होंने साथ ही कहा, मैं सिर्फ टीम इंडिया को ही नहीं बल्कि दक्षिण अफ्रीकी टीम और इंग्लैंड की टीम को भी बधाई देना चाहता हूं जिन्होंने नॉकआउट चरण से पहले एक भी मैच नहीं हारा। और अंत में फाइनल में पहुंचने वाली न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम को भी। जिस तरह से उन्होंने प्रदर्शन किया और मैदान पर कड़ी मेहनत की, उन्हें भी बधाई।

### मयंक ने इतिहास रचा, बने पूर्वोत्तर के पहले ग्रैंडमास्टर

युवा खिलाड़ी मयंक चक्रवर्ती ने अपने उभरते करियर की आखिरी बाधा पार करते हुए अपना तीसरा और अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल कर लिया। इससे वह भारत के 94वें ग्रैंडमास्टर और पूर्वोत्तर से यह प्रतिष्ठित खिताब हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने होटल स्टॉकहोम नॉर्थ बाय फर्स्ट होटल्स चेस टैलेंट्स टूनार्मेंट के आठवें दौर में एक दौर बाकी रहते ही यह उपलब्धि हासिल कर ली। उन्होंने इस दौर में स्वीडिश आईएम फिलिप लिंडग्रेन को हराया। उन्होंने जरूरी 6.5 अंक जुटाए जो उनका अंतिम ग्रैंडमास्टर नॉर्म पक्का करने के लिए काफी थे। आखिरी दौर में उन्होंने इंग्लिश इंटरनेशनल मास्टर जोना बी विलो से ड्रॉ खेला और अपने सबसे यादगार प्रदर्शन पर मुहर लगा दी।

इस दौरान चक्रवर्ती ने 2500 ईएलको रेटिंग का अहम आंकड़ा भी पार कर लिया।

**आवश्यकता है**
कागज पत्तल बनाने हेतु पुरुष एवं महिलाओं की, पेपर ग्लास मशीन ऑपरेटर की, पैकिंग हेतु महिलाओं की, हेल्पर हेतु लड़को की
शीघ्र संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 इंडस्ट्रियल एरिया मक्सी रोड, प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

**कर्मचारी की आवश्यकता**
क्षिप्रा ढाबे पर अनुभवी वेटर हेल्पर
किचन हैल्पर तंदूर वाला और सिक्युरिटी गार्ड की तुरंत आवश्यकता है
पता- हरिफाटक फ्लाईओवर ब्रिज इंदौर रोड उज्जैन, 761-0571808

**तुरंत लोन**
होम लोन, बिजनेस लोन, ट्रांसफर्म लोन, पर्सनल लोन, ऑफिस वर्क, फील्ड वर्क के लिए गर्ल्स वेतन 10500 रु.
पता: श्री फाइनेंस सर्विस, हार फूल की गली, फ्रीगंज, उज्जैन
मो. 9981248359

**प्लाट बेचना है**
गणेशपुरा, मक्सी रोड, संजोग गेस एजंसी के सामने 19'x55' और 15'x55' साइज के प्लाट बेचना है । प्रस्तावित फोरलेन से मात्र 100 फिट की दूरी पर।
ब्रोकर बंधु कृपया क्षमा करे।
मो. 9131720147, 9424045696

**आवश्यकता है**
मार्केटिंग / सेल्समैन
वेतन 12000 से 15000 योग्यतानुसार
(समय प्रातः 7.30 से 6 बजे तक लन्च 1 से 2.30)
नोटः जरूरतमंद एवं अनुभवी की आवश्यकता
पेट्रोल खर्च अतिरिक्त दिया जाएगा
संपर्क
मो.9575477077

**आवश्यकता है**
कारखाने में (उज्जैन)
पैकेजिंग कार्य हेतु महिलाओं एवं आदमियों की
संपर्क करें
9300405252

**अवश्यकता है**
पेन्ट बनाने वाले कारीगरों की व शर्ट व सफारी बनाने वाले कारीगरों की आवश्यकता है।
मेमोरियल टेलर्स शहीद पार्क फ्रीगंज (उज्जैन)
मो. 9425094114

**आवश्यकता**
होटल हिमालया ग्रीन
खाना खजाना मक्खन वाला रेस्टोरेन्ट
देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
1- तवा रोटी बनाने वाले
2- वेटर
3- चायनीज एवं साऊथ इंडियन सेफ
10, ए विनय नगर देवास रोड, उज्जैन (म.प्र.)
मो. 9575279117

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**रेंट पर देना/आवश्यकता**
1- उज्जैन मेन रोड चिमनगंज मंडी के सामने 2400 स्क्वे. फीट का शोरूम रेंट पर देना है। ऑफिस, बैंक के लिए
2- साड़ी शोरूम पर सेल्सगर्ल व सेल्समेन की आवश्यकता है। वेतन 10000 से 20000 रुपए
संपर्क
9826398272

**कर्मचारियों की आवश्यकता है**
इंदौर में रियल स्टेट कंपनी के ऑफिस में महिला एवं पुरुष कर्मचारियों की आवश्यकता है। अनुभवी और फ्रेशर दोनों संपर्क करें, सेल्स एग्जीक्यूटिव एंड टेलीकॉलिंग
सुपर कॉरिडोर और विजयनगर इंदौर
मोबा. +91 89629 44070


**वॉटर प्रुफिंग**
करवाएं काफी कम रेट में
विजीट चार्ज 499/-
ईट का कॉवा वॉटर प्रूफिंग भी किया जाता है।
बदली के ड्रायवर की आवश्यकता हो तो संपर्क करें
9977140280

## न्यूज कॉलम

### बाइक फिसलने से ठेकेदार की मौत मुनिबाबा आश्रम के पास मिला था बेहोश

**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा थाना क्षेत्र में बाइक फिसलने से एक ठेकेदार की मौत हो गई। घायल हालत में मिलने के बाद परिजन उसे घर ले आए थे, लेकिन शनिवार शाम को तबीयत बिगड़ने पर अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। बाणगंगा पुलिस के मुताबिक रामनगर निवासी पूनमचंद (30) पुत्र मोहन साहू की शनिवार को सड़क हादसे में मौत हो गई। वह मकान निर्माण का काम करता था और नरवल क्षेत्र में अपनी साइट पर गया था। परिवार के अनुसार नरवल से लौटते समय मुनिबाबा आश्रम के पास उसकी बाइक फिसल गई, जिससे वह सड़क पर गिर पड़ा। वहां से गुजर रहे राहगीरों ने उसे देखा और उसके मोबाइल से परिवार को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो पूनमचंद बेहोश हालत में मिला। उसके शरीर पर ऊपर से कोई गंभीर चोट दिखाई नहीं दे रही थी। परिजन उसे पास के एक डॉक्टर के पास ले गए। जांच के बाद वह घर लौटकर सो गया। देर शाम अचानक उसकी तबीयत बिगड़ गई। इसके बाद परिवार के लोग उसे एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पूनमचंद के परिवार में उसके पिता मोहन साहू और एक छोटा भाई है। उसके पिता भी मकान निर्माण का काम करते हैं। जानकारी के अनुसार पूनमचंद की शादी करीब सात साल पहले हुई थी। पत्नी से लंबे समय से विवाद चल रहा था, जिसके चलते दो माह पहले ही दोनों का तलाक हो गया था। उसकी एक बेटी है, जो तलाक के बाद अपनी मां के साथ रह रही है। बाणगंगा पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर लिया है और घटना की जांच शुरू कर दी है।

### शादी समारोह में 4.80 लाख रुपए से भरा बैग चोरी, पुलिस को सांसी गैंग पर शक



**इंदौर।** इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में एक शादी समारोह के दौरान नाबालिग ने लाखों रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। घटना के दो दिन बाद पुलिस को सीसीटीवी फुटेज मिले हैं, जिनमें एक नाबालिग बैग लेकर जाता दिखाई दे रहा है। फुटेज के आधार पर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस को राजगढ़-ब्यावरा की सॉसी गैंग पर भी संदेह है, जो पहले भी इस तरह की वारदातों को अंजाम दे चुकी है। शिकायत के बाद शनिवार को वीडियो के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। बाणगंगा थाना पुलिस ने 67 वर्षीय हरीश कुमार झा निवासी विजयनगर की शिकायत पर 4 लाख 80 हजार रुपए की चोरी का मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार हरीश झा ने बताया कि 12 मार्च को मिलन सुंदरम गार्डन में उनके बेटे इंद्रजीत झा का शादी का रिसेप्शन था। समारोह के दौरान एक ग्रे-ब्लैक रंग के बैग में पर्स, एटीएम कार्ड और करीब 4 लाख 80 हजार रुपए नकद रखे हुए थे, जिसे कोई अज्ञात व्यक्ति चुराकर ले गया। एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच, राजेश दंडोतिया के मुताबिक हरीश झा ने बताया कि उन्होंने यह गार्डन दो दिनों के लिए किराए पर लिया था, जहां केटरिंग और अन्य व्यवस्थाओं का भुगतान किया जाना था। रात के समय दूल्हा-दुल्हन स्टेज पर थे और बाकी लोग कार्यक्रम में व्यस्त थे। इसी दौरान एक नाबालिग स्टेज पर चढ़ा और बैग उठाकर ले गया। रात में जब रुपए से भरा बैग स्टेज पर नहीं मिला तो गार्डन में मौजूद लोगों और परिचितों से पूछताछ की गई। बाद में जब शादी की रिकॉर्डिंग देखी गई तो उसमें एक बच्चा बैग लेकर स्टेज से उतरते हुए दिखाई दिया। इसके बाद गार्डन के सीसीटीवी कैमरों में भी वह बाहर जाते हुए नजर आया। फिलहाल पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने और उसकी तलाश में जुटी है।

### लिव-इन पार्टनर पर रेप का केस दर्ज पढ़ाई के दौरान हुई थी दोनों की पहचान

**इंदौर।** इंदौर के राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक युवती ने अपने दोस्त पर रेप का मामला दर्ज कराया है। युवती का आरोप है कि दोनों लिव-इन रिलेशनशिप में रहते थे और आरोपी ने शादी का झांसा देकर संबंध बनाए, लेकिन बाद में शादी से इनकार कर दिया। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार 31 वर्षीय युवती की शिकायत पर कपिल पुत्र देवेंद्र गलफट निवासी ग्राम सिरडी, जिला बैतूल के खिलाफ रेप का मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने एमएससी नर्सिंग की पढ़ाई की है। 2024 में पढ़ाई के दौरान उसकी कपिल से पहचान हुई थी। कुछ समय बाद कपिल ने जून 2024 में शिवसिटी इलाके में साथ रहने का प्रस्ताव रखा। इसके बाद दोनों वहां किराए के कमरे में लिव-इन में रहने लगे। युवती के अनुसार कपिल ने जल्द शादी करने का भरोसा दिया था। इसी दौरान कमरे पर उसने कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता ने कई बार कपिल से अपने परिवार से शादी की बात करने को कहा, लेकिन वह हर बार टालता रहा। पीड़िता के अनुसार 2026 की शुरुआत में कपिल उससे दूरी बनाने लगा। बाद में उसने साफ कह दिया कि वह शादी नहीं कर पाएगा और फोन उठाना भी बंद कर दिया। इसके बाद युवती अपने घर चली गई, लेकिन वह कपिल से शादी को लेकर संपर्क करने की कोशिश करती रही। युवती ने बताया कि इंदौर लौटने के बाद उसने कपिल से बात की तो उसने मिलने के लिए बुलाया। 13 मार्च को कपिल ने शादी का आश्वासन देकर उसके साथ संबंध बनाए। बाद में जब युवती ने शादी की बात की तो आरोपी उसे धमकाने लगा और कहा कि शादी के लिए दबाव डाला तो ठीक नहीं होगा। घटना के बाद युवती ने पूरी जानकारी अपने परिवार को दी। इसके बाद शनिवार को राजेंद्र नगर थाने में आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### वीआईपी पास दिलाने के नाम पर सोशल मीडिया पर मांगे जा रहे रुपए

**इंदौर।** संयोगितागंज थाना क्षेत्र स्थित नेहरू स्टेडियम में आयोजित सनातन क्रिकेट लीग को लेकर सोशल मीडिया पर ठगी के मामले सामने आए हैं। इस लीग का आयोजन प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर द्वारा किया जा रहा है, जिसके कारण लोगों में इसे लेकर काफी उत्साह है और बड़ी संख्या में लोग कार्यक्रम में रुचि दिखा रहे हैं। इसी लोकप्रियता का फायदा उठाकर कुछ असामाजिक तत्व लोगों से वीआईपी पास और अन्य एंट्री पास दिलाने के नाम पर पैसे मांग रहे हैं। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर कुछ लोग दावा कर रहे हैं कि उनके पास नेहरू स्टेडियम में बैठने के आधिकारिक वीआईपी पास उपलब्ध हैं और पैसे देने पर विशेष व्यवस्था के साथ प्रवेश दिलाया जाएगा। एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि सोशल मीडिया पर ऐसे कई मैसेज और पोस्ट तेजी से वायरल हो रहे हैं। इसी बीच एक व्यक्ति को इस तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिली, जिसके बाद उसने संयोगितागंज थाने में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत में बताया गया है कि कुछ लोग सोशल मीडिया के माध्यम से लोगों को गुमराह कर वीआईपी पास दिलाने का दावा कर रहे हैं और इसके बदले ऑनलाइन भुगतान की मांग कर रहे हैं। शिकायतकर्ता ने आशंका जताई है कि इस तरीके से कई लोगों के साथ धोखाधड़ी हो सकती है। मामले को गंभीरता से लेते हुए संयोगितागंज पुलिस ने लिखित शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे मैसेज और संबंधित अकाउंट्स की जानकारी जुटाई जा रही है। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि पास देने का दावा करने वाले लोगों का आयोजन से कोई आधिकारिक संबंध है या नहीं। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान व्यक्ति को ऑनलाइन पैसे भेजने से पहले पूरी जानकारी की पुष्टि जरूर करें।

# राजस्व वसूली में भी इंदौर नंबर-1

## नेशनल लोक अदालत में 103 करोड़ से ज्यादा का राजस्व नगर निगम में जमा हुआ

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

मिनी मुंबई कहे जाने वाले इंदौर ने केवल स्वच्छता में ही नहीं, बल्कि राजस्व में भी अपना परचम फहराया है। इंदौर नगर निगम में नेशनल लोक अदालत के दौरान 103 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व जमा किया है।

महापौर पुष्यमित्र भार्गव, नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल और राजस्व प्रभारी निरंजन सिंह चौहान ने बताया कि सीएम डॉ.मोहन यादव के निर्देशन में शहर में लगातार विकास काम के साथ-साथ हर क्षेत्र में काम किया जा रहा है।

उसी क्रम में आयोजित नेशनल लोक अदालत में शासन द्वारा दी जा रही छूट का लाभ लेते हुए इंदौर नगर निगम ने



उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 103 करोड़ रुपए से ज्यादा की राजस्व वसूली की है। निगम इंदौर में एक दिन में सबसे अधिक राजस्व जमा होने का रिकॉर्ड कायम हुआ है। इस उपलब्धि के साथ ही इंदौर नगर निगम प्रदेश की समस्त नगरीय निकायों में पहले स्थान पर रहा।

### 16 हजार से ज्यादा करदाराओं ने भरा संपत्तिकर

नेशनल लोक अदालत के अंतर्गत नगर निगम इंदौर में 16,759 करदाताओं ने संपत्तिकर सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए 99.28 करोड़ रुपए और 5276 जलकर उपभोक्ताओं ने सरचार्ज में छूट का लाभ लेते हुए 3 .83 करोड़ रुपए जलकर के रूप में जमा कराए गए। इस प्रकार कुल 103 करोड़ रुपए से ज्यादा का राजस्व जमा कर प्रदेश में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। महापौर ने कहा कि नगर निगम ने करदाताओं को शासन की छूट योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाया। निगम के सभी जोनल ऑफिसों पर विशेष व्यवस्थाएं की, जिससे ज्यादा से ज्यादा करदाता अपनी बकाया राशि जमा कर सकें। उन्होंने कहा कि शहर के विकास कामों में लोगों की भागीदारी काफी महत्वपूर्ण है और करदाताओं के समय पर कर जमा करने से शहर के विकास कामों को गति मिलती है।

## 11 मार्च से लापता 15 वर्षीय किशोर को पुलिस ने सुरक्षित ढूंढ निकाला

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में 11 मार्च से लापता 15 वर्षीय किशोर को पुलिस ने सुरक्षित ढूंढ लिया है। किशोर अपने घर कृष्ण विहार कॉलोनी से एक पत्र छोड़कर निकला था, जिसमें उसने परिजनों से चिंता न करने और अपने असली परिवार के पास जाने की बात लिखी थी।

दरअसल किशोर रुद्र धार्मिक प्रवृत्ति का बताया जा रहा है और वह अक्सर संतों के प्रवचन और धार्मिक वीडियो देखा करता था। पुलिस जांच में सामने आया कि वह सोशल मीडिया पर संतों के प्रवचन, खासकर प्रेमानंद महाराज के वीडियो-रील देखा करता था। जिसमें 11 मार्च को घर से निकलते समय वह क्रिकेट खेलने का बोलकर गया था और अपने साथ एक बैग लेकर गया था। वहीं जांच में यह भी सामने आया कि वह करीब 500 रुपए लेकर घर से निकला था।

## व्यापारी को लिफ्ट देना महंगा पड़ गया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर के विजयनगर थाना क्षेत्र में एक व्यापारी को लिफ्ट देना महंगा पड़ गया। स्कूटी पर बैठा युवक रास्ते में ही व्यापारी के बैग से दो सोने की चेन चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

विजयनगर पुलिस के अनुसार महालक्ष्मी नगर निवासी नमन वाघेला की शिकायत पर शनिवार को अज्ञात युवक के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया गया है। नमन सेनेटरी का व्यापार करते हैं।

**बाम्बे अस्पताल के पास मांगी थी लिफ्ट-** नमन वाघेला स्कूटी से बाम्बे अस्पताल क्षेत्र में गए थे। इसी दौरान रास्ते में एक युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी और कहा कि उसे देवास नाके तक जाना है।




तेज धूप होने के कारण नमन ने उसे स्कूटी पर बैठा लिया और देवास नाके के पास उतार दिया। इसके बाद वह बैंक होते हुए अपने घर चले गए।

**घर पहुंचने पर चोरी का पता चला-** घर पहुंचने के बाद नमन ने बैग में रखा सोने की चेन का बॉक्स निकाला तो उसमें रखी दोनों चेन गायब थीं। इसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले, जिसमें एक होटल के पास आरोपी युवक स्कूटी के पीछे टंगे बैग में हाथ डालते हुए दिखाई दिया।

## पुलिस कमिश्नर ने थाने का किया निरीक्षण

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने आज सदर बाजार थाने का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की कार्यप्रणाली, पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली का बारीकी से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान कमिश्नर ने खास तौर पर बीट सिस्टम की समीक्षा की और बीट में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों से बातचीत कर उनके कामकाज और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। पुलिस कमिश्नर ने बीट अधिकारियों से यह भी पूछा कि वे अपने क्षेत्र में किस तरह निगरानी रखते हैं, संदिग्ध गतिविधियों की पहचान कैसे करते हैं और किसी आकस्मिक स्थिति में कितनी जल्दी पुलिस टीम मौके पर पहुंचती है। साथ ही उन्होंने यह भी देखा कि किसी आपातकालीन सूचना मिलने पर पुलिस की गाड़ियां और अन्य संसाधन कितनी तेजी से सक्रिय होते हैं। निरीक्षण के दौरान संतोष सिंह ने पुलिस कर्मचारियों की क्षेत्रीय जानकारी को भी परखा और यह जानने की कोशिश की कि उन्हें अपने इलाके के संवेदनशील और हॉटस्पॉट क्षेत्रों की कितनी जानकारी है।

वीर हनुमान ज्योतिष दरबार
संकट मोचन के आशीर्वाद से हर काम होगा सफल
यहाँ हस्तरेखा जन्म पत्रिका देखकर जीवन के बारे में बताया जाता है
कारोबार में रुकावट | नौकरी में परेशानी | शादी में रुकावट
विदेश योग, पढ़ाई में रुकावट, पति-पत्नी में अनबन, संतान सुख, बनते-बनते काम बिगड़ना, ग्रह दोष, नज़र दोष, कालसर्प दोष घर में अशांति सभी कार्य विधि विधान से किया जाता है।
29 ए भवानीपुर कॉलोनी, गोल्डन स्कूल के पास अन्नपूर्णा रोड, इंदौर
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य मिले
फिस - 200 रु/-
समय: सुबह 9:00 से शाम 6:00 तक
मो. 9724383998

कैलाश ॐ शिव शंकर यात्रा प्राइवेट लिमिटेड
7/1 परदेशीपुरा, मैन रोड, इंदौर
9302065100 - 9827072550 - 9589614200
एक धाम जगन्नाथपुरी, गंगासागर, कोलकाता यात्रा विवरण
यात्रा सुविधाएं
- दो समय भोजन, एक समय चाय नाश्ता
- टूर गाइड सुविधा
- आवास हेतु (Non AC) 4 बेड वाले रूम की सुविधा
- टेम्पो ट्रैवलर अथवा बस द्वारा भ्रमण
- आने जाने की स्लीपर ट्रेन टिकट
यात्रा प्रस्थान - 11, 25 मार्च 8,17,29 अप्रैल 2026
- प्रथम दिवस : इंदौर रेलवे स्टेशन से प्रस्थान पुरी हेतु दोपहर 3 बजे
- दूसरा दिन : पुरी आगमन, रात्रि विश्राम पुरी
- तीसरा दिन : समुद्र स्नान, जगन्नाथ मंदिर दर्शन सिंह द्वार एवं कोणार्क सूर्य मंदिर, भुवनेश्वर में लिंगराज मंदिर रात्रि विश्राम ट्रेन अथवा स्लीपर बस में
- चौथा दिन: कलकत्ता आगमन गंगासागर में सागर स्नान, कपिल मुनि मंदिर दर्शन रात्रि गंगासागर
- पांचवा दिन :कालीमाता मंदिर, विक्टोरिया मेमोरियल, हावड़ा ब्रिज
- छठा दिन :कलकत्ता से वापसी ट्रेन
इस यात्रा के अंत में जो यात्री नेपाल काठमांड बनारस यात्रा करना चाहेंगे उनके लिए 6000 रु प्रति सवारी अतिरिक्त
3 सी यात्रा (एसी होटल एवं गाडी सहित) किराया 22,500 रु प्रति सवारी
यात्रा शुल्क 15,500 प्रति सवारी

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य , भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

स्थान परिवर्तन
नया स्थान : शॉप नं. 14 जगजीवन राम नगर, सोनी बिल्डिंग मटेरियल के पास, सोनी पेंट्स, एम.आई.जी. रोड, इंदौर
नवकार फार्मेसी मेडिकल शॉप
क्लिनिक : श्री गोपाल हड्डी रोग दवाखाना (हाड़ वैद्य) उज्जैन वाले
डॉ. एच.के. सिरोलिया
जोड़ एवं फ्रेक्चर हड्डी रोग विशेषज्ञ
मिलने का समय प्रति मंगलवार और शुक्रवार समय : दोप. 1 से शाम 5 बजे तक
Mob. 7000813235, 9669110800

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

पुरुषों की शक्ति वर्धक दवाईयाँ मिलती है
(25 वर्षों से आपकी सेवा में)
भास्कर आयुर्वेदिक
32, बहादुरगंज, उज्जैन समय- सुबह 11 से 3 बजे तक शाम 6 से 9 बजे तक मो. 98263-71718

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006,9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

उज्जैन में पहली बार मालवा का नया स्वाद
नया व्यंजन
दाल टिक्कड़
कोयले की आंच पर सीके हुए
पार्सल सुविधा उपलब्ध
होटल सांई दरबार
A PURE VEGETARIAN RESTAURANT
22, बख्तार मार्ग, होटल सांई पैलेस के पास, फ्रीगंज, उज्जैन
फोन नं. 0734-4061888 मो. 9009866000

मुद्रक/प्रकाशक सुरेन्द्र मेहता द्वारा अवन्तिका प्रकाशन के लिए अवन्तिका ऑफसेट, 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग, उज्जैन से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादक : सुरेन्द्र मेहता। फोन - उज्जैन : 0734-4041777, 9827771777, इन्दौर : 0731-4085777, 9827772777 e-mail : awantikapress@yahoo.com